राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ अनुष्का सेन ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट...



जया बच्चन का भाजपा सांसदों पर... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 21 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 289, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# दिल्ली में बारिश की संभावना, हिमाचल और हरियाणा में पारा शून्य के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में ठंड का असर जारी है। हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दिल्ली में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सुबह कोहरे की धुंध छाने से दृश्यता प्रभावित हुई है। आईएमडी ने 23 और 26 दिसंबर को दिल्ली में बारिश की संभावना जताई है। इससे प्रदूषण कम होगा।

मैदानी इलाकों में हरियाणा का हिसार सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि हिमाचल प्रदेश के भुंतर में तापमान शून्य पहुंच गया। राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी कड़ाके की सर्दी है। राजस्थान के करौली में तापमान 1.3 डिग्री दर्ज हुआ। सीकर और झुंझनू में पत्तों पर बर्फ जमी दिखी। माउंट आबू समेत 5 शहरों में पारा 4 डिग्री और मध्य प्रदेश के 12 शहरों में तापमान 8 डिग्री से नीचे है।



आईएमडी ने संभावना जताई है कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और झारखंड में कोहरे से दृश्यता प्रभावित हो सकती है। यहां शीतलहर भी चलेगी।आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश की संभावना है।जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में पारा शून्य के नीचे माइनस में है। यहां झरने और नदियां जमती दिख रही हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस है। लद्दाख के कारगिल में तापमान माइनस 13.5 डिग्री सेल्सियस है।

# भोपाल के जंगल में एक कार में मिला 52 किलो सोना

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में आयकर विभाग की जारी कार्रवाई के दौरान राजधानी भोपाल के करीब स्थित मेडोरा के जंगल में एक कार से



52 किलोग्राम सोना बरामद हुआ है। यह सोना किसका है और कहां से लाकर कहां ले जाया जा रहा था, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। राज्य में इन दिनों आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आयकर विभाग ने बिल्डर के भोपाल, ग्वालियर के अलावा इंदौर में कई ठिकानों पर दबिश दी। इसके साथ परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक के यहां भी तलाशी का अभियान चला। यह कार्रवाई चल रही थी कि गुरुवार की देर रात राजधानी के करीब रातीबड़ क्षेत्र में स्थित मेंडोरा के जंगल में एक लावारिस कार मिली। इस कार का कांच तोड़कर देखा गया तो उसमें 52 किलोग्राम सोना मिला। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग के दल ने पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह कार ग्वालियर नंबर की है।

## न्यूज डायरी

## कोहरे के चलते थमी ट्रेनों की रफ्तार, देरी से चल रही हैं 13 रेलगाड़ियां

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं. ऐसे में यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर पहुंचने से पहले ट्रेनों का लेटेस्ट स्टेटस चेक कर लें. ट्रेनों की ताजा अपडेट या लाइव स्थिति नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम या एनटीईएस पर देखी जा सकती है. एनटीईएस



एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है. गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत में ट्रेन देरी से चल रही हैं या फिर उन्हें कोहरे की वजह से कैंसिल कर दिया गया है. इससे पहले पहले बुधवार को 25 ट्रेनें लेट चल रही थीं, जबकि मंगलवार को कोहरे के कारण 16 ट्रेनों की रफ्तार थम गई थी। इससे पहले रेलवे ने कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से कैंसिल कर दिया था. इनमें ट्रेन संख्या 12097 अगरतला-खोंगसांग जनशताब्दी एक्सप्रेस,ट्रेन संख्या 12098 खोंगसांग-अगरतला जनशताब्दी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 07589 तिरूपति-कादिरिदेवरपल्ली स्पेशल,ट्रेन संख्या 07590 कादिरिदेवरपल्ली-तिरुपति स्पेशल, ट्रेन संख्या 19666 उदयपुर सिटी-खजुराहो एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस शामिल हैं।

## दिल्ली के स्कूल को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, दिसंबर में चौथा ऐसा मामला

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के स्कूलों को धमकी मिलने का सिलसिला नहीं रुक रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर द्वारका के दिल्ली पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।स्कूल प्रबंधन को गुरुवार रात को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। सुबह इसकी जानकारी होते ही प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी और स्कूल में कक्षाएं निलंबित कर



दी।पुलिस को जांच के दौरान स्कूल परिसर से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। फिलहाल जांच जारी है। धमकी मिलने के बाद स्कूल ने कक्षाओं को ऑनलाइन चलाने का निर्णय लिया है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की जानकारी जुटा रही है।इससे पहले मंगलवार को इंडियन पब्लिक स्कूल और दिलशाद गार्डन पब्लिक स्कूल को धमकी मिली थी। पुलिस ने स्कूल में 2 घंटे तक तलाशी ली थी, लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला।दोनों स्कूलों को भी ईमेल से धमकी भरा पत्र भेजा गया था। लगातार मिल रही धमकियों से अभिभावक भी चिंता में हैं।

8 दिसंबर को दिल्ली के 44 स्कूलों को ईमेल भेजकर धमकी दी गई और 30,000 अमेरिकी डॉलर मांगे गए थे। इसके बाद 13 दिसंबर को 16 स्कूलों को धमकी मिली। फिर 16 दिसंबर को 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।इनमें किसी भी स्कूल में धमकी देने वाले का पता दिल्ली पुलिस नहीं लगा पाई है। दिल्ली के रोहिणी इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल स्कूल के पास कुछ हफ्ते पहले धमाका भी हुआ था।

## 1971 से आगे बढ़ने का समय - शहबाज शरीफ से मुलाकात के दौरान यूनुस का उमड़ा पाकिस्तान प्रेम

**इस्लामाबाद ।** काहिरा में विकासशील देशों के डी-8 शिखर सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से मुलाकात की। यूनुस ने मुलाकात के दौरान 1971 में इस्लामाबाद से ढाका के अलग होने से जुड़ी शिकायतों को हल करने की इच्छा जताई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूनुस ने पीएम शहबाज से कहा, ये मुद्दे बार-बार सामने आते रहे हैं। आइए हम इन मुद्दों को सुलझा लें ताकि हम आगे बढ़ सकें। पाकिस्तान पीएमओ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया प्रधानमंत्री शहबाज ने डॉ. यूनुस के साथ बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग, विशेष रूप से व्यापार, लोगों के बीच संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की पाकिस्तान की गहरी इच्छा व्यक्त की।

# शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन नहीं चली संसद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा और विपक्ष के सांसदों ने अंबेडकर विवाद को लेकर जमकर नारेबाजी की। हंगामे को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। हालांकि, अंतिम दिन लोकसभा ने 'एक देश एक

**लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

चुनाव' से संबंधित 2 विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में भी कार्यवाही शुरू होने के बाद हंगामा शुरू हो गया, जिसके बाद कार्यवाही को 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

इसके बाद कार्यवाही फिर शुरू हुई, लेकिन हंगामा नहीं थमा।इसे देखते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रगीत के बाद कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। बता दें, लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कार्यवाही को स्थगित करने से पहले सांसदों को संसद परिसर और गेट पर प्रदर्शन न करने की चेतावनी दी।



# बंगले की रेकी पर संजय राउत बोले- हम डरते नहीं, यह उनका डर है

**मुंबई (आरएनएस)।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत के भांडुप में स्थित बंगले की दो अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे रेकी की। इस बीच संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा।



संजय राउत के घर के बाहर रेकी करते हुए दो शख्स सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

संजय राउत ने कहा कि ये पहली बार नहीं हुआ है। मेरे दिल्ली में घर की रेकी बार-बार होती रही है। मैंने इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि मुंबई के भांडुप में मेरे घर की आज सुबह दो लोगों ने रेकी की है। अज्ञात व्यक्ति बाइक पर आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस चाहते हैं कि जो उनके खिलाफ आवाज उठाएगा उसकी आवाज को दबा देंगे। संजय राउत ने कहा कि मुझे एक मामले में जेल में डाल दिया था, फिर भी में दबा नहीं। अब इस तरीके से अगर मेरी आवाज बंद करना चाहते हैं तो वो भी ना मुमकिन है। उनका कहना है कि पूरे राज्य की कानून-व्यवस्था खतरे में है। जब से तीन साल से एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की सरकार आई है, तब से राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है।

राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हत्याएं हो रही हैं। कुछ महीनों पहले मुंबई में बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि मुंबई में ऐसे-ऐसे गैंग हैं जिसको भाजपा के लोग ऑपरेट कर रहे हैं।

# आरजीवी ने किया अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी का विरोध, कहा- पुलिस श्रीदेवी को गिरफ्तार करने स्वर्ग जाएगी?

**मुंबई (आरएनएस)।** अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी को लेकर उठे विवाद के बीच फिल्म निमार्ता राम गोपाल वर्मा 'पुष्पा स्टार



के समर्थन में नजर आए। उन्होंने दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी से संबंधित एक घटना का जिक्र करते हुए सवाल उठाया। वर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। सोशल मीडिया पर अक्सर सक्रिय रहने वाले निर्देशक रामगोपाल वर्मा ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा कर कैप्शन में लिखा, हर स्टार को अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी का कड़ा विरोध करना चाहिए, क्योंकि किसी भी सेलिब्रिटी के लिए चाहे वह फिल्म स्टार हो या राजनीतिक स्टार, क्या उनके लिए लोकप्रिय होना कोई अपराध है?

रामगोपाल ने तेलंगाना पुलिस पर कटाक्ष करते हुए आगे लिखा, मेरी फिल्म 'क्षणम क्षणाम' की शूटिंग में श्रीदेवी को देखने आए लाखों लोगों की भीड़ में 3 लोग मारे गए थे, तो क्या तेलंगाना पुलिस अब श्रीदेवी को गिरफ्तार करने के लिए स्वर्ग जाएगी?

बता दें, हैदराबाद के संध्या थिएटर में 4 दिसंबर को पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान हुई भगदड़ में 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में अभिनेता को गिरफ्तार कर पुलिस ने एक स्थानीय अदालत में पेश किया था। अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर, क्राइम ब्रांच कर सकती है जांच

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 19 दिसंबर को सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच परिसर में धक्का-मुक्की हुई थी।इस दौरान भाजपा के 2 सांसद घायल हो गए थे, जिन्होंने धक्का-मुक्की का आरोप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर लगाया था और एफआईआर भी दर्ज करवाई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि राहुल के खिलाफ दर्ज हुआ यह मामला जांच के लिए दिल्ली

**संसद में धक्का-मुक्की मामला**

पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंपा जा सकता है।

19 दिसंबर की रात संसद मार्ग थाने में राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना), 131 (आपराधिक बल प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।दिल्ली पुलिस मामले के सिलसिले में पूछताछ के लिए राहुल को तलब कर सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी बैठक करेंगे। इसमें फैसला लिया जाएगा कि मामले को क्राइम ब्रांच को सौंपना है या नहीं। पुलिस



लोकसभा सचिवालय से धक्का-मुक्की वाले स्थान की सीसीटीवी फुटेज भी मांग सकती है। बता दें कि राहुल के खिलाफ एफआईआर में धारा 117 को छोड़कर सभी धाराएं जमानती हैं।धारा 117 में सजा चोट की गंभीरता पर निर्भर करती है, जो 7 साल से लेकर आजीवन कारावास तक हो सकती है।

आरोपों पर राहुल ने कहा, ये सदन का प्रवेश द्वार है और मैं अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, मुझे धकेल रहे थे, मुझे धमका रहे थे। वे लकड़ियां लिए थे और हमें रोक रहे थे। सीढ़ियों पर वे डंडा लिए खड़े थे। धक्का-मुक्की से कुछ होता नहीं है। संसद में जाना हमारा अधिकार है। भाजपा के सदस्य हमें अंदर जाने से रोक रहे थे।

19 दिसंबर को गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में इंडिया गठबंधन के सांसद संसद में मार्च निकाल रहे थे। इधर भाजपा सांसद भी मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।इस बीच दोनों पक्ष के सांसद आमने-सामने हो गए और नारेबाजी होने लगी। जब इंडिया के सांसद सदन में जाने लगे तो धक्का-मुक्की हुई और भाजपा सांसद मुकेश राजपूत और प्रताप सारंगी घायल हो गए। बाद में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**अनूठी पहल** | जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों पर दे रहीं अपनी सेवाएं, आधी आबादी के लिए बनीं प्रेरणास्त्रोत

# योगी सरकार की अनूठी पहल से महिलाएं संभाल रहीं प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की कमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ/लखीमपुर खीरी।** योगी सरकार आधी आबादी को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। ऐसे में प्रदेशभर में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। योगी सरकार द्वारा जल जीवन मिशन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हे ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पांच ट्रेड क्रमशः प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, पंप ऑपरेटर और मोटर मैकेनिक की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके अलावा प्रदेश की 4 लाख से अधिक महिलाओं को वॉटर टेस्टिंग की ट्रेनिंग दी गयी है। वहीं राजगिरी मिस्त्री की ट्रेनिंग दी जा रही। सीएम योगी की अनूठी पहल को साकार करते हुए लखीमपुर खीरी में 168 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग देने के साथ टूल किट वितरित की गयी। बता दें कि लखीमपुर खीरी पूरे प्रदेश में पहला ऐसा जिला होगा, जहां सबसे अधिक 168 महिलाएं प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की कमान संभालेंगी।

**प्रदेश में सबसे अधिक खीरी की 168 महिलाएं संभालेंगी प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की जिम्मेदारी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लखीमपुर खीरी में स्वयं सहायता समूह की 168 महिलाओं को चार दिवसीय प्रशिक्षण में प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी गयी। लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पूरे प्रदेश में 1,297 महिलाओं को प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, पंप ऑपरेटर,

- **प्रदेशभर में 1,297 महिलाएं दे रहीं हैं सेवाएं, अकेले लखीमपुर खीरी में 168 महिलाएं देंगी सेवाएं**
- **4 लाख से अधिक महिलाएं जांच रहीं पानी की गुणवत्ता, देश भर में पेश कर रहीं स्वावलंबी की मिसाल**

मोटर मैकेनिक और राजगिरी मिस्त्री की ट्रेनिंग दी गयी है। वहीं सीएम योगी की महिलाओं को जल मिशन के तहत रोजगार उपलब्ध कराने की अनूठी पहल को साकार करते हुए अकेले लखीमपुर खीरी में सबसे अधिक 168 महिलाओं को प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी गयी है। डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल के अनुसार अक्सर देखने में आता है कि पुरुष दिन में काम करने चले जाते हैं। इस दौरान घर की महिलाओं को पानी से संबंधित समस्या जैसे नल का खराब हो जाना, पानी न आना का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जब इसे ठीक करने पुरुष पहुंचते हैं तो वह असहज हो जाती हैं।

इसे देखते हुए महिलाओं को नल को रिपेयर करने, टंकी का संचालन और फिटर की ट्रेनिंग दी गयी है। इससे जहां घर में मौजूद अकेली महिला सहज होंगी तो वहीं दूसरी ओर ये महिलाएं दूसरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी।

**प्रशिक्षुओं को दी गयी निशुल्क टूल किट**

मिशन के तहत सभी महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद प्लंबर ट्रेड की टूल किट में हथौड़ी, ब्लेड, इंची टेप, टेपलान टेप, छेनी, पाइप रिंच वितरित किया गया। इसी तरह फिटर ट्रेड में पाइप रिंच, हथौड़ा, पेचकस, कटर, पंप पंप और ऑपरेटर ट्रेड के लिए प्लास, ब्लेड, कटर, पेचकस, टेस्टर, रिंच, टेप टूलकिट का वितरण किया गया।

प्रत्येक ट्रेड में 56-56 समूह की महिलाओं ने ट्रेनिंग प्राप्त की। डीएम ने बताया कि अटल सभागार में व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने के बाद तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम पंचायत कालाआम में सभी 168 महिलाओं की कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में फील्ड विजिट कराकर हैंड्सऑन ट्रेनिंग भी कराई गई। इन महिलाओं ने गांव की परियोजना को न केवल देखा और समझा बल्कि जमीन पर भी काम को करके देखा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# गार्गी त्यागी ने संभाला ईओ नगर पालिका डिबाई का अतिरिक्त चार्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**डिबाई (के0पी0 सिंह)।** डीएम के आदेश पर गार्गी त्यागी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अनूपशहर को वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में नगर पालिका परिषद डिबाई की अधिशासी अधिकारी (ईओ) का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है। गार्गी त्यागी ने नगर पालिका डिबाई पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंघल ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर गार्गी त्यागी ने कहा कि नगर क्षेत्र का विकास प्राथमिकता होगी। ईओ ने पालिका के अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर अवर अभियन्ता कुलदीप तोमर, सफाई निरीक्षक शमशाद अहमद, प्रभारी लेखाकार प्रमोद कुमार, लिपिक अनीस आदि सहित समस्त पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# लेखपाल की भ्रष्टाचारी और रिश्वतखोरी के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने शिकारपुर तहसील में तैनात लेखपाल खरगेश ने ग्राम कस्बा डड्डू पीतमपुर निवासी किसान राम प्रसाद आदि से 4 नवंबर 2020 में जमीनी पैमाइश मामले में प्लैटिना मोटरसाइकिल रिश्वत के रूप में ली थी उसके बावजूद भी किसान का काम नहीं किया 5 साल रहने के बाद लेखपाल खरगेश का ट्रांसफर दूसरे क्षेत्र में हो गया कुछ दिन बीतने के बाद फिर से इस क्षेत्र में अपनी



तैनाती करा ली फिर से किसानों का शोषण अवैध वसूली कर रहे हैं खरगेश लेखपाल जिसमें एक सप्ताह पूर्व तीन दिन लगातार कड़ाके की ठंड में किसानों ने तहसील परिसर में धरना दिया था उसके बावजूद भी लेखपाल के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई आज भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के नेतृत्व में फिर से अपर जिला अधिकारी महोदय बुलंदशहर जी को किस से ली मोटरसाइकिल के संबंध में जांच करा कर लेखपाल खरगेश के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई कराई जाए क्योंकि मोटरसाइकिल का बिल किसान रामप्रसाद के पास मौजूद है और हमने अधिकारियों को ज्ञापन के साथ संलग्न किया है कार्रवाई नहीं होने पर फिर से शिकारपुर तहसील परिसर में निश्चित कालीन धरना देने को मजबूर होना पड़ेगा साथ में बंटी सिंह लोधी, ललित तोमर, रविंद्र जादौन, बंटी सिंह जादौन, महेंद्र शर्मा, देवेंद्र सैनी, सरफराज , कुमारपाल सिंह, रामप्रसाद पुजारी, आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घने कोहरे में कार विद्युत खंभा से टकराई, हादसे में महिला घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मेरठ बदायूं हाईवे पर घने कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर कर विद्युत खंभा से टकरा गई। राहगीरों ने महिला को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। काली मशक्कत कर कार को सड़क से हटाया। वीरवार की सुबह घने कोहरे के कारण भगत जी होटल के पास मेरठ बदायूं हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर विद्युत खंभा से टकरा गई।



# पेड़ पर लटका मिला 20 वर्षीय युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर मानपुर मैं 20 वर्षीय मोनू पुत्र सुरेंद्र का शव शुक्रवार सुबह गांव के निकट एक खेत में लगें पेड़ से लटका मिला। गांव में यह सूचना आपकी तरह फैल गई, कुछ ही देर में घटनास्थल पर सैकड़ो की संख्या में लोगों का हज्जूम उमड पड़ा । लोगों ने शिकारपुर कोतवाली में सूचना दी। बताया जाता है कि उक्त युवक शिकारपुर नगर में एक दुकान पर मैकेनिक का काम करता था। उधर मोनू के परिवारजनों का आरोप है कि मोनू कि हत्या कि गई है ।वहीं परिजनों ने पुलिस से कहां कि हमें आत्महत्या कि आशंका है। मोनू कभी भी आत्महत्या नहीं कर सकता ।



शुक्रवार की सुबह रामपुर मानपुर के निकट एक खेत में एक पेड़ पर मोनू के गले में मफलर से फांसी पर लटका मिला। शव जांच पड़ताल के दौरान उसकी पहचान मोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी बीस वर्षीय गांव रामपुर मानपुर के रूप में हुईहै। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक/कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, ने बताया कि रामपुर मानपुर में मोनू पुत्र सुरेन्द्र ने एक पेड़ पर फांसी लगा ली थी परिजन आरोप लगा रहे है कि मोनू कि हत्या कि गई है ।

पुलिस के द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच कि जा रही है जांच में जो भी निकल कर सामने आयेगा उसके आधार पर कार्यवाही की जायेगी ।मोनू के परिवारजनों द्वारा मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी ।

# कोतवाली पर प्रशिक्षु सीओ ने व्यापारियों के साथ की बैठक, सुनी समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कोतवाली परिसर पर प्रशिक्षु सीओ/कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे ने व्यापारियों के साथ संवाद किया। व्यापारीयो ने अपनी समस्याए रखी तो

**सुरक्षा को करें मजबूत, दुकानों के अंदर बाहर लगवाए सीसीटीवी कैमरे, व्यापारियों को परेशानी हो तो पुलिस से करें शिकायत**

भाई पुलिस ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रभारी ने कहा कि व्यापारी अपनी अपनी दुकानों के आगे कैमरे जरूर लगवाएं। इससे पुलिस को भी काफी मदद मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सीसीटीवी कैमरे काफी आवश्यक हो गया है। कैमरे की मदद से कई घटनाओं का पर्दाफाश हुआ है तो कई घटनाएं होने से बची हैं। सीओ/कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय घने कोहरे को देखते हुए चोरी की वारदात बढ़ जाती है ।अतः व्यापारियों से निवेदन है विशेषकर सराफा व्यापारी से की वह सुरक्षा गार्ड नियुक्त करें,। बड़े व्यापारी सीसीटीवी कैमरे लगवाए व रात्रि में दुकान के बाहर लाइट का प्रबंध रखें । उन्होंने व्यापारियों से अपील की सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए व अनावश्यक रूप से कोई बड़ा वाहन बाजार में न आए जिसे जाम की स्थिति बने, व्यापारी अतिक्रम न करें। किसी भी तरह की घटना होने पर पुलिस को सूचना देने के लिए व्यापारियों से कहा गया। बैठक में सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय वर्मा ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही वह इन कार्यों को करवा देंगे। बैठक में उद्योग व्यापार मंडल भारत के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग,व्यापारी नेता मुकेश गर्ग,मोहित शर्मा, सुनील जैन, विशाल अग्रवाल,नितिन सिंघल,अशोक मित्तल, मनोज गर्ग, पप्पू सैनी आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



# 22 करोड़ की लागत से होगा शिकारपुर खुर्जा मार्ग का निर्माण, विधायक ने विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** विधायक पूर्व राज्यमंत्री अनिल शर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने

**विधानसभा के प्रमुख मार्गों के निर्माण कराने की अपील**

मुख्यमंत्री से विधानसभा क्षेत्र के अन्य विधानसभाओं से जोड़ने के प्रमुख मार्गों निर्माण को लेकर चर्चा की है।

शिकारपुर विधायक पूर्व राज्यमंत्री अनिल कुमार ने गुरुवार की शाम लखनऊ स्थित आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात पर विधानसभा तथा आसपास के क्षेत्रों की विकास संबंधी समस्याओं उन्हें अवगत कराया। जहां पर उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र शिकारपुर के प्रमुख मार्गो के निर्माण को लेकर निवेदन किया।जिसमें खुर्जा-शिकारपुर मार्ग, अहमदगढ़-पहासू सहित अहमदगढ़ से खेलिया-रिवाड़ा संपर्क मार्गों के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण कार्य के बारे में अवगत किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधायक को अवगत कराया की लोक निर्माण विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष की कार्य योजना में शामिल किया गया है। प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति द्वारा भी अनुमोदित कर दिया गया है। जल्द ही शासन आदेश जारी होने के बाद मार्गो पर निर्माण करना शुरू कराया जाएगा,हालांकि शुक्रवार को शासन की तरफ से खुर्जा से शिकारपुर मार्ग का शासन आदेश भी जारी कर दिया गया है।



# रेडक्रास सोसाइटी द्वारा क्षय रोग से पीडित 21 व्यक्तियों को पाँचवीं किस्त का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में रेडक्रास सोसाइटी द्वारा क्षय रोग से पीडित 21 व्यक्तियों को पाँचवीं किस्त का वितरण किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा सभी को संबोधित करते हुए बताया कि टी0बी0 की औषधी समय से एवं बिना नागा किये खानी है एवं दिये जा रहे पोषण को स्वयं खाना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा सभी सभी को अवगत कराया गया कि सभी को पोष्टिक आहार खाना है एवं क्षय रोग की दवा बीच में नहीं छोडनी है। क्षय रोग की निर्धारित अवधी में दवा खाने से क्षय रोग ठीक हो जाता है। कार्यक्रम में , सौरभ तेवतिया, डी0पी0सी0, हिमानी, पी0पी0एम0 एवं योगेश कुमार उपस्थित रहे।






# एसएसपी द्वारा (शुक्रवार) परेड की सलामी ली गई तथा पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्लोक कुमार द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया तथा थाना पुलिस का दंगा नियंत्रण यंत्रों के साथ तैयार होने का रेस्पास टाइम चैक किया गया एवं शस्त्रों को खोलना, अग्निशामक यंत्र प्रयोग करना, येलो टेप से घटनास्थल को संरक्षित करने आदि कवायत करायी गयी। परेड में सम्मिलित थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी/डायल-112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर नाइट चैकिंग रजिस्टर चेक किया गया तथा पीआरवी गाड़ी पर मेडिकल किट, घटनास्थल को सुरक्षित करने हेतु येलो टेप, रेस्पांस टाइम को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं व जीम व कैंटीन का निरीक्षण किया गया तथा आदेश कक्ष में संबंधित को दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन परिसर में हमेशा स्वच्छता रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने व अभिलेखों को अध्यावधिक कर संभालकर रखने सहित सरकारी वाहनों की समय-समय पर मेंटेनेंस/चैकिंग करने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।









# एसडीएम को भाकियू भानु गुट ने दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** तहसील में शुक्रवार को भाकियू भानू की मासिक बैठक संपन्न हुई जिसका ज्ञापन पत्र उपजिला अधिकारी को दिया। तहसील परिसर में शुक्रवार को किसान यूनियन भानु के किसानों ने बहुत से बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उप जिला अधिकारी दीपक कुमार पाल को ज्ञापन दिया गया। उपजिला अधिकारी को दिये गऐ ज्ञापन के माध्यम से निम्न समस्याएं अवगत कराई गई। जिसमें मंडी में हो रही घट तोली, लंबित पड़े दाखिला खारिज में रिश्वत लेना, खेतों की कुराबंदी में किसानों को परेशान करना, किसान की फसल का सब्सिडी नहीं देना, राजपुर गांव में पोखर पर अवैध कब्जे नहीं हटाना आदि सामिल हैं। इस अवसर पर चौ. अनूप सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजकुमार शर्मा प्रदेश सचिव चौधरी जोगिंदर सिंह राष्ट्रीय मंत्री धर्मवीर सिंह मीणा तहसील अध्यक्ष शिकारपुर भंवर सिंह मीणा तहसील उपाध्यक्ष हरिओम मीणा ब्लॉक अध्यक्ष राधा शर्मा तहसील अध्यक्ष महिला मोर्चा राजेश शर्मा तेजवीर मीना विशंभर मीना रिंकू आदि उपस्थित रहे।

## गुमशुदा की तलाश



**नाम:-रानी देवी**
**पति का नाम** - योगेंद्र सिंह
उम्र 65
**गुम होने की तिथि** -12.12.24
**निवासी:**- ग्राम अटेरना थाना पहासू, तहसील खुर्जा जिला बुलंदशहर
**मोबाइल:**-9481873695

## कार्यक्रम

## समारोह की अध्यक्षता बुद्वपाल सिंह "सजग" (पूर्व विधायक) ने की

# स्व.गुरुवचन सिंह गौड़ की 30वीं पुण्यतिथि पर प्रबंधक राजेश्वर पाल सिंह गौड़ संयोजन में भव्य कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गाँव पिपाला इखलासपुर के महबूब गौड़ इण्टर कालिज में वरिष्ठ पत्रकार एवं कालेज संस्थापक स्व. गुरुवचन सिंह गौड़ की 30वीं पुण्यतिथि पर प्रबंधक राजेश्वर पाल सिंह गौड़ जी संयोजन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बुद्वपाल सिंह "सजग" (पूर्व विधायक)ने की। मुख्य अतिथि सुशील कुमार शर्मा (पूर्व Saletex commissioner)व विशिष्ट अतिथि डा. गुलजार कुरैशी (चिकित्सक,शिक्षाविद समाजसेवी) व वरिष्ठ कवि मंगल सिंह मंगल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा गुरुवचन सिंह गौड़ के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मेरठ, पिलखुवा, खुर्जा, बुलंदशहर, औरंगाबाद , अगौताव आसपास के कवियों,पत्रकार,साहित्यकारों व ग्रामवासियों ने भाग लिया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवयित्री डा. साधना अग्रवाल की सरस्वती वंदना से शुरू हुआ। कवि सम्मेलन में इरफान सैफी,बाबा बुलंदशहरी,राजेश गोयल,श्रीमती बीना मंगल,कंछिद सिंह सरल,महाकवि डोरीलाल भास्कर,देवेन्द्र किशन"साजन",धर्मपाल"मित्रा" जय किशन"जय",मंगल सिंह "मंगल",डेजी रानी मिश्रा,गवेन्द्र पाल " सफर"(अध्यक्ष-अदबी एकता काउंसिल) आदि ने अपनी गीत,गजल,कविताओं से शमां बांध दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि एवं साहित्यकार इस्हाक अली "सुंदर" ने किया। इस अवसर पर कवयित्री डेजी रानी मिश्रा द्वारा लिखित पुस्तक खामोशियाँ का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि सुशील कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रति वर्ष कम से कम 10 बच्चों को राष्ट्र के लिए चरित्रवान बनाना है



तभी एक अच्छे राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मैं अपने चाचा जी गुरुवचन सिंह गौड़ जी की निडर पत्रकारिता और ईमानदारी का कायल हूँ और आज भी अपने जीवन में अपनाकर उनके बताये रास्ते पर चल रहा हूँ। आज सच को दबाया जा रहा है और चाटुकारिता की जा रही है,जोकि चिंता का विषय है।

समारोह अध्यक्ष बुद्वपाल सिंह "सजग" जी ने कहा कि गुरुवचन सिंह गौड़ जी से मेरा भी परिचय रहा। वे स्वच्छ छवि के इंसान थे तथा निडर पत्रकार थे। उनकी स्मृति में प्रति वर्ष जो आयोजन उनके पुत्र राजेश्वर पाल सिंह गौड़ एवं परिवारजनों द्वारा आयोजित किया जाता है, वो सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि डा.गुलजार कुरैशी ने कहा कि मैं एक डाक्टर हूँ,लेकिन चिकित्सा के साथ साथ मैंने बच्चों को शिक्षा देने एवं उनमें अच्छे संस्कार और तरबियत देने के मकसद से तीन स्कूल खोले हैं और अलीगढ़ एवं जामिया मिलिया इस्लामिया जैसी संस्थानों में पढ़ने के लिए बच्चों को तैयार करके भेजा जाता है ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी आई.ए.एस व आई.पी.एस बन सकें।आज महबूब इण्टर कालिज में मुझे गंगा-जमनी तहजीब देखने को मिली,जिसके लिए कालिज प्रबंधक राजेश्वर पाल सिंह गौड़ बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में सभी कवियों,पत्रकारों व अतिथियों को शाल,स्मृति चिन्ह,नववर्ष कलेण्डर,डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। राजेश्वर पाल सिंह गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सड़क बनी कूड़ा घर बदबू से जीना दूभर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना।** ब्लॉक ऊंचागांव क्षेत्र के अमरपुर गांव बाहर सड़क किनारे कचरे से दुर्गंध आ रही है। यहां पर सफाई और कचरा की नियमित उठान नहीं होने के कारण कचरे का ढेर लगा है। जिससे सड़क को कूड़ाघर बना दिया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारो को कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्षेत्र के अमरपुर गांव से खानपुर मार्ग और दूसरी तरफ जहांगीराबाद मार्ग पर सड़क के किनारे दोनों तरफ कचरा पड़ा है। जिसकी सफाई नहीं हो रही है। अब यह दुर्गंध छोड़ रहा है। इससे इसके आसपास के आम जनता और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि हर समय सड़क के दोनों तरफ गंदगी के ढेर लगा रहता है और आवारा पशु उसे बिखेरते रहते हैं।

# यमुना एक्सप्रेस व पर ईंटो से भरे ट्रैक्टर मे घुसी कार, 4 घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**जेवर (इनामुलहक)।** यमुना एक्सप्रेस व पर गांव दयानतपुर के पास शुक्रवार को एक ट्रैक्टर चालक के अचानक से ट्रैक्टर को मोड़ दूसरी लेन पर लेने से पीछे से आ रही कार उसमे जा घुसी। हादसे मे कार सवार 4 लोग घायल हो गए, जिनको गंभीर अवस्था मे कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, वहीं ट्रैक्टर पलटने से यमुना एक्सप्रेस व पर ईंट फैल गईं। सूचना पर एक्सप्रेस व के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर व इंटों को वहां से हटाया।

यमुना एक्सप्रेस व पर शुक्रवार को नॉएडा से आगरा जाने वाली साइड पर गांव दयानतपुर के पास इंटों से ओवरलोड एक ट्रैक्टर चालक ने अचानक से ट्रैक्टर को दूसरी लेन पर मोड़ दिया। जिससे पीछे आ रही एक कार उसमे जा घुसी। हादसे मे कार सवार ताजन, रईसुद्दीन, फुरकान व नईम निवासी गांव उस्मानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार चालक व ट्रैक्टर चालक को मामूली चोट आई। हादसा होने से ट्रैक्टर यमुना एक्सप्रेस व पर पलट गया, जिससे एक्सप्रेस व पर चारों ओर ईंट फैल गई और इन इंटों के कारण अन्य वाहनों के भी डिसबैलेंस होकर हादसा होने का खतरा बढ़ गया। हादसे की सूचना पर एक्सप्रेस व के सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंची और घायलों को कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया ओर ट्रैक्टर को जेसीबी मशीन की मदद से वहां से हटाया। साथ ही कर्मचारियों ने एक्सप्रेस व पर चारों ओर फैली ईंटो को वहां से हटाया।

**एक्सप्रेस व पर ओवरलोड इंटों से लदे ट्रैक्टर पर नहीं हो रही कार्यवाई**

यमुना एक्सप्रेस व पर दिन भर ओवरलोड ट्रैक्टर को दौड़ते हुए देखा जा सकता है। ट्रैक्टर चालक अधिक सामान लदने के लिए ट्रैक्टर की ट्रॉली को ऊंचाई मे डबल करा लेते हैं। जिससे ट्रैक्टर डिसबैलेंस होते हैं और लोड के कारण आगे से उठकर चलते हैं, इन ट्रैक्टरों के कारण काफी हादसे एक्सप्रेस व पर हो चुके हैं। बीच मे इनपर एक्सप्रेस व पर चढ़ने पर रोक भी लगा दी गई थी। एक्सप्रेस व पर दौड़ने वाले ओवरलोड ट्रैक्टरों पर कोई कार्यवाई नहीं होती नजर आ रही हैं।

# वीडियो कॉल के जरिए एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति को वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने वीडियो कॉल करने वाले को सूझ बुझ का परिचय देते हुए अपने आपको अरेस्ट होने बचाया। पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। नगर की राधेश्याम विहार फेस वन कॉलोनी निवासी अनिल त्यागी ने बताया कि दोपहर साढे तीन बजे के आसपास मेरे पास फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को साइबर क्राइम मुम्बई का अधिकारी बताया और कहा कि आपके मोबाइल नम्बर से एक अन्य सिम लिया गया है। और उससे कोई अपराध हुआ है। इसके बाद एक वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल करने वाले ने अपने आप को इंस्पेक्टर बताया और कहा कि आपने अपराध किया, इसलिए स्पष्टीकरण देना होगा। इसके बाद पीड़ित ने कहा कि यदि ऐसा है तो मै अपने नजदीकी थाने जाकर इसकी जानकारी करता हूं।

इसके बाद अचानक फोन कट गया। वीडियो कॉल करने वाले ने आधार कार्ड व अन्य कागजात दिखाने की मांग की थी। पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक मे 23 दिसंबर की सिसोली में होने वाली पंचायत पर की चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**नॉएडा।** भारतीय किसान यूनियन की मीटिंग कैंप कार्यालय श्री तिरुपति बाला जी ईट उद्योग दनकौर पर हुई जिसकी अध्यक्षता राजा राम जी एवं संचालन अजीत अधाना ने किया जिला अध्यक्ष रॉबिन नागर ने बताया किसानों के मसीहा चौधरी राकेश टिकैंत जी ने 23 दिसंबर को सिसौली में पंचायत कर आगे जो निर्णय लिया जाएगा उसी को लेकर आज मीटिंग करी गई थी।

सभी किसानों से कहा गया है कि अलर्ट मोड पर रहे जो भी घोषणा वहां से होगी हम सभी एकजुट होकर उसे पर अमल करेंगे जिला मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान ने बताया आज मीटिंग में किसानों की समस्याओं से संबंधित बात रखी गई और आगे की रणनीति बनाई गई आज भी आंदोलन जारी है और जैसा भी शीर्ष नेतृत्व द्वारा आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा इस मौके पर पवन खटाना राजीव मलिक सुरेंद्र नागर राजे प्रधान रॉबिन नागर धनीराम मास्टर विनोद शर्मा ललित चौहान सुनील प्रधान बेली भाटी कपिल तंवर भगत सिंह इंदीश चेची सोनू बैसला राकेश नागर परविंदर मावी कर्मवीर मावी सुरेंद्र मावी लाला यादव राजीव कुमार सोनू चौहान योगेश भाटी सूरज भाटी आकाश भाटी राजेश भाटी मोती मेहंदीपुर गुलफाम इरफान डॉक्टर जाकिर गुल हसन राहुल शर्मा ऋषि शर्मा जगत सिंह चाहत रामन नागर अजीत अधना धर्मपाल स्वामी विपिन कुमार वीरेश सिंह उदयवीर सिंह प्रमोद कुमार निरपाल सिंह पवन नागर श्याम सिंह संजय शर्मा सनी तंवर सत्यपाल सुभाष भीकारी प्रधान अर्जुन प्रधान राजमल शिवराज सिंह इंदर सिंह नितिन सागर लोहिया अजय भाटी अरविंद लोहिया धर्मेंद्र चपराना सोनू चौहान सचिन कसाना सत्ते भाटी भरत अवाना पीतम सिंह सुन्दर भूडा शक्ति सिंह आदि सैकड़ो किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कानून मंत्रालय ने लिया समाजसेवी की सलाह का संज्ञान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नॉएडा ।** शहर के समाजसेवी की अपील पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने संज्ञान लिया है , समाजसेवी एवं पर्यावरणविद डॉक्टर रंजन तोमर द्वारा लगातार विभिन्न जानवरों के शिकार पर कई वर्षों से व्यापक कार्य किया गया है , संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा की वन्यजीवों के संरक्षण में एक बड़ी बाधा यह आ रही है के राष्ट्रिय हरित न्यायालय अर्थात एनजीटी को वन्यजीव संरक्षण सम्बन्धी कानूनों को सुनने का अधिकार नहीं है , जबकि एक ट्रिब्यूनल होने के नाते सबसे आसानी से और त्वरित न्याय एनजीटी से ही मिलना संभव है , एक ट्रिब्यूनल आम कोर्ट की तरह ऐसे नियमों में नहीं बंधा होता जिससे आदेश आने में लम्बा समय लगे , दूसरी बात यह की विश्व भर में ज्यादातर हरित न्यायालयों में वन्यजीव संरक्षण को जंगल एवं पर्यावरण संरक्षण कानूनों के साथ शामिल किया गया है जो एक दूसरे के पूरक भी हैं।



**डॉ रंजन तोमर की अपील , वन्यजीव संरक्षण कानून, एनजीटी के अधिकारों में हो शामिल**

**कानून में बदलाव से घटेगा जानवरों का शिकार**

भारत की माननिय संसद ने अपने पारित कानून में यह कमी छोड़ दी थी , जिसके कारण जानवरों के खिलाफ शिकार में भारी कमी आएगी। ऐसे में तोमर ने यह मांग केंद्रीय कानून मंत्रालय से की थी जिसने अपने जवाब में कहा है की उनकी बात को संज्ञान में लेते हुए उसे नोट किया गया है आगे आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार तक पहुँचाया जाएगा। यदि कानून में अमेंडमेंट की जाती है तो यह देश ही नहीं दुनिया के लिए बेहद आवश्यक कदम होगा।

# एचडीएफसी बैंक के द्वारा सुरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में निःशुल्क जांच शिविर लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** एचडीएफसी बैंक के द्वारा सूरज भान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर मे ब्लड डोनेट , एवं निशुल्क नेत्र जांच स्वास्थ्य जांच शिविर का भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के बच्चे हमारे देश का भविष्य है और यही आगे चलकर हमारे देश का नाम रोशन करेंगे इन्हीं छात्र-छात्राओं में से कुछ योगी जी मोदी जी जैसे नेता बनेंगे कुछ बच्चे आई ए एस ,पीसीएस बनेंगे और कुछ बच्चे देश के लिए गोल्ड मेडल लाएंगे । उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि मोबाइल आज विद्यार्थियों की आवश्यकता तो है परंतु केवल काम के समय ही मोबाइल का इस्तेमाल करें बाकी समय विद्यार्थी मोबाइल से थोड़ा दूरी बनाकर मानसिक तनाव कम करें फिजिकल गतिविधियों पर ध्यान दें क्योंकि शारीरिक खेलकूद से शरीर स्वस्थ बनता है और एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इस जांच शिविर में इंटर कॉलेज के आचार्य ,कर्मचारी तथा सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया । इस कार्यक्रम के प्रोग्राम संयोजक सीनियर मैनेजर कुलदीप शर्मा एवं स्टाफ मेंबर नितेश शर्मा यशपाल सिंह विजय सिंह मनोज कुमार आदित्य राघव आकाश राघव पूजा तनेजा अंशु कुमार मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी एवं इंटर कॉलेज के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा मैनेजर अनिल कुमार मित्तल कोषाध्यक्ष सुशील कुमार मित्तल प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह प्रधानाचार्य प्रीति सिंह कैलाश चंद दुबे सहित सम्मानित लोग उपस्थित रहे।








**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र हरेन्द्र व पुत्र वधू श्रीमति प्रिया द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। हरेन्द्र व प्रिया द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**पप्पू पुत्र श्यामलाल**
**नि.मौ.भीमनगर,थाना हापुड़**
**देहात,तहसील व जिला हापुड़**

**सूचना**

मेरे अपने मकान के कागजात जो श्रीमती अनीता पत्नी चन्द्रपाल ने 15.05.2006 को श्रीमती शुकन्तला देवी पत्नी श्री ओमपाल को विक्रय की थी जिसका उपनिबन्धक सदर प्रथम कार्यालय बुलन्दशहर में इन्द्राज वही न0-01 जिल्द न0-3256 प्रष्ठ सं०-5974 क्रम स0 2745 दिनांक 15.05.2006 पर अंकित है। और दूसरा बैनामा जो श्रीमती शक्तला देवी ने श्रीमती सुधा देवी पत्नी मांगेराम सिंह को दिनांक 23.01.2008 को विक्रम किया था। जिसका इन्द्राज उपनिबन्धक कार्यालय में बही न0-1 जिल्दन 3753 प्रष्ठ सं0-343-386 को विक्रय किया था। जिसका क्रम सं0- 487 दिनांक 23.01.2008 पर अंकित हैं। कही खो गये हैं (गुम हो गये हैं)

**निशी देवी पत्नी श्री दुष्यन्त कुमार**
**म0न0-206 शान्ति निकेतन, कालौनी**
**डीएम रोड बुलन्दशहर**

**बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर**

बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम किर्रा के अन्तर्गत खुर्जा में प्रस्तावित खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना में स्थित भूखण्डों हेतु दिनांक 11.11.2024 से दिनांक 16.12.2024 तक प्राप्त आवेदनों हेतु भूखण्डों की नीलामी दिनांक 22.12.2024 को प्रातः 10:00 बजे से स्थल अलका मोटल, भूड चौराहा, बुलन्दशहर में करायी जा रही है। अतः सभी आवेदको से अनुरोध है कि दिनांक 28.12.2024 को 10:00 बजे उक्त स्थल पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

सचिव

# आईटीआई तथा हाई स्कूल, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु आगामी 21 दिसंबर 2024 को राजकीय आई0टी0आई0 निठारी में रोजगार मेले का किया जाएगा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर!** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा गौतम बुद्ध नगर के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी यज्ञ देव सिंह ने बताया कि प्रदेश के समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण तथा हाई स्कूल, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु 21 दिसंबर को राजकीय आईटीआई सेक्टर 31 निठारी नोएडा गौतमबुद्धनगर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद गौतमबुद्धनगर की नामी-गिरामी कंपनियां उपलब्ध रहेंगी। इस मेले में प्रदेश के समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण तथा हाई स्कूल, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक प्रतिभाग कर सकते हैं।

**शुभारंभ** पारंपरिक वेशभूषा में जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का किया गया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**जहांगीरपुर।** कस्बे में श्री राधा कृष्ण प्रचार मण्डल जहांगीरपुर के तत्वाधान में आयोजित 25 वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ कथावाचक आचार्य अतुल कृष्ण महाराज एवं कस्बे के चैयरमैन गजेन्द्र मीना जी एवं जयप्रकाश शर्मा पूर्व चैयरमैन नगर पंचायत जहांगीरपुर ने फीता काट कर किया।

कथावाचक आचार्य श्री अतुल कृष्ण ,महाराज के पावन सानिध्य में शिव मंदिर चौक से भव्य एवं पारंपरिक वेशभूषा में जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। कलश को भर कर लाने के बाद ढोल नगाड़ों एवं बैंड बाजों के साथ कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य अतुल कृष्ण जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है।

इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु.का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। श्री कुलभूषण शर्मा, ठा. अरविन्द सिंह, संजीव शर्मा, प्रियंक गौड, हनी वर्मा समेत हजारों श्रद्धालु कलश यात्रा में सम्मलित हुये चौकी इंचार्ज श्री शिवप्रताप जी ने भागवत स्थल पर कलश यात्रा पहुँचने पर फीता काटकर शुभारम्भ किया।

**कार्यालय नगर पंचायत छतारी**
**जनपद बुलन्दशहर**

पत्रांक 350/न0पं0छतारी/2024-25 दिनांकः-20.12.2024

**ई-निविदा सूचना**

समस्त फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत छतारी जनपद बुलन्दशहर द्वारा सीवरेज एवं जल निकासी मद में प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं जो ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 21.12.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 15.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एंव अपलोड की जा सकती है तथा कार्यो की निविदा स्केन अर्नेस्टमनी एंव निविदा शुल्क की मूल्य प्रति दिनांक 15.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक नगर पंचायत छतारी के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगी एंव उसी दिनांक अपराहन 02:00 बजे नगर पंचायत छतारी कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तो की भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एंव www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत छतारी
जनपद बुलन्दशहर।

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत छतारी
जनपद बुलन्दशहर।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में 9वें कम्प्रेहैन्सिव इम्प्लांट कोर्स के तीसरे मॉड्यूल का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में 9वें कम्प्रेहैन्सिव इम्प्लांट कोर्स के तीसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। यह सीडब्ल्यूएम इम्प्लांट्स, साउथ कोरिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 61 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस के विद्यार्थी और विभिन्न कॉलेजों के अध्यापक शामिल थे। जिसका उद्देश्य मरीजों के बीच इम्प्लांट्स के महत्तव के बारे में जागरूकता बढ़ाना था जिसके माध्यम से मरीजों के लापता दांतों को इम्प्लांट्स के जरिए लगाया जा सकें एवं रोगी को समग्र उपचार प्रदान कर सकें। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर प्रसिद्ध वक्ता डॉ भूषण शिंदे थे। कार्यक्रम के दौरान डॉ भूषण ने सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की। डॉ भूषण ने पहले और दूसरे दिन एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों को ओरल इंप्लांटोलॉजी उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में गहन जानकारी दी तथा इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए गाइडेड टिश्यू और बोन रिजनरेशन इंप्लांटोलॉजी विषय पर व्याख्यान भी दिया। इसके बाद खुली और बंद ट्रे इंप्रेशन तकनीकों का प्रदर्शन एवं हैंड्स-ऑन किया एवं टांके लगाने की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन एवं हैंड्स-ऑन भी किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के बारे में नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाअध्यन जिला काग्रेसकमेटी ने देश के मृहमन्त्री अमित शाह ने भारत रत्न डा० भीमराव अम्बेडकर जी के बारे मे बेहद आपति जनक व अपमान जनक टिप्पणी की ये केवल अपमान ही नहीं कार्यकर्ता इसकी निद्रा करते हैं यह करोडो भारतीय का घोर अपमान है। जो सविधान को मानते है। बाबा साहब को अपने प्रेरणा क्षौत के रूप में पूजते हैं। अतः इस ज्ञापन के माध्यम से केन्द्रीय गृहमन्त्री मांफी मागे कांग्रेस पार्टी स्तीफे की माग करती है इस मोके पर कांग्रेस पार्टी के सभी नेता मौजूद रहे विजय चौधरी महानगर अध्यनविजयपाल चौधरी राजेन्द्र शर्मा बलराज सिंह इत्यादि ।

# रवि धामा ने बेहटा रेलवे अंडरब्रिज के पास ट्रेन से घायल गौमाता को एम्बुलेंस से भिजवाया हरियाणा के झज्जर अस्पताल


बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोनी के बेहटा रेलवे अंडरब्रिज के पास से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रवि धामा गौसेवक को सूचना मिली कि एक गौमाता को ट्रेन ने टक्कर मार दी है और वह रेलवे लाईन से लगभग 15 फुट नीचे गहरे गड्ढे में गिर गयी है। और बुरी तरह से घायल है। रवि धामा भाजपा के मण्डल उपाध्यक्ष शिवम कुमार के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो गौमाता का एक सींग अलग हो चुका था और उसका कुल्हा भी टूट गया था। प्राथमिक उपचार हेतू लोनी पशु चिकितशालाय से डॉ सुखपाल ने डॉ हर्षित को भेजा। उन्होंने मौके पर जाकर गौमाता का प्राथमिक उपचार किया। गौमाता के मुँह से खून बह रहा था। गौमाता को बाहर निकालने का कोई रास्ता नही दिखाई दे रहा था। एक तरफ गहरा तालाब और एक तरफ 15 फुट ऊंचा रेलवे ट्रैक। फिर रवि धामा ने नगरपालिका में उपजिलाधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार को घटना से अवगत कराया। उन्होंने जेसीबी मशीन के लिए चीफ संजीव अवाना को कहा। फिर जेसीबी लेकर ऑपरेटर मुन्ना को मौके पर भेजा। रवि धामा ने हरियाणा के झज्जर स्थित गोकुल धाम गौचिकितशालाय से संजय डबास को एम्बुलेंस लेकर बुलाया। उनके बाद बंथला चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिर गौमाता को मोटे रस्से से बांधकर तालाब के बीच से जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। और उसके बाद गौमाता को उचित उपचार हेतू हरियाणा के झज्जर अस्पताल पहुंचाया गया। वँहा पर दर्जनों कॉलोनी वासी उपस्थित रहे जिन्होंने गौमाता को एम्बुलेंस में चढ़वाने में काफी मदद की।

# कृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह का सुंदर वर्णन किया गया जिसमें भगवान श्री कृष्ण की बारात का भी आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो










**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** हिंदी भवन में विश्व विख्यात कथा वाचक रसराज जी महाराज के द्वारा श्री कृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह का सुंदर वर्णन किया गया जिसमें भगवान श्री कृष्ण की बारात का भी आयोजन किया गया शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई यह यात्रा हिंदी भवन पर पहुंची जगह-जगह व्यापारी गण के द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया ।

कथा में महाराज जी ने श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया और रुक्मणी श्री कृष्ण के विवाह का पूरा वर्णन विस्तार से बताया श्री कृष्णा और गोपियों का महारास का दृश्य भी दिखाया चारों ओर वातावरण कृष्ण मय हो गया सभी हरे कृष्णा की धुन पर भक्तों द्वारा नृत्य किया गया। कथा में सौरभ जयसवाल समीर केसरवानी विपिन सिंघल पूनम सिंघल प्रवीण सिंघल पारुल सिंगल संजय सिंघल पूजा गर्ग साक्षी लव गुप्ता तन्वी आकाश चौधरी आदि शहर के प्रमुख गणमान्य लोग श्याम भक्त कथा में उपस्थित रहे।

# आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत सभी धर्मों को साथ लेकर चलते है: अशफाक सैफी

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**डासना (सोयब खान)।** आरएसएस चीफ मोहन भागवत का मंदिर मस्जिद को लेकर बड़ा बयान आया है. उन्होंने देश में मंदिर और मस्जिद को लेकर उठ रहे मुद्दों पर फिक्र का इजहार किया है. मोहन भागवत ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के बनने के बाद कुछ लोग ये मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदू नेता बन जाएंगे. इसे बिलकुल कबूल नहीं किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशफाक सैफी ने बताया कि आरएसएस के प्रमुख के मोहन भागवत जी सभी धर्म को एक साथ लेकर चलते हैं सैफी ने कहा शुक्रवार को आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत कहा मंदिर मस्जिद विवाद के फिर से उठने मुद्दे पर चिंता जताई सैफी ने बताया की इस बयान को लेकर मुस्लिम समाज आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत जी के बयान का समर्थन करते हुए खुशी जाहिर की मंदिर मस्जिद को लेकर क्या बोले मोहन भागवत ने आगे कहा कि हमें ये दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं, हम लंबे वक्त से एक साथ अच्छे से रह रहे हैं. अगर हम दुनिया को सद्भावना देना चाहता हैं तो हमें इसका एक मॉडल बनने की जरूरत है. इस दौरान भागवत ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि हर दिन एक नया विवाद उठाया जा रहा है. इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है राम मंदिर पर कही ये बात भागवत बोले कि राम मंदिर इसलिए बना क्योंकि वह आस्था से जुड़ा था।

हिंदुस्तान की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं. क्योंकि हम हिंदू हैं बाहर से आए कुछ ग्रुप अपने साथ कट्टरता लेकर आए हैं और वह चाहते हैं कि उनका शासन वापस आए. लेकिन अब देश संविधान के मुताबिक चलता है. लोग अपना कैंडिडेट चुनते हैं और वही सरकार चलाता है।

# एएमयू के प्रोफेसर रिजवान हसन को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अंतःविषयी जैव प्रौद्योगिकी इकाई के प्रोफेसर रिजवान हसन खान को अलीगढ़ के मंगलायतन विश्वविद्यालय में बायोफार्मास्युटिकल्स और मानव स्वास्थ्य के लिए अनुवाद संबंधी अनुसंधान में उभरते रुझानों पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ईटीबीटीआरएच-2024) में ह्ललाइफटाइम अचीवमेंट अवार्डह्व से सम्मानित किया गया है। उन्हें प्रोटीन जैव रसायन और मानव स्वास्थ्य के लिए अनुवाद संबंधी अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान, शिक्षा और उन्नति में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

प्रोफेसर खान ने अपने 26 वर्षों से अधिक के विशिष्ट शैक्षणिक करियर के साथ एक प्रख्यात वैज्ञानिक और शिक्षाविद के रूप में नाम कमाया है, और शिक्षण और अनुसंधान दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एक संरक्षक के रूप में, उन्होंने 29 पीएचडी शोधार्थियों, 70 से अधिक स्नातकोत्तर छात्रों, जिनमें कई एमडी उम्मीदवार और कई पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता शामिल हैं, का मार्गदर्शन किया है।

विज्ञान को आगे बढ़ाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उनके विपुल शोध आउटपुट में स्पष्ट है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनके 430 से अधिक प्रकाशित लेख शामिल हैं, जिनमें लगभग 17,200 की प्रभावशाली उद्धरण संख्या, 70 का एच-इंडेक्स और 395 का आई10-इंडेक्स शामिल है। उनके अभिनव योगदान के परिणामस्वरूप दो राष्ट्रीय पेटेंट प्राप्त हुए हैं, जो प्रभावशाली शोध को आगे बढ़ाने के लिए उनके समर्पण को दशार्ता है।प्रोफेसर खान की शोध रुचि में प्रोटीन बायोकेमिस्ट्री की समझ शामिल है, जिसमें प्रोटीन फोल्डिंग और मिसफोल्डिंग, एकत्रीकरण, एमाइलॉयड गठन, प्रोटीन-ड्रग इंटरैक्शन और संरचना-कार्य संबंध जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।उनके अध्ययनों ने एमाइलॉयड से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए चिकित्सीय दृष्टिकोण विकसित करने में योगदान दिया है, जिससे उनका शोध ट्रांसलेशनल मेडिसिन में अत्यधिक प्रासंगिक हो गया है।उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार और मान्यताएँ प्राप्त हुई हैं, जिनमें यूजीसी मिड-कैरियर अवार्ड (2018), मालवीय मेमोरियल अवार्ड (2020), और ह्लएम. विजयन लेक्चर अवार्ड (2022) शामिल हैं। उनके अन्य पुरस्कारों में वीनस इंटरनेशनल फैकल्टी अवार्ड्स (2018) द्वारा डिस्टिंग्विश्ड फैकल्टी इन साइंस अवार्ड वीनस इंटरनेशनल फाउंडेशन (2015) द्वारा डिस्टिंग्विश्ड साइंटिस्ट अवार्ड, करियर360 (2017-18) द्वारा भारत के सबसे उत्कृष्ट शोधकर्ता पुरस्कार और सर सैयद डे स्मारक बैठक (2015) में आउटस्टैंडिंग रिसर्चर ऑफ द ईयर अवार्ड शामिल हैं। उन्हें मुस्लिम एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ साइंस (2002) द्वारा यंग मुस्लिम साइंटिस्ट अवार्ड भी मिल चुका है।

उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फेलोशिप भी प्राप्त हुई हैं, जिनमें 2011 में प्रतिष्ठित कॉमनवेल्थ फेलोशिप, 2000 में ह्लबॉयस्कास्ट फेलोशिप, 2001 में आईएनएसए विजिटिंग फेलोशिप और 2002 में ह्लएसईआरबी विजिटिंग फेलोशिप शामिल हैं। प्रोफेसर खान ने कई प्रमुख प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है और वे बायोटेक रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया और ह्लद प्रोटीन सोसाइटी सहित कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक समितियों के फेलो सदस्य रहे हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना एक निःशुल्क योजना, किसी के बहकावें में ना आएं: पीओ डूडा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार पीओ डूडा,

**योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे की मांग करने वालों पर की जायेगी कानूनी कार्यवाही: पीओ डूडा जागरूक, सतर्क और सावधान रहे, गलत कार्य करने वालों की करें शिकायत: पीओ डूडा**




कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), गाजियाबाद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमन्त्री आवास (शहरी), एक निःशुल्क योजना है जिसने लाभार्थी से किसी भी प्रकार का कोई भी शुल्क जमा नहीं कराया जाता है।

पीओ डूडा ने बताया कि आम जनता से अपील की जाती है कि डूडा कार्यालय के बाहर इस प्रकार के किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के बहकावे में आने से बचे और यदि कोई व्यक्ति डूडा कार्यालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी एवं ए०एच०पी० तथा अन्य किसी भी आवासीय योजना में आवेदन कराने,लाभ दिलाने के नाम पर पैसे आदि की मांग करता है, तो इस सम्बन्ध में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करते हुए डूडा कार्यालय नगर निगम बेसमेन्ट नवयुग मार्किट गाजियाबाद में अथवा सम्बन्धित निकाय के कार्यालय में लिखित रूप से साक्ष्यों सहित अवगत कराये, जिससे कि असामाजिक तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जा सके। अतः सभी से अनुरोध है कि जागरूक, सतर्क और सावधान रहे, गलत कार्य करने वालों की शिकायत करें।

# "हिन्दुत्व से आर्यत्व की और" विषय पर गोष्ठी संपन्न, आर्य लिखने में गर्व करें: अतुल सहगल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्त्वावधान में "हिंदुत्व से आर्यत्व की ओर" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 684 वाँ वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने कहा है कि वर्तमान के समय में हिन्दू और हिंदुत्व विषय बहुत चर्चा में रहते हैं।उन्होंने हिन्दू और हिंदुत्व की परिभाषा प्रस्तुत की और हिन्दू शब्द का मूल सामने रखा।हिन्दू शब्द तो फारसी भाषा से आया है और इसका उस भाषा में बड़ा अपमानजनक अर्थ है --अनपढ़, उजड्ड, संस्कृति विहीन या असभ्य।क्या ऐसे शब्द का उपयोग करना किसी भी अवस्था में उचित ठहरता है? स्वामी दयानन्द ने अपने लेखों व भाषणों में कभी हिन्दू शब्द का प्रयोग नहीं किया। वे सदा आर्य शब्द का ही प्रयोग करते थे और आर्य का अर्थ है--सुसंस्कृत, शिक्षित,धार्मिक।भारत देश को उन्होंने आर्यावर्त्त कहकर सम्बोधित किया।हिंदुत्व से आर्यत्व की यात्रा आरम्भ हो चुकी है और इस यात्रा को प्रारम्भ करने वाले और कोई नहीं ऋषि दयानन्द ही थे।हम लोगों को अपनी बुद्धि का विकास करना होगा।प्रज्ञा बुद्धि को प्राप्त होकर हम सत्य और तथ्यों को सहजता से ग्रहण कर पाएंगे।धर्माचरण और योगाभ्यास के द्वारा हम अपनी सर्वांगीण उन्नति करें। व्यक्तिगत उन्नति का अर्थ है सामाजिक और राष्ट्रीय उन्नति। सब प्रकार का ज्ञान होते हुए भी हम लोग सत्य से भटक गए थे।अब हम जिस यात्रा में हैं,उसमें हमें अपनी गति बढ़ानी होगी।हमारे राष्ट्र के पिछड़ने और पतन का कारण भी वेदमार्ग से भटकना था।स्वामी दयानन्द के मार्गदर्शक उदघोष के अनुसार हमें वेदों को अपने जीवन का आधार बना लेना चाहिए और फिर सत्य के ग्रहण करने व असत्य के छोड़ने में उद्यत हो जाना चाहिए।बुद्धि का विकास करके हम अपना विवेक बढ़ाएं और स्वयं को उन्नत करते हुए समाज और राष्ट्र के उत्थान का कारक बनें।

आज हमारा राष्ट्र हमसे यही अपेक्षा रखता है।हम पुरुषार्थ से अपनी इस हिंदुत्व से आर्यत्व की यात्रा को गति देते हुए अपने गन्तव्य पर पंहुचें।आर्यावर्त्त को परम वैभव तक ले के जाएँ और स्वयं समुत्कर्ष और निश्रेःयस दोनों को प्राप्त हों।

मुख्य अतिथि आर्य नेता कृष्ण कुमार यादव ने भी जीवन निर्माण के सूत्र बताये।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यावाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, संतोष धर, सुधीर बंसल, उषा सूद, शोभा बत्रा, कृष्णा पाहुजा आदि के मधुर भजन हुए।

**प्रतियोगिता** | ऐसा ही एक टूनामेंट कराटे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 22 दिसम्बर को राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित किया जा रहा है

# गाजियाबाद से हो रही है नए कराटे युग की शुरूआत, 22 को होगी अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** यूं तो जनपद में खेलो की प्रतियोगिता होती रहती है। लेकिन कुछ प्रतियोगिता ऐतिहासिक बन जाती है। इससे पहले भी कराटे खेल में गाजियाबाद ने देश और विदेशों में भी अपना डंका बजाया है और कई विश्व रिकॉर्ड कायम किए है। ऐसा ही एक टूनामेंट कराटे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 22 दिसम्बर को राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित किया जा रहा है। आज महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई प्रेस वार्ता में प्रभारी जिला खेल अधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि ये हमारे जनपद और प्रदेश के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि ये प्रतियोगिता हमारे शहर में हो रही है और हम सब इसके साक्षी बनेंगे। ये खिलाड़ियों के लिए भी हर्ष की बात है मैं आने वाले सभी खिलाडियों को जीत की अग्रिम बधाई देती हूं। खेलों से निर्माण चरित्र का चरित्र से निर्माण राष्ट्र का, प्रभारी खेल अधिकारी कुमारी पूनम बिश्नोई के द्वारा सभी आगंतु खिलाड़ियों को जनपद गाजियाबाद में आने के लिए शुभकामनाएं दी गई खेल राष्ट्र की आत्मा है खेलोगे तो खेलोगे माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा दी गई इन पंक्तियों को चरितार्थ करने की कोशिश जनपद गाजियाबाद के खेल प्रेमियों द्वारा यह उत्सव कराटे कुंभ आयोजित किया जा रहा है।

संस्था के अध्यक्ष विजय कौशिक ने बताया कि संस्था द्वारा अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिनसे देश भर के करीब 1000 से ज्यादा (महिला एवं पुरुष) खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिनके लिए प्रतियोगिता बिल्कुल निशुल्क है । कराटे वेलफेयर सोसाइटी ने पूर्व में भी कई विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं ये प्रतियोगिता भी कराटे खेल में मील का पत्थर साबित होगी। आयोजन संरक्षक बी एल बत्रा के अनुसार ये जनपद में पहली कराटे खेल प्रतियोगिता है



जिसे बिल्कुल निशुल्क कराया जा रहा है। जिसे लेकर खिलाड़ियों में बहुत उत्साह है। हम आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम करते रहेंगे। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी खेलो की ओर अग्रसर हो और देश के लिए कॉमनवेल्थ और ओलिंपिक खेलों में मेडल लाकर देश का परचम लहराए। राष्ट्रीय फेडरेशनों को भी इसमें मदद करनी चाहिए। खेल सभी का होता है और खिलाड़ी देश का। देश के हर एक व्यक्ति को खेलो के लिए आगे आना होगा तब ही हम आने वाली पीढ़ियों को कुरीतियों से बचा सकते हैं क्योंकि यही नौजवान आगे जाकर देश की दिशा और दशा बदलेंगे। कराटे वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव एवं प्रतियोगिता के आयोजन सचिव राजीव मुंडेलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में आने वाले खिलाड़ियों एवं उनके कोचों की भोजन, मेडल, ट्रॉफी, मोमेंटो, सर्टिफिकेट आदि की व्यवस्था पूरी हो चुकी है जो कि पूरी तरह से निशुल्क है।

प्रतियोगिता के उदघाटन में समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल, मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन महासचिव सचिव राष्ट्रीय लोकदल त्रिलोक त्यागी, हरीश मल्होत्रा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल, रविन्द्र सिंह चौहान प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोकदल, जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र शर्मा, समाजसेवी राम अवतार जिंदल चेयरमैन जिंदल पब्लिक स्कूल, अक्षत गोयल वाइस चेयरमैन राजकुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मीना यादव प्रिंसीपल बाल ज्ञान स्कूल, एडवोकेट अरविंद तेवतिया अध्यक्ष मेरठ मंडल संयुक्त व्यापार मंडल, पवन कुमार त्यागी चेयरमैन ईश्वर चंद इंटर कॉलेज, समाजसेवी लाखन सिंह चौहान, समाजसेवी एडवोकेट कमलदीप तालियान, समाजसेवी मोहित गुज्जर, कपिल त्यागी चेयरमेन के एल कॉन्वेंट स्कूल, सुशील कुमार चेयरमैन न्यू वैली स्कूल सहित आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

स्वागत अध्यक्ष के रूप में संस्था के संरक्षक डॉ पी कुमार एवं उपाध्यक्ष हरीश चावला होंगे। वहीं समापन समारोह में अतिथि के रूप में राजेश कुमार सिंह डिप्टी पुलिस कमिश्नर, गंभीर सिंह ए डी एम सिटी, प्रवीण कुमार तिवारी कमांडेंट आठवीं बटालियन एन डी आर एफ, पूनम मिश्रा सहायक पुलिस कमिश्नर मौजूद होंगे। आयोजन समिति में कुणाल त्यागी, डॉ प्रगति त्यागी, सुरेंद्र यादव, सुखपाल सिंह, डॉ राजीव त्यागी, प्रोफेसर डॉ जोगीस्वर गोस्वामी तुषार ठाकुर, आशीष चौधरी, आशीष कुमार, समीर कुमार, आकाश ठाकुर आदि होंगे। मंच का संचालन शिंदोशी (हंसी) अनिल कौशिक करेंगे। वहीं प्रतियोगिता के संचालन में सिहान ब्रज मोहन खन्ना, सिहान रवि कुमार, सिहान राजेंद्र कुमार, सिहान विवेक श्रीवास्तव, सिहान कन्हैया कुमार, सिहान दीपक अग्रवाल, सिहान जितेंद्र कुमार, सिहान अजय कुमार, सिहान अभिनव शर्मा, सिहान नसीम खान, सिहान नवीन चंद्र, सिहान संदीप पहाड़िया, सिहान विशाल प्रजापति सिहान तरुण त्यागी, सिमरन, मीर चौहान, सिमरन खन्ना, अमित कनोजिया, आकाश कुमार, गौतम कुमार आदि शामिल होंगे।

# कला के क्षेत्र में बड़ा नाम है इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट: डॉ.अरुण त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कपड़ा मिल स्थित इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट द्वारा सात दिवसीय कला प्रदर्शनी में आज क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर कला के क्षेत्र मे नई-नई विधि द्वारा कला को ओर आकर्षक व रोचक बनाने की विधाओं को विशेषज्ञों से जाना। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि छाया पब्लिक स्कूल के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट डॉ अरुण त्यागी तथा इस्माइल महिला नेशनल पीजी कॉलेज मेरठ के ड्राइंग एंड पेंटिंग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिशा दिनेश द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अरुण त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट देश का एक इकलौता संस्थान है जहां विदेश से भी शिक्षक बच्चों को कला की बारीकियो को सीखाने संस्थान में आते हैं। कला के क्षेत्र में विश्वविख्यात रॉयल इंस्टीट्यूट आफ आर्ट लंदन के शिक्षक बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने में विशेष सहयोग देते हैं। संस्थान के द्वारा तैयार किए गए छात्र-छात्राएं मोदीनगर संस्थान का ही नहीं भारत देश का परचम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहरा रहे हैं। संस्थान के निदेशक एसके राय, मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा व प्रशासनिक अधिकारी भोतेद्र सिंह द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेघा दीक्षित द्वारा गांधी जी के जीवन पर आधारित कलाकृतियां रहीं।



# पूर्व श्रीलंकन क्रिकेटर तिलकरत्ने दिलशान पहुंचे मेरठ

**मेरठ (आरएनएस )।** पूर्व श्रीलंकाई कप्तान व स्कूप शॉट को ईजाद करने वाले ऑलराउंडर तिलकरत्ने दिलशान ने कहा कि उन्हे अपने क्रिकेटिंग करियर में किसी गेंदबाज के सामने दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने हमेशा पहली गेंद से ही अटेकिंग क्रिकेट खेला, लेकिन भारतीय गेंदबाज हरभजन सिंह और आशीष नेहरा ने उन्हें काफी परेशान किया। वर्तमान में उन्हें भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल काफी पंसद है।



उन्होंने कहा वह काफी आगे जाएंगे। उन्होंने मेरठ के बल्लों की भी तारीफ की और कहा कि उनका खुद का ब्रांड भी मेरठ का ही है। उन्होंने यह बाते शुक्रवार को यहां बागपत रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में दिलस्कूप स्पोर्टस सिंथीसिस एडवॉन स्पोटर्स एकेडमी के शुभारंभ के मौके पर कहीं।

उन्होंने कहा कि दिलस्कूप स्पोर्टस सिंथीसिस एडवॉन स्पोटर्स एकेडमी की शुरूआत अब मेरठ में हो रही है। इसमें क्रिकेट के अलावा सभी खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों के लेजेंड्स क्रिकेटर यहां युवाओं को अपना अनुभव देंगे। मेरठ, नोएडा के साथ आज चार शहरों में इसकी शुरूआत हो रही है। श्रीलंका, दुबई, ऑस्ट्रेलिया में भी एकेडमी की शुरूआत होगी। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसकी शुरूआत की गई है। इस मौके पर उन्होंने स्कूल के बच्चों से भी वार्ता की और उनके कई सवालों के जवाब दिए। तलकरत्ने दिलशान ने बताया कि उन्होंने साउथ अफ्रिका में आयोजित 2009 आईपीएल के दूसरे एडिशन में स्कूप शॉट खेला था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज हेनरिक्स के खिलाफ ये शॉट लगाया था। जिसके बाद करीब तीन महीने तक टेनिस बॉल से शॉट की प्रैक्टिस की। इसके बाद वर्ल्ड कप 2009 में शॉट खूब खेला। जबसे यह शॉट दिलस्कूप शॉट के नाम से जाना गया।

**अश्विन विश्व के महान गेंदबाजों में शामिल**

तिलकरत्ने दिलशान ने भारतीय गेंदबाज आर अश्विन के रिटायमेंट को लेकर कहा कि एक खिलाड़ी कभी संन्यास नहीं लेना चाहता। जब मैं रिटायर हुआ तो मैं दुनिया में नंबर वन ऑलराउंडर था, लेकिन मैंने महसूस किया कि अब युवाओं को मौका देने की आवश्यकता है। इसलिए मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।

# निष्काम ने मोदीनगर के बाद मुरादनगर में भी की शुरूआत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निष्काम सेवक जत्था समिति ने अपना विस्तार करते हुए मुरादनगर भी शुरूआत की है। और जरूरतमंदों को निशुल्क दिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के मेडिकल उपकरण भी मुरादनगर शाखा को समर्पित किए हैं। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने बताया कि मुरादनगर में जलालपुर रोड पर स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में खोली गई इस शाखा का शुभारंभ संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं सरंक्षक दिलीप शर्मा द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर कई मेडिकल उपकरण जैसे पेशेंट बेड, व्हीलचेयर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बाय-पेप/सी-पेप मशीन, नेबुलाइजर मशीन, फोल्डिंग वॉकर आदि मानवता की सेवा के लिए जनता की जरुरत हेतू समर्पित किए गए। जो कष्ट की परिस्थितयों में रोगियों को 24 घंटे सातों दिन निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।इस अवसर पर ग्रंथी सरदार अमरजीत सिंह के द्वारा नाम सिमरन तथा शबद कीर्तन भी किया गया। और समापन पर अटूट लंगर वरताया गया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य ज्ञानी रविन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, राजेन्द्र गुप्ता, रविकांत ठाकुर, सचिन चचडा, ट्विंकल बतरा, निशिथ बवीशी, राहुल बाबा, जसबीर भूटानी, सोनू धवन, राजिंदर कौर, अनुप्रीत कौर, पूजा नारंग, अमित कुमार, प्रतीक कंसल, लवली सचदेवा, जितेंद्र सिंह, अंशुल भसीन, यश भसीन, जसमिन्दर सिंह, संदीप सिंह ऑबराय, गौरव जगपाल आदि मौजूद थे।



# विद्युत उपभोक्ताओं से बकायेदारों से वसूली के लिए कंदौला में कैम्प का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलाना में बिजली विभाग ने लगाया कैंपःढाई लाख की हुई वसूली,एसडीओ बोले-ओटीएस का लाभ उठाएं और कनेक्शन कटने से बचें बिजली बिल छूट योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण जरूरी:प्रशांत शर्मा अवर अभियंता धौलाना के गांव कन्दोल मे विद्युत विभाग की और से कैंप लगाकर बिजली का बकाया बिल जमा किया गया।जिसका उपभोक्ता भी भारी संख्या में लाभ उठा रहे हैं।ओटीएस स्कीम के अंतर्गत आयोजित कैंपों में बिजली बकाया बिल जमा कर बकाये पर लगे ब्याज की छूट दी जा रही है।धौलाना विद्युत विभाग के अवर अभियंता प्रशांत शर्मा ने बताया विद्युत विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश शासन की ओर से बिजली उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए बिजली विभाग द्वारा ब्याज की छूट को लेकर ओटीएस स्कीम चलाई जा रही है।जिसका लाभ उपभोक्ताओं को पहुंचाने के लिए गांव के गली मोहल्लों में ओटीएस योजना का प्रचार प्रसार कर गांव कन्दोल में कैंप का आयोजन किया गया।जिससे ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता इस छूट का लाभ उठा सके।बिजली बिल छूट के लाभ के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।एसडीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि ओटीएस स्कीम के अंतर्गत बकाया बिल भुगतान का लाभ उपभोक्ताओं को मिले, इसके लिए कैंप लगाया गया है।जिसमे उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर ओटीएस स्कीम का लाभ उठाया।जिसमे मौके पर विभाग को करीब ढाई लाख रुपए के राजस्व की वसूली हुई है।उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र? के बिजली उपभोक्ता ओटीएस स्कीम की छूट का लाभ उठाएं और ब्याज से छुटकारा पाएं ताकि आप बिजली कनेक्शन कटने से बचे रहें।केंप के दौरान लाइनमैन अमित राणा, कुलदीप राणा,संदीप चौधरी, नीरज चौधरी,प्रदीप राणा, सुनील कुमार,पंकज कुमार,नरेंद्र कुमार, मिंटू कुमार,हब्बू राणा आदि लोग मौजूद रहे।



# वेतन नहीं मिलने से क्षुब्ध शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, जिलाधिकारी के नाम बीएसए को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में परिषदीय शिक्षकों को गत नवंबर माह का वेतन नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लेखाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। जिसके उपरांत जिलाधिकारी प्रेरणा के नाम ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर को सौंपा।

जिलाधिकारी को भेजे गये ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि परिषदीय शिक्षकों को गत नवंबर माह 2024 का वेतन 20 दिसंबर तक प्राप्त नहीं हुआ है। जिलाधिकारी के निर्देश पर शंकर दत्त पांडे को वित्त एवं लेखाधिकारी बीएसए कार्यालय में तीन दिवस के लिए सम्बन्ध कर दिया गया,एवं शासन के पत्र द्वारा लेखाकार उमेश चन्द्र को भी एओ बेसिक शिक्षा कार्यालय में अतिरिक्त प्रभार दिया गया। लेकिन दोनों कार्मिक एवं लेखाधिकारी कार्यालय में आते ही नहीं है। जिनकी लापरवाही के कारण जिले 2500 शिक्षकों को नवंबर माह का वेतन नहीं मिला है। जबकि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को वेतन मिल जाता है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि शिक्षकों को शीघ्र वेतन नहीं दिया गया,तो शिक्षकों को विवश होकर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के कार्मिकों की होगी। प्रदर्शन करने वालों में अनुज शर्मा, योगेन्द्र कुमार,संजय शर्मा,संदीप सिरोही, मनीष शर्मा,अमित शर्मा,सुनील कुमार, नीतू, संजीव कुमार आदि शामिल थे।



# निर्वाण फाउंडेशन ने सीएम से की टूलकिट प्राप्तकर्ताओ को स्मार्ट फोन दिए जाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को एक पत्र प्रेषित कर गाजियाबाद स्थित जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए ओडीओपी व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बेरोजगारों को स्मार्टफोन दिए जाने की मांग की है।




रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र द्वारा कहा गया है कि वर्ष 2021-22 में विधानसभा चुनाव से पूर्व गाजियाबाद जिला उद्योग केंद्र में सरकार द्वारा चलाई गई योजना ओडीओपी व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बेरोजगारों को टूल किट व स्मार्टफोन वितरित किये गये थे। लेकिन 2022 के बाद 2023-24 मे जिला उद्योग केंद्र द्वारा बेरोजगार को टूल किट तो दी गई किंतु स्मार्ट फोन नहीं दिये गये। जिसमें जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों की लापरवाही साफ जाहिर हो रही है। ईश्वर चंद्र के मुताबिक स्मार्टफोन ने होने से टूल किट से रोजगार करने वाला लाभार्थी अपने ग्राहक से संपर्क कैसे करेगा ? पत्र के माध्यम से ईश्वर चंद्र ने वर्ष 2022 के बाद टूल किट प्राप्त करने वाले बेरोजगारों को स्मार्टफोन दिए जाने की मांग की है।

# वाहन चोरी करने वाले गिरोह का हुआ खुलासा, सात अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार,17 वाहन,18 वाहनों के पाट्र्स बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए सात अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे/निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 12 मोटर साइकिल,5 स्कूटी एवं 18 दोपहिया वाहनों के पार्ट्स बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पत्रकारों को बताया कि हापुड़ कोतवाली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए 07 शातिर वाहन चोरों बुलन्दशहर निवासी पप्पू , नसीर,जिशान,शकील,अमित कुमार,अनस खान व बन्टी को चित्तौली रोड़ से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे/निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 12 मोटर साइकिल, 05 स्कूटी एवं 18 दोपहिया वाहनों के पाट्र्स बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर एनसीआर क्षेत्र व आसपास के जनपदों से भीड़भाड़ वाली जगहों जैसे तहसील,न्यायालय, रेलवे स्टेशन,बस अड्डा आदि से दो पहिया वाहन चोरी कर वाहनों को काटकर उनके पाट्र्स को अलग- अलग करके बेचते हैं।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार चोर एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी कर उनके पाट्र्स को खोलकर/अलग-अलग कर बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। गिरफ्तार वाहन शातिर किस्म के वाहन चोर हैं,जिनके विरुद्ध जनपद गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, बुलन्दशहर एवं दिल्ली व हरियाणा में वाहन चोरी आदि से सम्बन्धित करीब 07 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।





**वितरण** — विद्युत सखियां ग्राम पंचायतों में विद्युत बिल जमा करेंगी

# सीडीओ,डीडीओ ने विद्युत सखियों में निःशुल्क प्रिंटर मशीनों का वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को विकास भवन के सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जनपद के चारों विकास खंडों की विद्युत सखियों में प्रिंटर मशीनों का निःशुल्क वितरण किया। प्रिंटर मशीन पाकर विद्युत सखियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बताया कि विद्युत सखियां प्रिंटर मशीन से बिजली का लि जमा करके ग्राहकों को बिल पर्ची उपलब्ध करायेंगी।

जिला विकास अधिकारी,उपायुक्त स्वतःरोजगार देवेन्द्र प्रताप ने बताया कि एक बिल 2000 तक जमा करने पर 20 रुपये प्रति बिल व 2000 से अधिक का बिल जमा करने पर एक प्रतिशत अधिक कमीशन भी प्राप्त होगा।

**जिले के सभी विकास खंडों से 188 विद्युत सखियों का चयन किया**

जिला मिशन प्रबन्धक तकसीर अहमद ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों से 188 विद्युत सखियों का चयन किया गया है। जिनके द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में विद्युत सखियां विद्युत बिल जमा करने का कार्य करेगी। जिससे विद्युत सखियां कमीशन पाकर लखपति दीदी बन सके और सरकार का सपना पूरा कर सके।





# निर्दोष खटाना के नेतृत्व में व्यापारियों ने की कस्बा रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** व्यापारी नेता निर्दोष खटाना के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे कस्बा रोड के अनेक व्यापारियों ने एसएचओ को शिकायती पत्र सौंपते हुए कस्बा रोड पर फल व सब्जी विक्रेताओं तथा अवैध रूप से ठिये लगाकर अतिक्रमण किए जाने के बारे में अवगत कराया। और कस्बा रोड को अतिक्रमण मुक्त किए जाने की मांग की। शिकायती पत्र सौंपते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री निर्दोष खटाना ने थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत त्यागी को समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि कस्बा रोड पर स्थित दुकानों के सामने अवैध रूप से ठिये लगाकर सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ है। यही नहीं फल व सब्जी विक्रेता सड़क पर ही ठेली आदि लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर देते हैं। जिसके चलते करीब 80 फुट चौड़ी यह सड़क मात्र कुछ ही फुट की रह जाती है। और दर्जन भर से अधिक गांवों को मोदीनगर मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली इस सड़क पर चलना भी दूभर हो जाता है। आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड या एंबुलेंस जैसे वाहन भी यहां से निकल नहीं पाते हैं। जिसके कारण यहां के निवासियों की जान माल पर भी खतरा बना रहता है। निर्दोष खटाना ने कोतवाल को बताया कि अतिक्रमण के चलते रास्ता न होने के कारण यदि कोई वाहन यहां से गुजरने के दौरान किसी ठेली आदि से टकरा जाता है तो ये अतिक्रमणकारी लोग वाहन चालक के साथ दुर्व्यवहार करने के अलावा मारपीट करने से भी नहीं चूकते हैं। जिसके कारण यहां आए दिन विवाद की स्थिति बनने की भी संभावना रहती है। शिकायती पत्र सौंप कर व्यापारियों ने अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की है।

शिकायती पत्र पर निर्दोष खटाना के अलावा अंकुर गोयल, हिमांशु गोयल, राकेश कुमार, कपिल वर्मा, मुकेश तायल, सचिन कुमार, दीपक शर्मा, चंद्र प्रकाश, राजू, दीपक, प्रभुदत्त, आदित्य कुमार, राजेंद्र रहेला, गोपाल राम, सोनू, ऋषभ आदि व्यापारियों के हस्ताक्षर मौजूद थे।



## सम्पादकीय

# कोलकाता से राष्ट्रीय गठबंधन का संचालन कैसे



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

अगर संसद के शीतकालीन सत्र में पहले तीन हफ्ते की कार्यवाही की रोशनी में विपक्षी राजनीति को देखें तो यह सवाल उठता है कि अगर राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खडगे नेता नहीं होते हैं और ममता बनर्जी को कमान मिलती है तो विपक्षी राजनीति का स्वरूप कैसा होगा? क्या ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन को एक रखते हुए उसे भाजपा के खिलाफ ज्यादा प्रभावी तरीके से लड? के लिए तैयार कर पाएंगी? यह बड़ा सवाल है क्योंकि एक तो ममता बनर्जी ने कहा है कि वे पश्चिम बंगाल नहीं छोड़ेंगी और वहीं रह कर विपक्षी गठबंधन का संचालन करेंगी। कोलकाता से कैसे राष्ट्रीय गठबंधन का संचालन होगा, यह समझना मुश्किल है। ऐसा लग रहा है कि वे डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले की पोजिशनिंग कर रही हैं। वे अपने को राष्ट्रीय नेता और कोलकाता को शक्ति पीठ दिखाना चाहती हैं ताकि बांग्ला मानुष में गर्व की भावना भर सकें और अगला चुनाव जीत सकें। यही राजनीति पिछले साल तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव ने की था। उन्होंने तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति किया था और अपने को राष्ट्रीय नेता बताना शुरू किया था लेकिन वे चुनाव में पीट गए थे। अब ममता बनर्जी वही राजनीति कर रही है। उनका मकसद किसी तरह से 2026 का विधानसभा चुनाव जीतना है। उनको पता है कि अगला चुनाव बहुत मुश्किल होगा। लगातार 15 साल के राज की एंटी इन्कम्बैंसी को किसी बड़े गेमप्लान से ही काउंटर किया जा सकता है। दूसरी बात यह है कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस एक राज्य की पार्टी है। उन्होंने अनेक राज्यों में पैर फैलाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसलिए बाकी प्रादेशिक पार्टियों के लिए भी उनका नेतृत्व स्वीकार करना मुश्किल होगा। कहने को सभी पार्टियां तैयार हो जाएंगी कि वे विपक्षी गठबंधन की नेता बनें लेकिन वे कोई सामूहिक फैसला सभी पार्टियों से लागू करवा पाएंगी इसमें संदेह है। तीसरी बात यह है कि ममता बनर्जी की प्रकृति अकेले चलने की है। वे हमेशा एकला चलो की राजनीति करती हैं और उनकी राजनीति बंगाल केंद्रित होती है। तभी वे चाहे जिस गठबंधन में रहें वहां उनका टकराव चलता रहता है। वे जब कांग्रेस में थीं तो कांग्रेस के सभी नेताओं से उनका झगड़ा चलता था। फिर जब अपनी पार्टी बनाई और भाजपा से तालमेल किया तो भाजपा से उनकी लड़ाई चलती रही और जब कांग्रेस के गठबंधन में आईं तो वहां भी लड़ाई चलती रहीं। उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर अपनी पार्टी बनाई, फिर भाजपा को छोड़ कर कांग्रेस से गठबंधन किया और फिर कांग्रेस को छोड़ कर अकेले लड़ीं। अब फिर वे गठबंधन की नेता बनना चाहती हैं लेकीन उनकी एकला चलो वाली प्रकृति बाधा बनेगी। भारत के अब तक के राजनीतिक इतिहास को देखें तो किसी प्रादेशिक पार्टी के राष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व करने की मिसाल नहीं मिलेगी। कांग्रेस के खिलाफ जनता पार्टी बनी तो सभी विपक्षी पार्टियों के विलय से बनी थी। हमेशा सबसे बड़ी पार्टी नेतृत्व करती रही है। एनडीए में भी भले टीडीपी या जनता दल यू के नेता संयोजक होते थे लेकिन नेतृत्व भाजपा के हाथ में ही होता था। संयोजक का पद प्रतीकात्मक होता था। फैसला अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ही करते थे। सरकारों की बात करें तो उस मामले में भी सबसे बड़ी पार्टी के हाथ में सत्ता होने से ही स्थिरता रहती है। चाहे वीपी सिंह की सरकार हो या चंद्रशेखर की या एचडी देवगौड़ा की सरकार हो या आईके गुजराल की हर बार सबसे बड़ी पार्टी के नेता के हाथ में कमान नहीं थी। वाजपेयी की 1998 की सरकार के अपवाद को छोड़ दें तो उसके बाद 1999, 2004 और 2009 में सबसे बड़ी पार्टी ने कमान संभाली और सरकारों ने कार्यकाल पूरा किया। बहरहाल, ममता बनर्जी के समर्थन में यह तर्क दिया जा रहा है कि वे भाजपा से लड़ती हैं और सीधी लड़ाई में उसको हरा देती हैं।

# "मेडिकल के क्षेत्र में एक नवाचार है कैंसर वैक्सीन'

कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में खौफ है। वास्तव में, कैंसर में सेल(कोशिका) तेजी से बढ़ती हैं और ट्यूमर का रूप ले लेती है और यह मानव जीवन के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होता है। सच तो यह है कि लोग कैंसर को जिंदगी का खात्मा समझते हैं। सच तो यह है कि आज के समय में 'कैंसर' शब्द इतना प्रचलित और पापुलर हो गया है कि लोग कोई उदाहरण देने तक के लिए इस शब्द का प्रयोग 'नेगेटिव' रूप में करते हैं। मसलन, 'भ्रष्टाचार कैंसर है।', 'आतंकवाद देश और समाज के लिए कैंसर है।' वगैरह वगैरह। दरअसल,कैंसर का डर कैंसर को दुश्मन के रूप में देखने की मूल धारणा से उत्पन्न हुआ है। खैर जो भी हो, दुनिया में कैंसर के बड़े खौफ(डर) के बीच हाल ही में एक खबर भारत के परम मित्र देश रूस से आई है। दरअसल, रूस ने कैंसर की फ्ठअ(मैसेंजर आर एन ए ) वैक्सीन बना ली है। कहना गलत नहीं होगा कि यह सदी की सबसे बड़ी खोज है। उल्लेखनीय है कि रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर ने इसकी जानकारी रेडियो पर दी है। रूसी न्यूज एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक, इस वैक्सीन को अगले साल से रूस के नागरिकों को फ्री में लगाया जाएगा।वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल से पता चला है कि इससे ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद मिलती है। यहां पाठकों को जानकारी के लिए बताता चलूं कि वर्ष 2024 की शुरूआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह जानकारी साझा की थी कि रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मैसेंजर-आरएनए इंसानों के जेनेटिक कोड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमारी सेल्स (कोशिकाओं) में प्रोटीन बनाती है। सरल शब्दों में कहें तो जब हमारे शरीर पर कोई भी वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है तो मैसेंजर-आरएनए टेक्नोलॉजी हमारी सेल्स को उस वायरस या बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रोटीन बनाने का मैसेज भेजती है और इससे हमारे इम्यून सिस्टम को जो जरूरी प्रोटीन चाहिए, वो मिल जाता है और हमारे शरीर में एंटीबॉडी बन जाती है। इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि इससे कन्वेंशनल वैक्सीन के मुकाबले ज्यादा जल्दी वैक्सीन बन सकती है। इसके साथ ही इससे शरीर की इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मैसेंजर-आरएनए टेक्नोलॉजी ( टेक्नोलॉजी) पर आधारित यह कैंसर की पहली वैक्सीन है। निश्चित ही इस वैक्सीन का फायदा आने वाले दिनों में भारत समेत विश्व के अन्य देशों को भी होगा। हाल फिलहाल, यह खबर ऐसे समय पर आई है जब देश में कुछ दिनों पहले कैंसर को लेकर खूब बहस छिड़ी थी। पाठक जानते होंगे कि कुछ समय पहले ही पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू अपनी पत्नी नवजोत



सुनील कुमार महला,
फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

कौर सिद्धू द्वारा कैंसर के चौथे स्टेज की बीमारी को 40 दिनों में मात देने का दावा करने के लिए खूब चर्चा में रहे थे। कैंसर को लेकर उनका विडियो(आवास पर प्रेस कांफ्रेंस) लगातार वायरल हुआ था। दरअसल, उन्होंने विडियो में यह दावा किया था कि बिना ऐलोपैथिक दवाओं के ही सिर्फ अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में परिवर्तन कर हल्दी, लहसुन और नीम का उपयोग कर उनकी पत्नी ने कैंसर को मात दी है। सिद्धू के इस दावे पर छग सिविल सोसाइटी द्वारा उन्हें 850 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भी भेजा गया था, जैसा कि सोसाइटी का यह कहना था कि ऐसे दावे कर-के कैंसर मरीजों को भ्रमित किया गया। मीडिया में ऐसी भी खबरें आईं कि सिद्धू के दावे सुनकर देश-विदेश के कैंसर ग्रसित मरीजों में भ्रम और एलोपैथी मेडिसिन से उनका विश्वास उठ गया।

बहरहाल, कैंसर पर हमारे देश में व्यापक चचाओं के बाद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि कैंसर आज खतरनाक बीमारी के रूप में विश्व में सामने आई हैं। हालांकि, यह बात अलग है कि कैंसर स्पेशलिस्ट यह बात मानते हैं कि कैंसर की वैक्सीन बनाना बायोलाजिकल तौर पर असंभव है। विशेषज्ञों का कैंसर के संदर्भ में यह भी कहना है कि कैंसर के लिए कोई टीका नहीं हो सकता क्योंकि कैंसर कोई बीमारी नहीं है, वास्तव में यह शरीर में हजारों अलग-अलग स्थितियों का परिणाम है। वैसे विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कुछ कारणों से कैंसर वैक्सीन बनाना बहुत मुश्किल भी है। ऐसे में रूस से कैंसर वैक्सीन बनाने की खबर निकल के आई है तो यह एक सकारात्मक कदम होने के साथ ही काबिले-तारीफ कदम भी है। काबिले-तारीफ कदम इसलिए क्यों कि आज दुनियाभर में कैंसर से हर मिनट 17 लोगों की मौत(वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाईजेशन के मुताबिक) होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में पूरी दुनिया में 2 करोड़ से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए। वहीं मृत्यु आंकड़े की बात करें तो ये ग्लोबली 97 लाख थी।इतना ही नहीं, शोधकताओं का अनुमान है कि साल 2050 तक कैंसर के रोगियों संख्या 35 मिलियन (3.5 करोड़) प्रतिवर्ष तक पहुंच सकती है। यह भी एक तथ्य है कि भारत में महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मामले सबसे आम हैं, जबकि पुरुषों में फेफड़े, मुंह और प्रोस्टेट कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है और यह बहुत संवेदनशील और गंभीर है कि आज भारत में हर 10 कैंसर मरीजों में से 7 की मौत हो जाती है। एनसीआरपी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में 13.9 लाख केस भारत में सामने आए हैं। दिल्ली, बेंगलुरु, और चेन्नई जैसे शहरों में ब्रेस्ट कैंसर हाई रिस्क फैक्टर है। वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे ज्यादा 48 लाख लोग चीन में, 23 लाख लोग अमेरिका में तथा 14 लाख से ज्यादा लोग भारत में हैं।विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हर साल लगभग 10 लाख से अधिक कैंसर के नए मामले सामने आते हैं।सबसे बड़ी बात कि यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के मुताबिक, 2020 में कैंसर के 1.93 करोड़ केस आए और 1 करोड़ लोगों की मौत हुई। जर्नल ऑफ ग्लोबल ऑन्कोलॉजी में 2017 को पब्लिश हुई एक स्टडी के मुताबिक, भारत में कैंसर से मरने वालों की दर विकसित देशों से लगभग दोगुनी है। इतना ही नहीं, कुछ समय पहले इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफोर्मेटिक्स एंड रिसर्च ने नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रिपोर्ट 2020 जारी की थी, उसके अनुसार वर्ष 2025 में कैंसर के मामले बढ़कर 15.7 लाख तक पहुंच जाने की बात कही गई है। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि निश्चित ही आज तकनीक और चिकित्सा में नवाचार के चलते कैंसर पर बहुत काम हुआ है। कैंसर पर आज नये नये शोध निकल कर सामने आ रहे हैं और इससे लड़ने के लिए मनुष्य द्वारा अनवरत प्रयास जारी हैं। रूस द्वारा कैंसर इलाज हेतु वैक्सीन का निर्माण इसी दिशा में एक नवाचार है। यदि रूस की कैंसर पर बनायी यह वैक्सीन कामयाब होती है तो निश्चित ही यह मेडिकल साइंस में किसी बड़े चमत्कार या कारनामे से कम नहीं होगा। वैक्सीन कामयाबी की स्थिति में मानवजाति के लिए यह वरदान साबित होगी।

## प्रभु साथ दो मेरा'

प्रभु साथ दो मेरा'
जहां भी हो अंधेरा
राह में सत्य की
सदैव साथ हो तेरा'
जहां लोभ का डेरा
पथ में न्याय के
चलूं मैं अकेला
प्रभु साथ दो मेरा'
वासना के प्रबल
आंधी तूफान मचल-मचल
सदैव करते मुझे निर्बल
प्रभु साथ दो मेरा।
रोता है मन मेरा
शिशु सा भोला, निर्मल
पानें को बार-बार
मां की ममता अपार।
प्रभु लगा दो पार
नाव पड़ी मझधार
हर सांस के संग मेरी
प्रभु कृपा हो तेरी।
प्रभु साथ दो मेरा
जहां से चलूं अकेला
आशाओं से भरा सवेरा
समर्पित दिन सारा मेरा।
समर्पित तुम्हें दिन मेरा
बीत जाता प्रभु कोरा
सुबह शाम उड़ते पंछी सा
प्रभु तुम साथ दो मेरा।
अब रह गया तेरा ही
सहारा,
प्रभु साथ दो मेरा।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना


**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# "ध्यान" एकाग्रता, मानसिक एवं आत्मिक उन्नति प्रदाता है



रविन्द्र कुमार राणा

समग्र मानवता को मानसिक शान्ति, सहनशीलता, सामंजस्य एवं आत्म-अनुशासन की ओर ले जाने हेतु 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व ध्यान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य ध्यान से होने वाले लाभ एवं इसके मनोवैज्ञानिक महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करना और बेहतर स्वास्थ्य की दृष्टि से जीवन में ध्यान को अपनाने हेतु मानवता को प्रेरित करना है। बेहद हर्ष की बात है कि भारत के पावन अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन डे) को 21 दिसंबर को मनाने की स्वीकृति प्रदान की है, जो अत्यंत सराहनीय पहल है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है, भारतीय परंपरा के अनुसार 21 जून को ग्रीष्मकालीन संक्रांति और 21 दिसंबर को शीतकालीन संक्रांति होती है। भारत में ये दिन "उत्तरायण" की शुरूआत का विशेष शुभ दिवस है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और विश्व ध्यान दिवस को मनाने में महती भूमिका निभाई है। विश्व ध्यान दिवस को घोषित करने में 193 देशों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ है। भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की पवित्र भावना ने समूचे विश्व को योग दिवस और ध्यान दिवस अनुपम उपहार स्वरूप समग्र स्वास्थ्य हेतु भेंट किए



हैं। ध्यान एक यौगिक क्रिया है। इसकी महिमा अनंत है, अनुपम है, अद्वितीय है। ध्यान चित्त को एकाग्रता प्रदान करता है। ध्यान से आत्मिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त होती है। ध्यान से आंतरिक ऊर्जा, जीवनी शक्ति, करुणा, दया, धैर्य, प्रेम, उदारता, क्षमा, शांति, सामंजस्य, आत्मानुशासन, एकाग्रता, तनावहीनता, मानसिक संतुलन, सहनशीलता प्राप्त होती है। ध्यान से आत्म जागरूकता में वृद्धि होती है। ध्यान से राग, द्वेष, अस्मिता, अविद्या, अशांति, चंचलता, आदि क्लेशों को समूल नष्ट किया जा सकता है। मानव प्राणी अपने सार्थक, सात्विक प्रयास से ध्यान से मोक्ष प्राप्त कर सकता है। ध्यान शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। ध्यान आत्मा को पवित्र एवं निर्मल करने का अमोघ शास्त्र है। ध्यान से जन्म जन्मांतरों के पाप नष्ट हो जाते हैं। ध्यान से आत्म अनुशासन एवं सकारात्मक मनोभाव विकसित होते हैं। ध्यान से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। ध्यान के नियमित अभ्यास से तनाव, भय, शोक, संताप, अहंकार, क्रोध, हृदय गति वृद्धि, अशांति, रक्तचाप, मधुमेह आदि अनगिनत शारीरिक एवं मानसिक विकारों से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है। नियमित ध्यान से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से अनेकानेक लाभ प्राप्त होते हैं। विश्व ध्यान दिवस के पावन अवसर पर शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक उन्नति के लिए हमें संकल्पित होना होगा कि समग्र मानवता के कल्याण हेतु ध्यान को हम जन जन तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास करेंगे।

**(लेखक एक पर्यावरणविद, साहित्यकार एवं नेचुरोपैथी योग एण्ड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं)**

## शनिवार का राशिफल

मेष: घर में धार्मिक कार्य सम्भव है, कोई सरकारी कार्यवाही आपके विरुद्ध रुक सकती है, मेडिकल स्टोर, फूड कार्य, आटा चक्की व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-69

वृषभ: किसी रिश्तेदार की तबियत खराब की सूचना मिल सकती है, कोई प्लांट लगाने की योजना बनेगी, ईट भट्टा, तांबा, बिजली या बेकरी व्यवसाय से उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-77

मिथुन: बड़ी इच्छा पूरी होने के करीब है, नौकरी एवं व्यवसाय में परिश्रम से लाभ अर्जित कर लेंगे, लोगों का सहयोग मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-72

कर्क: पूजा पाठ में मन लगेगा, वकालत कार्य में थोड़ी परेशानी होगी, सकारत्मक भाव रखेंगे तो आगे बढ़ेंगे, किसी क्षेत्र का बारीकी से अनुभव लेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

सिंह: बड़े कार्य या व्यवसाय को करने का अवसर मिलेगा, विदेश में रहते है तो जॉब स्थाई होगी, पत्नी कार्य करती है तो उनकी भी तरक्की होगी। भाग्य प्रतिशत-83

कन्या: नजर कमजोर हो सकती है, देर तक कार्य करने वाला जॉब मिलेगा, पूजा पाठ धार्मिक क्रिया भी करेंगे, करियर में बदलाव का संकेत भी है। भाग्य प्रतिशत-57

तुला: नौकरी में बदलाव कर सकते है, अस्थिरता से परेशान रहेंगे, मन लगना कठिन होगा, पत्नि से नोकझोंक सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-50

वृश्चिक: स्वयं के लिए कुछ नई दिशा तय कर सकते है, उत्साह बढ़ेगा, पैसा रुक रुककर मिलेगा, धार्मिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-65

धनु: प्रोमोशन के योग बनेंगे, प्रॉपर्टी भी बढ़ेगी, जो चीजे पक्ष में नहीं थी वह भी हासिल हो सकेंगी, डॉक्टर बनने की कोचिंग ले रहे है तो अच्छा है। भाग्य प्रतिशत-85

मकर: मन में अनेक उलझे विचार रहेंगे, कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की इच्छा रहेगी, कला, सौंदर्य प्रसाधन, कपड़ा, आयुर्वेदिक दवाई व्यवसाय में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-63

कुंभ: तलाक का केस चल रहा है तो मुश्किल बढ़ जाएगी, मित्रों के साथ व्यवसाय की योजना बना सकते है, मन घर में नहीं लगेगा। भाग्य प्रतिशत-58

मीन: धार्मिक कार्य करेंगे, कोई बात खोलने से डर भी लगेगा, प्रेम प्रसंग की तरफ झुकाव बढ़ेगा, व्यवसाय में देनदारी को लेकर विवाद सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-57



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423


# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक क्रांति के महानायक, न्याय और समानता की सोच ईमानदारी से लागू होना ही सच्ची श्रद्धांजलि

**मुहम्मद साजिद**

डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें आदरपूर्वक बाबा साहब के नाम से जाना जाता है। हालांकि, वह हमेशा ही याद किए जाते हैं और संविधान में आस्था (अकीदत) रखने वालों के दिल में रहते हैं। मगर, पिछले तीन दिन से काफी चर्चा में हैं। क्योंकि, उन पर संसद में एक माननीय जी ने विवादित टिप्पणी की है। माननीय जी की टिप्पणी से बाबा साहब के सम्मान के साथ-साथ उनके करोड़ों चाहने वालों के मन को भी ठेस पहुंची है। क्योंकि, वह वह भारत के सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। उनके विचार और कार्य न केवल दलित समाज बल्कि पूरे भारत की आत्मा को जागरूक और प्रेरित करने वाले रहे हैं। डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक अन्याय और भेदभाव के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने कहा था, "समानता का अधिकार हर इंसान का जन्मसिद्ध अधिकार है।" उनके प्रयासों ने समाज में जाति, धर्म, और लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया। डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निमार्ता थे। उन्होंने भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय की भावना को केंद्र में रखा और अनुच्छेद 14, 15, और 17 जैसे प्रावधानों को शामिल किया, जो समानता, भेदभाव का उन्मूलन, और छुआछूत के उन्मूलन की गारंटी देते हैं। बाबा साहब ने वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा और संगठन पर जोर दिया। उनका मानना था कि "शिक्षा वह हथियार है। जिससे आप किसी भी समाज को बदल सकते हैं।" उन्होंने अछूतों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। अंबेडकर ने धर्म को एक नैतिक और सामाजिक सिद्धांत के रूप में देखा। उन्होंने 1956 में बौद्ध धर्म अपनाया, क्योंकि यह जातिवाद और भेदभाव से मुक्त था। उनके बौद्ध धर्म ग्रहण ने लाखों दलितों को सामाजिक क्रांति की दिशा में प्रेरित किया।

**बाबा साहब सभी दलों के लिए प्रेरणा स्त्रोत**

डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें भारत में सामाजिक न्याय और समता का प्रतीक माना जाता है। वह सभी राजनीतिक दलों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हालांकि, बाबा साहब के विचारों और उनकी विरासत को लेकर अलग-अलग दलों की अपनी-अपनी व्याख्याएं और दृष्टिकोण रहे हैं। मगर, सत्तासीन सत्ता वाली पार्टी (एक दल) का बाबा साहब के प्रति नजरिया हमेशा विवादास्पद विषय है। क्योंकि, यह उनके विचारों और कार्यों से मेल ही नहीं खाता, खासकर सामाजिक और आर्थिक समानता के मुद्दों पर, क्योंकि, डॉ. अंबेडकर जातिवाद और सांप्रदायिकता के कट्टर विरोधी थे, लेकिन एक दल पर हमेशा ही आरोप लगता है कि वह हिंदुत्व की विचारधारा को बढ़ावा देकर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ाती है, जो अंबेडकर की समावेशी दृष्टि के




खिलाफ है। बाबा साहब ने आरक्षण को वंचित वर्गों के लिए एक सामाजिक न्याय का उपकरण माना था। हालांकि, एक दल के कुछ नेताओं ने आरक्षण पर हमेशा विवादित बयान देकर दलित और पिछड़े वर्गों में चिंता पैदा की है।

**बाबा साहब की विचारधारा और दल की नीतियां**

बाबा साहब ने सार्वजनिक संपत्ति और सामाजिक समानता का समर्थन किया। मगर,एक दल के बाजारोन्मुख नीतियां और निजीकरण की दिशा में बढ़ते कदम उनकी इस सोच से मेल नहीं खाते। बाबा साहब ने हमेशा धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा दिया और उन्होंने धर्मों की जाति व्यवस्था की आलोचना की। एक दल की हिंदुत्व-आधारित राजनीति बाबा साहब की इस सोच के विपरीत मानी जाती है। बाबा साहब शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार मानते थे। हालांकि, एक दल सरकार के दौरान शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में दलितों और वंचित वर्गों के लिए पर्याप्त सुधार नहीं दिखते हैं। बाबा साहब के प्रति एक दल की नीतियों को लेकर दलित आंदोलनों और संगठनों ने समय-समय पर सवाल उठाए हैं। रोहित वेमुला प्रकरण, हाथरस कांड, सांसद में एक प्रमुख नेता के बाबा साहब को लेकर दिए गए बयान और ऊना कांड जैसे मामलों ने एक दल की नीतियों और दलितों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े किए हैं।

**सामाजिक न्याय और समानता की सोच पूरी ईमानदारी से लागू करना ही सच्ची श्रद्धांजलि**

बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब उनकी सामाजिक न्याय और समानता की सोच को पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए। इसमें सभी दलों को चाहिए कि वे बाबा साहब के विचारों को केवल राजनीतिक एजेंडे के लिए इस्तेमाल न करें, बल्कि उनकी दृष्टि को धरातल पर उतारने का प्रयास करें। बाबा साहब ने भारतीय समाज में व्याप्त जाति प्रथा को समाप्त करने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा था, "जाति प्रथा मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अभिशाप है। उन्होंने छुआछूत के खिलाफ व्यापक जनजागरण किया। महाड़ सत्याग्रह (1927) और कालाराम मंदिर सत्याग्रह (1930) उनके इस आंदोलन के प्रमुख उदाहरण हैं।

**"शिक्षा वह शस्त्र है, जिससे आप समाज को बदल सकते हैं"**

बाबा साहब ने कहा था कि"शिक्षा वह शस्त्र है, जिससे आप समाज को बदल सकते हैं।" उन्होंने वंचित वर्ग को शिक्षित करने और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने पर जोर दिया। बाबा साहब ने न केवल दलितों बल्कि महिलाओं के अधिकारों की भी पैरवी की। उन्होंने महिलाओं के लिए शिक्षा और संपत्ति के अधिकार की वकालत की। डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और समानता का आधार बनाया। अनुच्छेद 14-18: समानता का अधिकार और छुआछूत का उन्मूलन। अनुच्छेद 46: वंचित वर्गों के लिए विशेष संरक्षण।

# मेरठ महोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियो एवं वरिष्ठ अधिकारियो ने भामाशाह पार्क में किया मंत्र पूजन

**मेरठ (आरएनएस )।** मेरठ महोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत आज मा0 जनप्रतिनिधियो एवं समस्त वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा भामाशाह पार्क



में मंत्र पूजन किया गया। इस अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधियो द्वारा मेरठ महोत्सव स्थल का भ्रमण भी किया गया। मा0 राज्यमंत्री ऊर्जा डा0 सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि दिनांक 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक मेरठ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय के ख्याति प्राप्त कलाकार शिरकत करेंगे। उन्होने कहा कि मेरठ के लिए यह खुशी का विषय है कि यहां की प्रतिभाओ को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए अवसर प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर महापौर हरिकान्त आहलुवालिया, मा0 विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, मा0 एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, एडीजी ध्रुवकान्त ठाकुर, डीआईजी कलानिधि नैथानी, आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे0, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विनायक विद्यापीठ में हुआ "विनायक में वार्ता" का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीपुरम (जावेद अब्बासी)।** विनायक विद्यापीठ में एक "विनायक में वार्ता" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका में सीनियर मैनेजमेंट प्रोफेशनल एवं बिजनेस हैड,स्ट्रैटेजिक बिजनेस प्लानिंग के रूप में कार्यरत हिता.के.चंद्रा रही।जिनका स्वागत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा चंदन का तिलक कर, पुष्प गुछ देकर किया। इस वार्ता की शुरूआत वक्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करने के साथ हुई, इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ अनुप्रीता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा उपस्थित रहे। तत्पश्यात डॉ अनुप्रीता शर्मा ने उनके जीवन में प्राप्त उपलब्धियो के बारे



में जानकारी ली एवं वक्ता ने अपने जीवन में किए संघर्ष के बारे में भी अपने अनुभव सांझा किए।वक्ता ने छात्र-छात्राओं से रूबरू वार्ता की एवं उन्हें कॉरपोरेट सेक्टर के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए टिप्स भी दिए जिसमें उन्होंने छात्र छात्राओं को अपने ज्ञान में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया जो कि गूगल एव अपने फ्रेंड सर्कल से अर्जित किया जा सकता है।उन्होंने कहा आज आईटी सेक्टर में रोजगार की अपार संभावनाएं है, आप साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्र में जानकारी हासिल कर अच्छा कैरियर बना सकते है। उन्होंने बताया आज दुनिया में साइबर क्राइम की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है जिससे हम सभी को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि आज साइबर क्राइम हमारे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है।छात्र-छात्राओं ने उनसे विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।वार्ता के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ अनुप्रीता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा ने वक्ता को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया इस दौरान सभी विभाग अध्यक्ष फैकल्टी मेंबर्स एवं विद्यार्थी की उपस्थित रहे।

# सोसायटी में बने मन्दिर की जमीन पर अवैध रूप से ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन करवाने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में एक और धांधली का मामला सामने आया है। सोसायटी के ही कुछ लोगों ने सोसायटी के सार्वजनिक स्थान पर बने श्री शिव बालाजी धाम मंदिर पर श्री शिव बालाजी धाम मन्दिर न्यास ट्रस्ट के नाम से एक अवैध ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन करवा लिया। इस बारे में सोसायटी के लगभग आधा दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर श्री शिव बालाजी धाम मंदिर न्यास ट्रस्ट के लेटर हेड में अंकित चार पदाधिकारियों पर अवैध रूप से ट्रस्ट रजिस्टर्ड करवाने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र




भेजने वाले अश्विनी , गौरव बंसल, रामसरन, प्रतीक ढींगरा, किंशुक बंसल व आरके गर्ग ने गुलमोहर एनक्लेव की जमीन पर बने इस अवैध ट्रस्ट व इसके पदाधिकारियों की जांच की मांग भी शिकायती पत्र में की है। साथ ही उन्होंने ट्रस्ट की आड़ में अवैध धन को वैध रूप देने व ट्रस्ट के नाम पर चंदे के नाम पर धन एकत्रित करने की आशंका का आरोप भी लगाया है।

# राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद-2025 जोनल लेवल प्रतियोगिता में सुभारती लॉ कॉलेज की छात्रा कसक का चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज की बी॰ए॰एलएल॰बी॰ द्वितीय वर्ष की छात्रा कसक द्वारा वर्ष-2025 की राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद की जोनल लेवल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की गई। जिसमें छात्रा का चयन उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व राजस्थान विधान सभा में करने हेतु किया गया।

ज्ञात रहे कि इस राष्ट्रीय पर्यावरण युवा सांसद के जोनल लेवल की स्पीच-प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा संकाय एवं समाज कार्य विभाग (लखनऊ विश्वविद्यालय) द्वारा किया गया। क्षेत्रीय स्तर पर इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 18 विश्वविद्यालय के लगभग 200 प्रतिभागियों ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करे। इस स्पीच कंपटीशन का विषय, जल-जंगल, जन, जानवर और जमीन पर आधारित रहा । प्रतिभागियों द्वारा सतत विकास तथा भारत की हालिया प्राकृतिक आपदाओं (केरल तथा वायनाड), अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों द्वारा धरती



के संरक्षण की वकालत अपने भाषण में की गई। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन पर प्रो.डॉ. वैभव गोयल भारतीय, संकायाध्यक्ष, सुभारती लॉ कॉलेज ने छात्रा कसक को बधाई देते हुए कहा कि अपने विषय पर मजबूत पकड़ तथा कठिन परिश्रम की परिणीति आपका चयनित होना है। उन्होंने कहा कि सुभारती लॉ कॉलेज अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रमुखता से कार्य कर रहा है। सुभारती लॉ कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा कसक को इस सफलता पर शुभकामनाएं दी गई। प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, हीगिम्बटॉम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंस, प्रयागराज, महात्मा ज्योति, फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ, एपी॰जे॰ अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ, दीन दयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, रज्जू भैया राजेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय इलाहाबाद, दयालबाग एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट आगरा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, छत्रपति शाहूजी विश्वविद्यालय, कानपुर, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रतिभागियों ने क्षेत्रीय स्तर की इस राष्ट्रीय पर्यावरण युवा सांसद-2025 में प्रतिभाग किया

चयनित छात्रा कसक राजस्थान विधानसभा में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करेगी। इस प्रतियोगिता का संयोजन आफरीन अल्मास, समन्वयक पर्यावरण समिति सुभारती लॉ कॉलेज ने किया।

# महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने किया अस्पताल व कोतवाली का औचक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्टाफ की कमी के कारण महिलाओं को उचित उपचार न मिलने की बात सामने आई।उन्होंने मरीज एवं तीमारदार की अन्य शिकायतों का जल्द समाधान करवाने की बात कही।निरीक्षण के दौरान शौचालय पर भी ताले लटके मिले और तीन दिन पूर्व एक महिला की डिलीवरी हुई जिसको बेड पर बेडशीट भी उपलब्ध नहीं कराई गई। महिला ने महिला डॉक्टरो पर आरोप लगाते हुए बताया कि डिलीवरी के दौरान 2500 रुपए की अवैध वसूली की गई है।

वहीं महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने दवाइयों का लेखा-जोखा मांगा तो महिला डॉक्टर बगले झांकती नजर आई जिसमें महिला आयोग की सदस्य ने महिला डॉक्टर को जमकर फटकार लगाते हुए इसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से

- **अस्पताल में महिला आयोग की सदस्य के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप,डॉक्टरों को लगाई जमकर फटकार**
- **सरकारी अस्पताल में ढाई हजार रुपए लेकर महिला की डिलीवरी की शिकायत पर भड़की महिला आयोग की सदस्य**

करने की बात कही। वहीं महिला आयोग आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने कोतवाली में पहुंचकर थाने का भी औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, शौचालय, महिला संबंधित अभिलेखों की जांच की।उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से ले और थाने पर ही समाधान त्वरित किया जाए। प्रदेश की सरकार महिलाओं के प्रति सख्त है।इस दौरान उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा व समस्या के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार बाथम,उप निरीक्षक अनुज मिश्रा,महिला उप निरीक्षक ज्योति आदि मौजूद रहे। सदस्य का संदेश महिला आयोग सदस्य मीनाक्षी भराला ने कहा, "महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

पुलिस को महिलाओं से जुड़े मामलों में सतर्क और संवेदनशील रहना चाहिए।"

थाने में सुधार की अपील महिला आयोग की सदस्य के औचक निरीक्षण ने थाने की व्यवस्थाओं पर जोर दिया है। इस कदम से पुलिसकर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों को लेकर और अधिक सतर्क रहने का संदेश गया है।

# सामूहिक दुष्कर्म के पांच दोषियों को 20-20 वर्ष का कारावास, 12-12 हजार रुपये जुर्माना

**मेरठ (आरएनएस)।** कोरोना काल के दौरान वैक्सीन लगवाने गई मवाना की किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और अश्लील वीडियो क्लिप वायरल करने के मामले में पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम कोर्ट-2) संगीता की अदालत ने 20-20 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया। इन पर 12-12 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। कोविड काल के दौरान मवाना थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता कोरोना की दवा लेने के लिए चिकित्सालय गई थी। यहां आरोपियों से उसकी मुलाकात हुई। एक आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। दूसरी डोज लगवाने के नाम पर वह पीड़िता को अपने साथ ले गया। बाद में दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद वीडियो क्लिप वायरल कर दी। पीड़िता ने 26 अगस्त 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी वसीम पुत्र इलियास और सोहेल उर्फ टिर्री को 28 अगस्त 2021 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपी राहुल को 18 नवंबर 2021 को, मारुफ को 23 जनवरी 2022 को, वसीम पुत्र रियाज को 13 फरवरी 2022 को गिरफ्तार किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिन से चौकी पर बिठाकर हो रही दुष्कर्म के आरोपी की खातिरदारी!

**मेरठ (आरएनएस )।** ब्रह्मपुरी में आठ महीने पहले हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने आरोपी को पकड़कर खुद पुलिस को सौंपा तो पिछले चार दिन से पुलिस आरोपी को चौकी में बिठाकर उसकी खातिरदारी कर रही है। शुक्रवार को कप्तान ऑफिस पहुंची पीड़िता ने आरोपी को जेल भेजे जाने की मांग की।ब्रह्मपुरी क्षेत्र की रहने वाली युवती ने आरोप लगाया कि माधवपुरम के रहने वाले शोभित ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसके साथ दुष्कर्म करके अश्लील वीडियो बना ली। युवती दो महीने की गर्भवती हुई तो आरोपी शादी के वादे से मुकर गया। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद शोभित और उसके भाई मनीष ने उसके साथ गैंगरेप किया। इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लेकिन, कोई कार्यवाही नहीं हुई। वर्तमान समय में युवती सात महीने की गर्भवती है और आरोपी खुले घूम रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि उसने चार दिन पहले आरोपी शोभित को दबोच कर माधवपुरम पुलिस चौकी के हवाले किया। लेकिन, पुलिस ने उसे चार दिन से चौकी में बिठाया हुआ है और जेल नहीं भेज रही है। कप्तान ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

### धामपुर में आबादी के बीच हाईवे 74 पर गन्ने से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**बिजनौर (आरएनएस )।** धामपुर में आबादी के बीच हाईवे पर ई-रिक्शा चालक को बचाने के चक्कर में गन्ने से भरा ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ ।चीनी मिल के अधिकारियों ने पुलिस की मदद से गन्ना क्रेन से हटवा कर अन्य ट्रकों में भरवाने के बाद मार्ग को सुचारु कराया। धमपुर चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सवेरे करीब 7:30 बजे जब नहटौर निवासी चालक इमरान धामपुर चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र खंड साल से ट्रक में गन्ना भरकर धामपुर चीनी मिल आ रहा था। तब इस दौरान धामपुर में हाईवे 74 पर भारतीय स्टेट बैंक के निकट आबादी के बीच में आगे जा रही ई- रिक्शा को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस समय यह हादसा हुआ उसे समय दूर तक कोई भी आदमी या वाहन नहीं आ-जा रहा था। नहीं तो बड़ा हादसा संभव था। गौरतलब है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कई बार क्षेत्र के सभी चीनी मिलों के प्रबंधकों और मिल प्रशासन के बीच बैठक कर निर्देशित किया गया कि कोई भी वाहनों में ओवरलोड गन्ना लादकर सड़कों पर ना चले। यदि ऐसा किया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इससे पहले तीन चार- बार शेरकोट में हाईवे 74 पर चुंगी नंबर 5 के पास गन्ने से लगे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट चुके हैं। पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे लोगों में असंतोष है।

### नर्स से सामूहिक दुष्कर्म: टेंपों से अगवा कर गजक खिलाकर किया बेहोश, दूसरे समुदाय के तीन युवकों की दरिंदगी

**मेरठ (आरएनएस )।** मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र में गढ़ रोड स्थित एक हॉस्पिटल की नर्स को दूसरे समुदाय के तीन युवकों और एक महिला ने टेंपो में अगवा कर लिया। एक महिला ने उसे गजक खिलाई। इससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसे एक मकान में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं के साथ लोहियानगर थाने पहुंचकर नर्स ने दो युवकों को नामजद करते हुए महिला समेत चार के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। विश्व हिंदू परिषद के शास्त्रीनगर प्रखंड मंत्री आशीष गुप्ता के साथ युवती शुक्रवार को लोहियानगर थाने पहुंची। उसने बताया कि वह नर्स है। बुधवार शाम ड्यूटी खत्म कर वह तेजगढ़ी चौराहे से टेंपो से घर जा रही थी। टेंपो में बैठी एक महिला ने युवती को गजक दी। गजक खाते ही वह बेहोश हो गई, उसे अलीपुर ले जाकर एक मकान में दुष्कर्म किया गया। वहां से वह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि युवती एक आरोपी की पहले से परिचित है। उसने पहले बंधक बनाकर मारपीट करने की तहरीर दी थी। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। बाद में युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी दाऊद, उसके भाई वाहिद और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी एसटीएफ के हाथ चढ़ा यूपी का कुख्यात हथियार सप्लायर अनिल बंजी, हथियारों का जखीरा बरामद

**मेरठ। (आरएनएस)** यूपी एसटीएफ की टीम ने मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए वेस्ट यूपी के कुख्यात हथियार सप्लायर अनिल बंजी को गिरफ्तार किया है। बंजी के पास से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियारों का जखीरा और कारतूस बरामद किए गए हैं। यूपी एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक कुख्यात अनिल बंजी को मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।



अनिल बंजी के पास से एक यूएस मेड विगहेस्टर राइफल, 15 कारतूस, मैगजीन, यूएस मेड स्प्रिंगफील्ड राइफल, 12 बोर की ऑर्डिनेंस रिपीटर गन सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। बताते चलें कि अनिल बंजी वेस्ट यूपी का कुख्यात हथियार सप्लायर है। जो यूपी, पंजाब, हरियाणा के गैंग्स को हत्याआधुनिक हथियारों की सप्लाई करता रहा है। मेरठ में कृषि विश्वविद्यालय के डीन पर हुए हमले में भी बंजी ने ही शूटरों को पिस्टल बेची थी। पूर्व में बंजी का एक गुर्गा 17 असलाह और 700 कारतूस के साथ पकड़ा गया था। वहीं, बंजी का एक अन्य साथी शामली में एक-47 के साथ गिरफ्तार हुआ था। एसटीएफ की टीम बंजी से पूछताछ में जुटी है।

# शॉर्ट सर्किट से खाक हुई किराने की दुकान, लाखों का नुकसान

**मेरठ। (आरएनएस )** देर रात लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में वोल्टेज फ्लक्चुएशन के चलते हुए शॉर्ट सर्किट से किराने की दुकान में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की कॉल ना मिलने पर स्थानीय नागरिकों ने समरसेबल की मदद से लगभग दो घंटे की मशक्कत कर के बाद आग बुझाई। आग में लाखों के नुकसान की बात सामने आई है। घटना के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार बताते हुए क्षेत्रीय व्यापारियों ने पीड़ित को मुआवजे की मांग उठाई है।



दरअसल, रशीद नगर ढलाई वाली गली में फिरोज की किराने की दुकान है। फिरोज की दुकान के पड़ोस में डेयरी चलने वाले अब्दुल माजिद चौधरी ने बताया कि देर रात करीब 1:30 बजे फिरोज की दुकान में भीषण आग लग गई। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने फायर ब्रिगेड के कंट्रोल रूम में कॉल की, मगर कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद स्थानीय निवासियों ने माजिद की डेयरी में लगा समरसेबल चलाते हुए लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। गनीमत रही कि इस दौरान दुकान में रखे फ्रिज आदि का कंप्रेशर नहीं फटा, नहीं तो हादसा और बड़ा हो सकता था। उधर, घटना के बाद पीड़ित व्यापारी फिरोज सदमे में है। फिरोज ने बताया कि आग के चलते दुकान में लगभग पांच लाख का नुकसान हुआ है। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि तीन दिन पहले विद्युत विभाग द्वारा केबिल लाइन बदली गई थी। जिसके बाद से क्षेत्र में वोल्टेज फ्लक्चुएशन के चलते कई लोगों के विद्युत उपकरण फुंक चुके हैं।

उन्होंने हादसे के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार बताते हुए पीड़ित व्यापारी को मुआवजा दिए जाने की मांग की।

**अफरा-तफरी** अधिकारियों का कहना है कि एक महिला गिरी थी, कोई हताहत नहीं है, एडीजी, कमिश्नर, डीएम भी मौके पर

# प्रदीप मिश्रा की कथा: अनियंत्रित हुई भीड़,कई महिलाएं चोटिल

**मेरठ (आरएनएस )।** मेरठ के शताब्दी नगर में चल रही प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण के दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। एंट्री गेट पर कई महिलाएं गिर पड़ीं। महिलाओं को हल्की चोटें भी आई हैं। बताया गया कि कथा का आज छठा और अंतिम दिन था।

**आज ढाई लाख पहुंची श्रद्धालुओं की संख्या**

हर दिन जहां डेढ़ लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे थे वहीं आज श्रद्धालुओं की संख्या ढाई लाख पहुंच गई। बताया गया कि व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत आई। भीतर की तरफ पंडाल पूरी तरह फुल हो गया, जबकि बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो गए थे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी थीं। बाहर जमा श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कई महिलाएं मामूली रूप से चोटिल हो गईं।

**ये बोले आयोजक**

हालांकि आयोजकों को कहना है कि कथा स्थल पर भगदड़ नहीं मची बल्कि बाहर ज्यादा संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, ऐसे में पंडाल के बाहर जमा श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाने में परेशानी हुई। इस दौरान कुछ महिलाएं गिर गईं। फिलहाल व्यवस्था बनाई जा रही है। पुलिस मौके पर मौजूद है। बताया गया कि कथा स्थल के सभी पंडाल फुल हो चुके हैं। जितनी जनता पंडाल के अंदर थी। उससे ज्यादा पंडाल के बाहर रही। अंतिम दिन होने के कारण कई जगह बैरिकेडिंग की गई है।

**गुरुवार को कथा में बोले प्रदीप मिश्रा, मिट नहीं सकती सनातन की सुगंध**

शताब्दीनगर में चल रही शिव महापुराण कथा में गुरुवार को कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि परमात्मा ने जो भी अवसर दिए हैं, उनका सदुपयोग करें। अगर सदुपयोग कर लिया तो फिर कोई आपको गिराने वाला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म दैवीय सुगंध है।

सनातन की सुगंध को कोई मिटा नहीं सकता। कथा में महामंडलेश्वर अनंतदास महाराज (फ्लाइट बाबा) भी पहुंचे। पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने व्यास पीठ का पूजन किया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अगर कोई असमर्थ बालक या बालिका को शिक्षा दिलवा सके तो इससे बेहतर कोई दान नहीं है। महीने में एक शिवरात्रि, वर्ष में बारह शिवरात्रि और महाशिवरात्रि आती है, वहीं शिव कथा के मध्य में नित्य ही शिवरात्रि आती है। कथा से पूर्व वीआईपी पंडाल से कुर्सी हटा दी गई। कुर्सी हटाने पर उन्होंने कहा कि बहुत प्रसन्नता हो रही वीआईपी वालों के घुटने मेरे भोले बाबा ने सही कर दिए हैं। सभी नीचे जमीन पर आराम से बैठे हैं।

**कथा व्यास ने कहा- चींटी से एकजुट होना सीखें**

कथा व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने भी नारा दिया है- बंटोगे तो कटोगे। यह संदेश सबको साथ जोड़ने के लिए है। उन्होंने कहा कि सभी समूह में रहें। चींटी भी हमें ज्ञान देती हैं। चींटियां समूह में चलती हैं। इसलिए चींटी से एकजुट होना सीखें। एकजुट होकर कचरे में भी शक्कर का दाना निकाल लेती हैं।

अंतिम दिन व्यवस्था बनाने में छूटे आयोजकों के पसीने कथा के दौरान अंतिम दिन भारी भीड़ से अव्यवस्था हावी रही। भीड़ अधिक होने के कारण हर तरफ बैरिकेडिंग की गई थी। वीआईपी कार्ड धारकों को गेट नंबर 1 से अंदर भेजा जा रहा था। इसी दौरान काफी संख्या में महिलाएं इस गेट की ओर चली आईं। पुलिस ने इस गेट से महिलाओं को जाने से रोका तो इसी दौरान कुछ महिलाएं पीछे लौटते समय नीचे गिर गईं। नीचे गिरी महिलाओं को अन्य श्रद्धालुओं ने उठाया। इसी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे कथा में भगदड़ की अफवाह फैल गई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि कथा में किसी तरह की कोई भगदड़ नहीं मची है। कोई घायल हुआ है कथा सुचारू रूप से चल रही है। भगदड़ की सूचना अपवाह है। एसपी क्राइम भी मौके पर मौजूद हैं।

# सूर्यकुण्ड मामले में बौद्ध भिक्षुओं का आठवें दिन भी धरना जारी, सपा सांसदों ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं।** सूर्यकुंड मामले को लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। मालवीय आवास में बीते आठ दिन से बौद्ध भिक्षुओं का धरना जारी है। बौद्ध भिक्षुओं ने प्रशासन से कहा है कि 20 दिसंबर तक समाधान नहीं हुआ तो 21 दिसंबर को वह सूर्यकुंड पर बने बौद्ध स्थल पर जाकर पूजा पाठ करेंगे। ऐसे में पुलिस-प्रशासन के सामने कानून व्यवस्था का संकट पैदा हो सकता है। सूर्यकुंड बौद्ध विहार मझिया में पूजा- अर्चना शुरू कराने को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का धरना नौवें दिन भी जारी रहा। धरने पर मुख्य रूप से बौद्ध भिक्षुओं के अलावा अन्य संगठन के लोग भी समर्थन देने पहुंचे। देर शाम कांग्रेस नेता अजीत सिंह ने धरनास्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया।

बता दें कि बौद्ध विहार मझिया में करीब दस दिन पहले शिवलिंग को दबाने का मामला सामने आया था। हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने शिवलिंग को जमीन से बरामद करते हुए बौद्ध विहार में किसी प्रकार की पूजा अर्चना न करने की हिदायत दी थी। इसी को लेकर बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्राट अशोक बुद्ध पर्यटन स्थल संघर्ष मंडल के तत्वावधान में बौद्ध भिक्षु मालवीय आवास पर धरने पर बैठे हैं।



बृहस्पतिवार को धरनास्थल पर कई संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे और धरने का समर्थन किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बौद्ध भिक्षुओं को बौद्ध विहार मझिया में पुनः प्रवेश कराकर पूजा अर्चना करने दी जाए। इस मौके पर रामेश्वर शाक्य, डॉ. क्रांति कुमार, वीरेंद्र जाटव, सतीश, इंजीनियर हर्षवर्धन, भानुप्रताप शाक्य, केसी हरिओम सैनी, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे। आंवला के सांसद नीरज मौर्य ने लोकसभा में लगाया प्रश्न आंवला के सांसद नीरज मौर्य लोकसभा में मझिया गांव में बुद्ध विहार को लेकर सवाल उठाएंगे। उन्होंने लोकसभा में शून्य काल में इस प्रश्न को लगाने की अनुमति मांगी है। सांसद ने कहा है कि बदायूं के मझिया गांव में बुद्ध विहार में कब्जा किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा समस्त बुद्ध विहार स्थलों का विकास कराया जाए। सम्राट अशोक के जन्मदिन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। इसके अलावा बुद्ध विहार मझिया में पुनः बौद्ध भिक्षुओं को स्थापित कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।बता दें कि बौद्ध विहार मझिया में करीब दस दिन पहले शिवलिंग को दबाने का मामला सामने आया था। हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने शिवलिंग को जमीन से बरामद करते हुए बौद्ध विहार में किसी प्रकार की पूजा अर्चना न करने की हिदायत दी थी।

इसी को लेकर बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्राट अशोक बुद्ध पर्यटन स्थल संघर्ष मंडल के तत्वावधान में बौद्ध भिक्षु मालवीय आवास पर धरने पर बैठे हैं।

# शिक्षित महिलायें होती हैं, समाज की कड़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बदायूँ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, मनोज कमार तृतीय के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्यकम विधान से समाधान के अन्तर्गत विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन ब्लाक जगत सभागार, जनपद बदायूं में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायू शिव कुमारी, की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बी०सी०पी०एम०, सी०एच०सी०, जगत बदायूं, श्री मुनेन्द्र सिंह, द्वारा अपने वक्तव्य में बताया कि जब हम लोग स्वस्थ्य होगें तभी हम जागरूकता प्राप्त कर पायेगें इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत कार्यरत आशा बहुओ एवं ए०एन०एम० के द्वारा किये जाने वाले कार्यों के योगदान के वारे में विस्तार पूर्वक बताया। ग्राम पंचायात सचिव, श्रीमती रीना पाठक, द्वारा अपने वक्तव्य में सरकार द्वारा संचालित महिलाओं के हितार्थ विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया।

# अनुसूचित जाति की भूमि पर जबरन कब्जा किया जाने के विरोध में उतरे- भीम आर्मी छात्र संघ जिला अध्यक्ष विकेश कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला।** अनुसूचित जाति की भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने के विरोध में भीम आर्मी छात्र संघ जिला अध्यक्ष विकेश कुमार अपनी टीम के साथ धरने प्रदर्शन में समाज के लोगों के बीच पहुंचे और पीड़ित परिवार को उनकी जमीन चलने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर कार्यवाही की मांग की। दरअसल आपको बता दें कि धनौरा तहसील में अनुसूचित जाति की भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने के विरोध में चल रहे धरने में भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने भाग लेकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनों पर कब्जा नहीं होने दिए जाएगा।



हिसाब कर पर छात्र संघ जिला अध्यक्ष विकेश कुमार मंडल उपाध्यक्ष अपनी टीम के साथ धन्य प्रदर्शन में समाज के लोगों के बीच जाकर उनकी बात सुनी और उन्हें उनकी जमीन दिलाने का भरोसा दिलाया इस मौके पर प्रशांत फोन्दपुरिया, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, आफताब सैफी आदि मौजूद रहे।

# प्रजापति समाज ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भेंट कर प्रजापतियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** प्रजापति समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भेंट की और उनसे उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे प्रजापतियों की विभिन्न समस्याओं की चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि प्रदेश में विगत समय से प्रजापति समाज का उत्पीड़न किया गया है। कई मामले तो ऐसे हैं जिनकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की गई। ऐसे मामलों की एक सूची भी पूर्व मुख्यमंत्री को दी गई। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने उनसे यह भी मांग की कि प्रजापति समाज को पार्टी के जिले से लेकर राष्ट्र तक के संगठन में उचित भागीदारी दी जाये। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी को आश्वस्त किया कि समय आने पर प्रजापति समाज को संगठन व अन्य पदों पर उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा और समाज के पीड़ित परिवारों को लाभ भी दिया जाएगा। भेंट वार्ता में हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद आदि सहित 27



जनपदों के प्रजापति/कुम्हार समाज के प्रतिनिधि सम्मिलित रहे। अमरोहा जनपद से श्योनाथ सिंह प्रजापति और नवनीत कुमार एडवोकेट शामिल रहे। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व मोदनगर निवासी रमेश प्रजापति ने किया।

# भूमि विवाद मामले में न्यायालय ने जारी किया नोटिस,आरोपी को पेश होने का आदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** मीरगंज तहसील के न्यायालय उप जिला अधिकारी ने एक भूमि विवाद मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी नवल किशोर त्रिपाठी को 26 दिसंबर 2024 को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया है। यह आदेश इस्माइल खां द्वारा दर्ज कराए गए वाद के तहत जारी किया गया है।

आरोप है कि नवल किशोर त्रिपाठी द्वारा भूमि से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिसे लेकर वादी ने धारा 35(2), राजस्व संहिता, 2006 के तहत मामला दर्ज कराया है। न्यायालय ने आरोपी को चेतावनी दी है कि यदि वह निर्धारित तारीख पर पेश नहीं हुआ तो मामले की सुनवाई एकतरफा करते हुए फैसला सुनाया जाएगा।

न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि आरोपी को समस्त

**मामले की अगली सुनवाई 26 दिसंबर 2024 को निर्धारित की गई है। यह मामला न्यायिक प्रक्रिया के तहत भूमि विवादों में न्यायिक हस्तक्षेप और पारदर्शिता की आवश्यकता को उजागर करता है**

दस्तावेजों और कानूनी पक्ष के साथ अदालत में उपस्थित होना होगा।

**क्या है मामलाः**

इस्माइल खां ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने भूमि विवाद से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया है। मामले की सुनवाई के लिए वादी की ओर से प्रस्तुत तर्कों को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए आरोपी को नोटिस जारी किया है।

**अदालत की चेतावनीः**

न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि आरोपी की अनुपस्थिति में फैसला उसके खिलाफ भी जा सकता है। इसलिए समय पर पेश होकर अपना पक्ष रखना आवश्यक है।

**अगली सुनवाई की तारीखः**

मामले की अगली सुनवाई 26 दिसंबर 2024 को निर्धारित की गई है। यह मामला न्यायिक प्रक्रिया के तहत भूमि विवादों में न्यायिक हस्तक्षेप और पारदर्शिता की आवश्यकता को उजागर करता है।

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का फूंका पुतला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** युवा मोर्चा संभल द्वारा गुरुवार को संभल के चंदौसी चौराहे पर





कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का पुतला फूँका गया `राहुल गांधी द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के बनाये संविधान को तोड़ मरोड़कर पेश करने की कोशिश की गई और देश के ग्रह मंत्री अमित शाह जो बाबा साहेब अंबेडकर जी के अनुयायी हैं उन्ही के बनाये संविधान पर चलने की राह दिखाते हैं`राहुल गांधी जी द्वारा ऐसे महापुरुष अमित शाह को अपशब्द कहे गए तथा अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में कहे गए शब्दों को गलत तरीके से आम जनता में पेश किया गयो

**गांव व शहर की जनता में रोष, लगा रही है राहुल हाय हाय के नारे**

जिससे भाजपा युवा मोर्चा ही नहीं बल्कि आम जनता में भी राहुल गांधी के प्रति रोष है आज इसी संबंध में राहुल गांधी का पुतला फूँका गया इस मौके पर जिला महामंत्री युवा मोर्चा सोनू चाहाल,अरविंद प्रजापति, उमंग अग्रवाल, आराम सिंह यादव,वीरेश यादव,अनूप राघव, रिपिल चौधरी, बालमुकंद शर्मा,यशपाल सिंह,दक्ष, उदयवीर, पप्पू, योगेंद्र यादव, नीरज यादव, जुगल किशोर यादव,ललित मोहन शर्मा,अतुल भारद्वाज,अरविंद यादव, रोहित ,सुमित चौहान, रोविन चौधरी,अंकुर,धारीबाल, गगन गुप्ता, साजन श्रीमाली आदि उपस्थित रहे ।

# एनकेबीएमजी डिग्री कॉलेज में हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के संभल गेट स्थित एन.के.बी.एम.जी.डिग्री कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार स्वर्गीय प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के क्रम में 'अटल बिहारी बाजपेई एवं सुशासन' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न महाविद्यालय राजकीय कॉलेज संभल, एम जी एम कॉलेज संभल, एस एम कॉलेज चंदौसी, बहजोई कॉलेज बहजोई, विवेकानंद लॉ कॉलेज एवं एन.के. बी.एम.जी.डिग्री कॉलेज के कुल 24 छात्रों ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एस एम कॉलेज की इशिता गौड़,द्वितीय स्थान पर विवेकानंद लॉ कॉलेज की कुमारी वंशिका अग्रवाल व तृतीय स्थान पर राजकीय कॉलेज की कु. भावना रही। प्रतियोगिता का निर्णय जनपद संभल के उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी प्रोफेसर राष्ट्र वर्धन एवं एन.के. बी.एम.जी.डिग्री कॉलेज की बी. एड. विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमिता चौधरी ने किया।



महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर संगीता गोयल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार राम के व्यक्तित्व पर उनके शत्रुओं ने भी प्रश्नचिह्न लगाने का साहस नहीं किया उसी प्रकार राजनीति के कुचक्र रूपी दलदल में भी अटल बिहारी वाजपेई का व्यक्तित्व बेदाग रहा और उस पर विपक्ष भी कभी प्रश्नचिह्न नहीं उठा सका। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रीता ने छात्राओं से कहा कि सुशासन सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना और सुशासन से जोड़ना है । युवा देश का भविष्य है, इसलिए आवश्यक है कि युवा सुशासन व्यवस्था से एवं अपने प्राचीन महान विभूतियों से परिचित हों। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रीता एवं डॉ बबीता ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर विभा सिंह ने किया ।कार्यक्रम संचालन करते हुए विभा सिंह ने बताया कि प्रेमचंद ने कहा था कि साहित्य राजनीति के आगे जलने वाली मशाल है तो जब एक राजनेता स्वयं साहित्यकार हो तो यह आवश्यक है कि उसका शासन सुशासन अवश्य होगा। इस अवसर पर बहजोई महाविद्यालय बहजोई के प्राध्यापक डॉक्टर श्रीनिवास सिंह यादव, स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज के प्राध्यापक डॉक्टर सर्वेश कुमार, एवं एमजीएम पीजी कॉलेज की प्राध्यापिका डॉक्टर अनुभा गुप्ता उपस्थित रही।

# आधार कार्ड बनाने के नाम पर,जनता के साथ खिलवाड़, डाकघर में आधार कार्ड के नाम पर अवैध बसूली: सूत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** चंदोसी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने डाक विभाग के कर्मचारी पर आधार कार्ड बनवाने के नाम पर रिश्वत मांगने, वसूली करने का आरोप लगाया है। सुविधा शुल्क न देने पर परेशान करने का भी आरोप लगाया है। नगर के मुख्य डाकघर में आधार कार्ड बनाने, संशोधन करने का काम किया जाता है। जिस कारण बड़ी संख्या में लोग ऐसे ठण्ड के मौसम मे सुबह सात बजे से ही लाइन में खड़े हो जाते हैं लेकिन आरोप है कि यहां के कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क लिए आधार कार्ड बनाने और संशोधन नहीं करते है। शुक्रवार को नगर तथा आसपास के क्षेत्र के काफी लोग दिन भर लाइन में लगे रहे लेकिन सुविधा शुल्क की डिमांड पूरी नहीं करने के कारण कर्मचारीयो ने इन लोगों को बैरंग लोटा दिया।




जिसके बाद जमील सहित सोतीपुरा निबासी ने बताया कि मेरे तीन बच्चे सुबह से बाहर खड़े है लेकिन सुनने बाला कोई नहीं हैसौ रुपए से दो सौ रुपए तक लेकर टोकन दिए जा रहे है`दर्जन भर लोगो ने डाक विभाग पर पैसे लेकर आधार कार्ड संशोधन तथा बनाने की शिकायत की है।

# 23 व 24 दिसंबर को बदायूं क्लब में होगा मिलेट्स महोत्सव व प्रदर्शनी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि माननीय स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्मोत्सव 23 दिसंबर 2024 को किसान सम्मान दिवस एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव मिलेट रेसिपी कार्यक्रम तथा हस्तशिल्पी बन्धुओं द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी दिनांक 23 व 24 दिसंबर को बदायूं क्लब बदायूं में पूर्वाह्न 11:00 से आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर कृषि, पशुपालन, गाना, मत्स्य, उद्यान, रेशम विभागों तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम एवं एनएफएसएम योजना अंतर्गत बाजरा, रागी, कोदी, सांगा फसलों पर क्रॉप कटिंग के आधार पर उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जाएगा तथा हस्तशिल्पियों को भारत सरकार के प्रतिनिधि द्वारा प्रमाण पत्र निर्गत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मिलेट्स को बढ़ावा देने एवं आम जनमानस को मिलेट्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट संचालको द्वारा मिलेट्स से तैयार खाद्य उत्पादों के स्टाल लगाए जाएंगे।

# बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के कार्यालय पर बैठक का आयोजन कर कल कलेक्ट्रेट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के खिलाफ समाजवादी पार्टी के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय सम्भल को देने के लिये रणनीति बनाई गई बैठक में अपने विचार रखते हुए फिरोज खाँ ने कहा है कि भाजपा के लोग बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सम्मान नहीं करते हैं। इसीलिए इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह जी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान किया है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह की माफी एवं इस्तीफे को लेकर सांसदों की मांग सही है।प्रधानमंत्री जी को चाहिए कि गृह मंत्री अमित शाह जी का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से ले लेंना चाहिए बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी पिछड़े, दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितों और पीड़ित वर्गों के भगवान हैं। पीडीए के लोग बाबा साहब को भगवान मानते हैं। भगवान की तरह उनका सम्मान करते हैं। आज गांव गांव घर-घर उनको पूजा जाता है। हम सब लोग भी उनका बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने देश का संविधान बनाया सबको हक, अधिकार और सम्मान दिलाया। बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से गरीब




और वंचित समाज को सम्मान पूर्वक जीने का रास्ता दिखाया। भाजपा बाबा साहब का संविधान नहीं मानती है। पूरा देश देख रहा है कि भाजपा के लोग बाबा साहब अंबेडकर के लिए किस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। यह वही लोग हैं जो बाबा साहब अंबेडकर के बनाए हुए संविधान को बदलना चाहते थे। यह लोग लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। यह संविधान नहीं मन विधान से चलने वाले लोग हैं।भाजपा के लोग पिछड़ों, गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आधी आबादी से नफरत करते हैं। भाजपा के लोगों ने पीडीए का हक छीना है जनता के सामने बुनियादी सवाल वही है कि नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिले, किसानों की आय दोगुनी हो, महंगाई कम हो, बेरोजगारी कम हो लेकिन भाजपा ध्यान हटाने के लिए नए-नए साजिश और षड्यंत्र करती है।भाजपा सरकार वन नेशन वन इलेक्शन लाकर देश को तानाशाही की तरफ ले जाना चाहती है। भाजपा लोकतंत्र में एकतंत्र चलाना चाहती है। क्षेत्रीय और जमीनी मुद्दों से ध्यान हटाकर बड़े मामलों पर चुनाव करा कर पूरे देश को अपने हाथ में लेकर कब्जा करना चाहती हैं।कल बहजोई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के इस्तीफे व देश से माफी मांगे जाने को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन दिया जायेगा बैठक मे शामिल रहे गौरव यादव जबर सिंह यादव अजय सागर रोहित गौतम आरिफ खान शाइन कुरैशी शान बिलाल अब्बास खान मोनिस इमरान रिजवान खान अमर पाल रामरहीस यादव रशीद मलिक गुलाम मुस्तुफा फैजान शाही अजय कुमार।

**सौपा ज्ञापन** | **प्रदर्शन कर सीएमओ को सौपा ज्ञापन**

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा दिया गया एक दिवसीय धरना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई ।** गुरुवार 20 दिसंबर को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के आवाहन पर डिप्लोमा फामेर्सी एसोसिएशन के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने पर उपस्थित फार्मासिस्ट संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रदेश में कार्यरत फार्मासिस्टों एवं संवर्ग में उच्च पदों के वेतनमान पद योग्यता एवं कार्य दायित्व के अनुरूप प्रदान न किए जाने पर रोष व्यक्त किया। धरने पर उपस्थित फार्मासिस्ट ने पदनाम परिवर्तन किए जाने,औषधियों का नुस्खा लिखने का अधिकार न दिए जाने, पदों के सृजन के मानक में संशोधन किए जाने सहित संवर्ग की अन्य लंबित मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की सरकार से मांग की। धरने पर






उपस्थित फार्मासिस्ट ने यह निर्णय लिया कि डिप्लोमा फामेर्सी एसोसिएशन के 24 सूत्री मांग पत्र पर यदि सकारात्मक निर्णय लेकर शासनादेश निर्गत करने के लिए सरकार को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन देने बालो को हिमेश नाथ जय किशोर, नेत्रपाल सिंह, पारस रस्तोगी, सतीश तिवारी, रविंद्र कुमार कुलश्रेष्ठ शर्मा, शिव कुमार एवं महेश चंद आदि उपस्थित रहे।

# रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में तीन दिवसीय स्पोर्टस मीट का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** नगर के रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में तीन दिवसीय स्पोर्टस मीट का समापन हुआ। तीसरे दिन बच्चों ने बढ चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चों ने लेमन रेस, फ्रॉग रेस, जम्प रेस जैसे खेलों में भाग लिया, जिसम प्रथम स्थान पर पार्थ, अवनी काव्यांश, ईशु, सिद्धी, पीयूष द्वितीय स्थान पर अंश, जिया सानवी, देवांश, ऑनिस व तृतीय स्थान पर सिवी, आर्यन, आयुषी वैष्णवी रहे। फुटबाल में अजरान व प्रशांत की टीम ने जीत हासिल की। खो-खो में कैप्टन वरूण कैप्टन कनिष्का, कैप्टन दिव्या की टीम ने जीत हासिल की। क्रिकेट में कैप्टन मानव, कैप्टन अर्थव, कैप्टन अर्थ एवं कैप्टन अरहान की टीम ने जीत हासिल की। बैडमिंटन में अजरान, दीपांशु ,दक्ष, वरूण, मनु, जितेश, अनुष्का, यशी, सोनिया, कदम, कृष्णा प्रताप, पल्लवी आदि नं जीत हासिल की। लूडो में कीर्ति व वैष्णवी, पूर्वी, मानवी, सिम्मी आकृति आदि विजेता रहे। सभी प्रतियोगिताएं के स्पोर्टस क्लब को अध्यक्ष संदीप यादव, प्रधानाचार्य समीर प्रभाकर, लीना प्रभाकर समेत रीतू, निकिता त्यागी, शिल्पा शर्मा, खुशी, प्रियांशी आदि की देखरेख में सम्पन्न हुई। आज 21 दिसम्बर को प्रधानाचार्य समीर प्रभाकर विजयी छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।



# राज शांडिल्य, सुनील दर्शन, राहुल रॉय, अभय सिंहा, रजनीश दुग्गल, चाहत खन्ना, समेत बॉलीवुड की कई हस्तियां सम्मानित हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** फिल्म निमार्ता नितिन मिश्रा ने उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा यूपीएए अवार्ड्स 2024 का आयोजन किया । इस 31वे अवार्ड समारोह में बॉलीवुड समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, बेबी रानी मौर्या मंत्री, पर्यटन मंत्री

**फिल्म निमार्ता नितिन मिश्रा ने किया यूपीएए अवाड्र्स 2024 का आयोजन, कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सचान, मंत्री बेबी रानी मौर्या , पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह जी, और मुख्ययमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद रहे**

जयवीर सिंह और मुख्ययमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने किया। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने यूपीएए के संरक्षक नितिन मिश्रा समेत बॉलीवुड की कई हस्तियों को सम्मानित किया । मंत्री सचान ने संबोधन के दौरान आयोजनकर्ता नितिन मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा "इस प्रकार के आयोजन कला का सम्मान करने के साथ कला के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करते हैं।" साथ ही संस्थापक वामिक खान ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा "ऐसे अवॉर्ड कार्यक्रम समाज को एक सकारात्मक संदेश देते हैं और कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को पथ प्रदर्शित करते हैं।" तथा साथ ही संरक्षक नितिन मिश्रा ने मुख्य अतिथि व आए मेहमानों का आभार व्यक्त किया। नितिन मिश्रा एक प्रसिद्ध फिल्म निर्माता हैं। एवं अवॉर्ड समारोह सहित कई कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन के लिए जाने जाते हैं। वृंदावन कॉलोनी स्थित होटल ऑरनेट में आयोजित इस अवार्ड सेरेमनी के कार्यक्रम में फिल्मी जगत के साथ शिक्षा आदि क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फिल्मी दुनिया समेत शहर के नामचीन लोग शामिल हुए। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि जयवीर सिंह (पर्यटन मंत्री), , विनीत सिंह (एमएलसी), डॉ. जी. के. गोस्वामी (एडीजी) और प्रखर मिश्रा ( निर्देशक ,यूपी पर्यटन) फिल्म निमार्ता मयूर बारोट शामिल हुए। इस अवार्ड कार्यक्रम में नितिन मिश्रा, मुख्य संरक्षक यूपीएए और वामिक खान संस्थापक और अध्यक्ष यूपीएए का अभिन्न योगदान रहा। इस अवसर पर




वढअअ संस्था की ओर से प्रिंस आर्य ,नील श्रीवास्तव ,रईस खान, आरिफ खान ,डॉक्टर अंजुम ,उबेद अहमद सुफियान उपस्थित वैभवत गुप्ता इंडियन एडल ।

**अवार्ड सेरेमनी में कई बॉलीवुड हस्तियों को सम्मान**

यूपीएए अवाड्र्स 2024 में मुख्य अतिथि द्वारा फिल्मी जगत की कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह की इस कड़ी में प्रसिद्ध लेखक और निर्देशक राज शांडिल्य, बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक फिल्म निमार्ता लेखक अंदाज -2 के सुनील दर्शन, इम्पा अध्यक्ष और निर्देशक अभय सिन्हा, इंडियन आइडल के ऋषि सिंह और 14वें सीजन के विजेता वैभव गुप्ता, सा रे गा माँ पा के पार्श्व गायक विनीत सिंह को सम्मानित किया गया।

वहीँ साथ ही फिल्मी अभिनेताओं में राहुल रॉय, अरुण बक्शी, फैजान कुरेशीं, अनिल रस्तोगी, रजनीश दुग्गल, अंशुमान, शरद मल्होत्रा, विक्रम कोचर, संजय गंगनानी , मनीष राय सिंघानिया , रणदीप राय और रोहन गंगोतरा को अवार्ड दिए गए। साथ ही अभिनेत्री चाहत खन्ना, आम्रपाली दुबे, तूलिका बनर्जी, गुरप्रीत कौर, अभिनेत्री निशि, अभिनेत्री शाइनी दीक्षित, कनक पांडे, नियति सुरेश फतनानी को सम्मानित किया गया।

**शिक्षा और चिकित्सा की बड़ी हस्तियां सम्मानित**

इस अवार्ड समारोह के दौरान इंडिया रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ की महासचिव डॉ.हिमाबिंदु नायक, डॉ.लोकेन्द्र गुप्ता ( हेड इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर मेदांता हॉस्पिटल) तथा एरा विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. फरजाना महदी को सम्मानित किया गया ।

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान**

सम्मान की इस कड़ी में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें पत्रकार शाहिद सिद्दीकी , जुबैर अहमद , अब्दुल वहीद और आलोक यादव को सम्मानित किया गया। तथा साथ ही इसी कड़ी में कोमल महेंद्रू (मेकअप आर्टिस्ट), रूपेश कुमार (चिकित्सा), डॉ.देवाशीष शुक्ला (कैंसर संस्थान), सुमेधा गुप्ता (इंटीरियर डिजाइनर), डॉ. कादिर (स्वास्थ्य), सामाजिक कार्यों हेतु डॉ.राजेश गुप्ता, प्रिया भंडारी और सुजीत कुमार, इमरान खान, बिलाल नूरानी (शिक्षा), शमशाद. (उद्यमी), फरहान (उद्यमी), अनीस अहमद. (व्यापार), मेराज अंसारी (अधिवक्ता), रेनेन्द्र सक्सैना, डॉ. शैली महाजन (एचओडी-लोहिया अस्पताल) , डॉ. संजय श्रीवास्तव (शिक्षा), डॉ.नितिन पचौरी (होम्योपैथी), पल्लवी रानी (प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म कॉस्ट्यूम डिजाइनर), भोजपुरी गायिका पल्लवी राय, सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर डिजाइनर सुमेधा गुप्ता को सम्मानित किया गया।

यूपीपीए अवॉर्ड समारोह 2024 के दौरान मिस्टर यूपी और मिस यूपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देवेंद्र प्रताप सिंह ने मिस्टर यूपी और तनिष्का शर्मा ने मिस यूपी का खिताब अपने नाम किया । वही मिस्टर यूपी के प्रतियोगिता में दीपक शर्मा द्वितीय स्थान पर और मिस यूपी का मनीषा सिंह द्वितीय स्थान पर रनर अप रहे। तो मिस्टर यूपी की प्रतियोगिता में महेश सिंह तृतीय स्थान पर और मिस यूपी संजना यादव तृतीय स्थान पर रनर अप रही।

# कानपुर के सिपाही ने जेल जाने के भय से शादी के बाद गर्भपात करा घर से भगाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** एसीपी मोहसिन खान द्वारा आईआईटी छात्र के साथ उत्पीड़न का मामला अभी थमा नहीं है कि इसीबीच एक और युवती ने सिपाही पर शादी के नाम पर बलात्कार करने और गर्भपात करने का आरोप लगाया है। कमिश्नर कार्यालय में युवती द्वारा बवाल किए जाने के बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

यह घटना आज शुक्रवार को यहां पुलिस कमिश्नर ऑफिस में तब प्रकाश आई जब पुलिस कमिश्नर ऑफिस में एक महिला जमीन पर बैठ गई। बोली- जब तक मुझे इंसाफ नहीं मिलेगा, यहीं बैठी रहूंगी। इसी दौरान एडीसीपी महिला क्राइम अमिता सिंह जब उसे समझाने के लिए पहुंची तो पीड़िता रोते हुए उनके पैरों में गिर पड़ी। बोली- अगर मुझे इंसाफ नहीं मिला तो यहीं जान दे दूंगी। इस महिला का आरोप है कि पनकी थाने में तैनात कॉन्स्टेबल ने शादी का झांसा देकर रेप और फिर अबॉर्शन कराया। इसके बाद शादी से मुकर गया।

पीड़िता का आरोप यह भी है कि कॉन्स्टेबल के खिलाफ तहरीर दी तो मुकदमे से बचने के लिए उसने

- **सिपाही पर लगाया रेप और अबॉर्शन का आरोप**
- **युवती ने कमिश्नर कार्यालय में सिपाही के खिलाफ किया हंगामा, जांच के आदेश**

शादी कर ली। 3 महीने अपने साथ रखा और फिर घर से भगा दिया। मामले में महिला को कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। घटना की जानकारी देते हुए कल्याणपुर बारासिरोही में रहने वाली युवती ने बताया कि कौशांबी सिराथू के डोलची डोरमा निवासी अभिषेक कुमार यूपी पुलिस में कॉन्स्टेबल है। अभी उसकी तैनाती कानपुर के पनकी थाने में है। युवती के मुताबिक, कॉन्स्टेबल ने उसे शादी का झांसा देकर अपने प्यार में फंसा लिया। इसके बाद कई बार फिजिकल रिलेशन बनाए। कुछ दिन बाद मुझे कुछ परेशानी हुई तो मैं डॉक्टर के पास गई। वहां पता चला कि मैं प्रेग्नेंट हूं। पीड़ित महिला का आरोप है कि इसके बाद कॉन्स्टेबल ने जबरदस्ती अबॉर्शन कराया और बाद में शादी से मुकर गया। मैंने उसके खिलाफ रेप और फिर अबॉर्शन कराने के मामले में मार्च 2023 में तहरीर दी। केस से बचने के लिए 5 अप्रैल, 2023 को कॉन्स्टेबल ने शादी कर ली। कोर्ट में रजिस्ट्रेशन भी कराया। इसके बाद अयोध्या में तैनाती के दौरान 3 महीने तक अपने साथ रखा। फिर मारपीट करके घर से भगा दिया। घटना में अधिकारियों ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का भरोसा देते हुए सिपाही के खिलाफ जांच की आदेश दिए हैं ।

# भाजपा,आरएसएस द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर का अपमान व मजाक नहीं सहेगा पीडीए : सुदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी बाबा साहब आंबेडकर वाहनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर पर मा गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गयी अपमानजनक टिप्पणी से देश भर के लोगो में बढ़ते आक्रोश के चलते गृह मंत्री को तत्काल माफी मांगनी चाहिए / देश के गृह मंत्री जैसे सम्मानजनक पद पर रहते हुए, संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मजाक उड़ाना पद की गरिमा को शोभा नहीं देता है सुदर्शन ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर देश के शोषित,वंचित,पीड़ित समाज में पूजनीय हैं। दलितों आदिवासियों पिछडो को बाबा साहब ने ही उनके हक अधिकारों की लड़ाई लड़ी, गृह मंत्री की बाबा साहब पर की गयी टिप्पणी बताती हैकि भाजपा किस तरह से सविधान और डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी से नफरत करती है ! भाजपा के नेता और आरएसएस गाहे बगाहे किसी न किसी रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संविधान को लेकर गलत बयान बाजी व सविधान को बदलने और खत्म करने की बाते करते रहते है सुदर्शन ने कहाकि अब पीडीए भाजपा,आरएसएस द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान व मजाक नहीं सहेगा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी की समाजवादी पार्टी बाबा साहब आंबेडकर वाहनी घोर निंदा करती हैं। बाबा साहब का ही नहीं, संविधान का भी अपमान है।"

# कुमारी अर्शा सिद्दीकी ने एक बार फिर लालबाग गर्ल्स कालेज का किया नाम रौशन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** हर वर्ष की भांति लालबाग गर्ल्स इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव और क्रिसमस

**लालबाग गर्ल्स इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव और क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न**



कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक रविदास मलहोत्रा के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राधानाचार्या श्रीमती निशा श्रीवास्तव के द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ तथा दुशाला पहनाकर सम्मानित किया गया।रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव को छात्राओं के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा १०वीं सेक्शन ३ की होनहार छात्रा कुमारी अर्शा सिद्दीकी ने फरिश्ते जनाबे अजरते जिब्राइल अलैहिस्सलाम के किरदार को बखूबी निभाकर अंजाम दिया।इस मौके पर कक्षा १०वीं की क्लास टीचर एस. ग्रैगरी ने प्रोत्साहित करते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

# कृषि विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय किसान गोष्ठी संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को माल में किया गया।

जिसमें ब्लॉक प्रमुख पति राम कुमार राही ने गोष्ठी का शुभारंभ किया कृषि प्रवक्ता डॉ.विद्वान कुमार मौर्य द्वारा समसामयिक विषयों पर किसान भाइयों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी गई एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के साथ साथ रबी फसलों में संतुलित उर्वरकों, कीटनाशकों के प्रयोग एवं फसलों से प्राप्त उपज का मूल्य संवर्धन हेतु जानकारी साझा की गयी।

सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सिकंदर यादव द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना,पीएम कुसुम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना समेत कृषि विभाग में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई।





विमल कुमार प्रभारी कृषि रक्षा इकाई माल द्वारा फसलों में लगने वाले विभिन्न रोग व उनके निदान के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया जिसमें कृषि रक्षा इकाई पर उपलब्ध सभी प्रकार के कृषि निवेशों/रसायनों के बारे में किसान भाइयों को जानकारी दी गई। इसी क्रम में राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी विशाल कुमार पाल द्वारा बीज गोदाम पर उपलब्ध कृषि बीज एवं उनके वितरण में किसानों को सब्सिडी एट सोर्स के माध्यम से मिलने वाले अनुदान के बारे में चर्चा की गई। प्राविधिक सहायक अभिषेक पति तिवारी द्वारा उपस्थित कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने संबंधी विस्तार से जानकारी दी गई । किसानों द्वारा समसामयिक खेती के प्रश्न भी पूछे गए जिनका जवाब कृषि विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

इस मौके पर कृषक गोष्ठी में खंड तकनीकी प्रबंधक डा० ज्ञानेश्वर सिंह,सहायक तकनीकी प्रबंधक अरविंद कुमार,ग्राम पंचायत बदैयां के ग्राम प्रधान रामकुमार,पूर्व प्रधान मसीढा. हमीर श्री कृष्ण,भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि कुंवर शेखर सिंह,प्रगतिशील कृषक राकेश कुमार,कृष्णपाल रावत,माता प्रसाद,रामकिशोर समेत भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# धर्मेन्द्र चौधरी बने डी.एल.एड संघ के जिला अध्यक्ष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** डी. एल.एड संयुक्त प्रशिक्षु संघ उ०प्र० रजिस्टर्ड के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान नीतेश पाण्डेय जी के द्वारा डीएलएड प्रशिक्षु हित में लगन और उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए संगठन की सर्व सहमति से धर्मेन्द्र चौधरी को संगठन का अलीगढ़ जनपद का जिला अध्यक्ष एवं चौ. रोहन सिंह को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर धर्मेन्द्र चौधरी और रोहन सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष नीतेश पांडेय का धन्यवाद करते हुए प्रदेश नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि वे संगठन के प्रति प्रशिक्षु हित में और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करके संगठन को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि लाखों की संख्या में डीएलएड/बीटीसी, टेट/सीटेट पास शिक्षक अभ्यर्थी पिछले 6 साल से नई भर्ती की प्रतीक्षा में हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले 6 साल से बेसिक विभाग में कोई शिक्षक भर्ती नही आयी है पहले भी हम समय- समय पर नई शिक्षक भर्ती की लड़ाई लड़ते आये हैं अब और अधिक मजबूती के साथ नई शिक्षक भर्ती की लड़ाई को लड़ा जायेगा।

# भाकियू हलधर के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर** । भारतीय हलधर किसान यूनियन केपदाधिकारियों के आदेश अनुसार शुक्रवार को गौतमबुदनगर में चल रहा किसानो का शांति पुर्ण धरना के समर्थन में माननीय प्रधानमंत्री मंत्री महोदय भारत सरकार नई दिल्ली व माननीय मुख्यमंत्री महोदय उ0सरकार लखनऊ के नाम उपजिला अधिकारी दीपक कुमार पाल शिकारपुर को ज्ञापन दिया। केंद सरकार द्वारा किसानो से किये गये वादे पूरे न होने पर पिछले 22 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान जगजीत ढललेवाल जीके स्वास्थ स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा हैं जिसमें लोग बहुत ही चिंतित हैं देश भर के किसान काफी रोष व्याप्त है सरदार जगजीत सिंह ढललेवाल को कुछ होता हैं तो केंद सरकार स्वयं जिममेदार होगी। उ0 प्र0 के जनपद गौतम बुद्ध नगर के किसान भूमि अधिग्रहण 64.7 प्रतिशत के मुआवजे को लेकर शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे थे तो सरकार ने मुआबजा न देकर किसानों को जेल भेजने का काम किया हैं। महिला किसानो के साथ दुरव्यवहार किया



गया है ।उनको भी जेल भेज दिया है ।जिसने सभी की अंतर आत्माओं को झक झोर कर रख दिया है आपसे अनुरोध कि जल्द से जल्द जेल में बंद किसानो को रिहा किया जाये ओर उनकी मांगो को मान लिया जाये अगर किसानो कि मागों को नही माना तो भा0हल0कि0यू0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सोलंकी एवं सयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर देश व प्रदेश में सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेंगे । ज्ञापन देने वालों में चेतन शर्मा तहसील अध्यक्ष शिकारपुर पंडित हरिओम गौतम प्रेमपाल सिंह ,पप्पन कुमार, लोकेश कुमार , आदि रहे।

# फर्जी कागजात के आधार पर विद्युत कनेक्शन लेने वाले पिता पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गोसाईगंज, लखनऊ।** दुकान मलिक के फर्जी कागजात तैयार कर बिजली कनेक्शन लेने वाले पिता- पुत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है। गोसाईगंज कोतवाली के अमेठी कस्बे पर सुल्तानपुर रोड़ स्थित इरफान अब्बासी की दुकान है। जिस पर फर्जी कागजात तैयार कर अमेठी कस्बा बाजार वार्ड निवासी शाबिर राईन उर्फ. नाना व इनके पुत्र, आरिफ राईन उर्फ. पोला व अरशद राईन ने बिजली कनेक्शन ले लिया। इसकी जानकारी होने पर दुकान मालिक इरफान अब्बासी ने इसकी लिखित शिकायत डीसीपी साउथ को की थी।लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर गोसाईगंज कोतवाली में आरोपी शबीर नाना इनके पुत्र आरिफ राईन उर्फ. पोला,व अरशद के खिलाफ जालसाजी व कूटरचित दस्तावेज की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है।



# तहसील सभागार में कोटेदारों के साथ एसडीएम ने की बैठक, अब किसान रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत आधार कार्ड नंबर को खेत से जोड़ा जाएगा: एसडीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** शुक्रवार को शिकारपुर तहसील सभागार में एसडीएम दीपक कुमार पाल ने किसान रजिस्ट्री योजना के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के सभी कोटेदारों के साथ की एक बैठक।जिसमें किसान रजिस्ट्री योजना के बारे में बताया गया कि यह योजना किसानों की रजिस्ट्री रहेगी जिसमें उनके आधार कार्ड नंबर को खेत से जोड़ा जाएगा। इसके लिए किसान को किसी भी नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर 5 मिनट में रजिस्टर करा सकते है।और खुद भी वेबसाइट पर अपना अकाउंट बना के रजिस्टर कर सकते हैं । इसमें सिर्फ आधार कार्ड नंबर और उससे जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर होना चाहिए और किस ग्राम में कौन सा खाता है उसकी जानकारी होनी चाहिए। इन तमाम बातों पर बैठक के दौरान विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है। साथ सभी राशन डीलरों से कहा गया है कि इस योजना का प्रसार प्रचार अपने अपने गांव में अधिक से अधिक करें। इस मौके पर शिकारपुर तहसील के राशन डीलरों के साथ-साथ सप्लाई इंस्पेक्टर नरेंद्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



**मुफ्त सुविधा** | शक्ति सदन के तहत विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत पीड़ित बेटियों और महिलाओं को दी जाएगी रहने की सुविधा

# प्रदेश के 10 जिलों में बेटियों को रहने की मुफ्त सुविधा देगी योगी सरकार

**ममदूद वारसी**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार सकटग्रस्त घरेलू हिंसा

- **प्रदेश के 10 शहर में 50-50 क्षमता वाले तैयार किये जाएंगे आवासीय भवन**
- **अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, झांसी, मीरजापुर, मेरठ समेत दस जिलों में दी जाएगी सुविधा**

से पड़ित और आपदा वाली महिलओं के पुर्नवासन और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए प्रदेश भर में शक्ति सदन का संचालन शुरू कर रही है। इसके लिए प्रदेश के 10 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें विभिन्न विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत पीड़ित बेटियों और महिलाओं को उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पुनर्वासन और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जाने का भी काम होगा। भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत सरकार इस योगी सरकार शक्ति सदन का संचालन करेगी। पाइलट प्रोजक्ट के तहत प्रदेश के 10 जिलों में शक्ति सदन के संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है और इसे शुरू करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। शक्ति सदन में 50 महिलाओं के रहने की व्यवस्था होगी। इसके लिए आवासीय भवन का चयन किया जा रहा है। यह भवन ऐसे स्थान पर होगा, जहां से जिला मुख्यालय निकट हो और उस स्थान तक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो।



**इन जिलों में शुरू होगा शक्ति सदन**

महिला कल्याण विभाग प्रदेश के 10 जिलों वाराणसी, अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोण्डा, बस्ती, मिजार्पुर और सहारनपुर में शक्ति सदन के संचालन योगी सरकार करेगी। शक्ति सदन के संचालन के लिए उपयुक्त आवासीय भवन की तलाश की जा रही है। इसके लिए भवन किराए पर लिया जाएगा। संबंधित जनपदों में 50 की स्वीकृत क्षमता वाले इन भवनों में महिलाओं और बेटियों के रहने की पूरी व्यवस्था होगी। शक्ति सदन में आश्रय, भोजन, कपड़े, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराया जाएगा। शक्ति सदन के सुचारू रूप से संचानल के लिए सेवा प्रदाता के माध्यम से 9 कर्मचारियों का जल्द से चयन किया जाएगा।

# डायट में आयोजित हुई जिला शिक्षक योग प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ में जिला शिक्षक योग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जनपद से लगभग 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल द्वारा रिजल्ट घोषित किया गया। निर्णायकों के अनुसार पुरुष वर्ग में अमित तोमर सहायक अध्यापक कंपोजिट विधालय कलालखेड़ा ब्लॉक कुंदरकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुलदीप कुमार कंपोजिट विद्यालय इंग्रॅहम डिलारी ने द्वितीय,जयपाल सिंह मालीपुर कुंदरकी ने तृतीय , रविंद्र शर्मा बिलारी से चतुर्थ स्थान, मोहर सिंह बिलारी से पंचम स्थान पर रहे।

**पुरुष वर्ग में अमित तोमर एवं महिला वर्ग में सीमा चौहान रही प्रथम**







महिलाओं में सीमा चौहान ठाकुरद्वारा प्रथम शाहीन परवीन बिलारी द्वितीय, फरीन कुंदरकी तृतीया, हिमांशी बंसल कुंदरकी चतुर्थ, रितु रानी कुंदरकी पंचम स्थान पर रही। योग प्रतियोगिता में डायट उपप्राचार्य सुरेंद्र सिंह रावत तथा डाइट प्रवक्ता शीत, अंशु गुप्ता और निर्णायक मंडल में जितेंद्र आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान मुरादाबाद पतंजलि योग परिवार, लक्ष्मी यादव पतंजलि योग परिवार, योगाचार्य हितेश आनंद नेशनल कोच एवं खिलाड़ी एवं पदम सिंह प्रवक्ता शारीरिक शिक्षण महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ की अहम भूमिका रही,' वर्षा भटनागर जिला व्यायाम शिक्षिका मुरादाबाद भी उपस्थित रही।जिले पर प्रथम आने वाले पुरुष वर्ग से प्रथम एक पुरुष महिला वर्ग से प्रथम एक महिला को लखनऊ में आयोजित होने वाली स्टेट योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए भेजा जाएगा।

## मिश्रीपुर के मुख्य रास्ते में जमा कीचड़ हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर में पानी की निकासी नहीं होने से मुख्य रास्ते पर गंदा पानी जमा होने से पूरे रास्ते में कीचड़ हो गई है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने पानी की निकासी न होने के कारण ग्राम प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया है। ग्राम मिश्रीपुर बाग के पास पानी की निकासी नही होने के कारण मुख्य रास्ते की हालत इतनी खराब है कि वहां से लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। यह गांव का मुख्य रास्ता है। इस रास्ते पर हर समय आम नागरिकों के साथ किसानों का आवागमन बना रहता है। लेकिन समस्या यह है कि अब तक इस सड़क के दोनों ओर नालों को पक्का करने की जरूर किसी भी ग्राम प्रधान या जनप्रतिनिधि ने नहीं उठाई है। सड़क के दोनों ओर नाला न होने से पानी की निकासी नहीं होती है। जिसके कारण गांव का गंदा पानी बीच रास्ते में जमा हो जाता है। जिसके चलते ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क में गंदे पानी का जमाबड़ा होने के कारण मच्छरों का प्रकोप भी काफी संख्या में हो रहा है। वही पानी में भी दुर्गंध आने लगी है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सरकार व तहसील प्रशासन से सड़क के दोनों ओर पक्का नाला बनवाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते इस सड़क के दोनों ओर पक्के नाले का निर्माण एवं सड़क का निर्माण शीघ्र ही कराया जाए, ताकि राहगीरों को परेशानियों को सामना न करना पड़े। प्रदर्शन करने वालों में प्रताप सिंह, अमित कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, रामसिंह, योगेश कुमार, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



## मंडल में धार्मिक स्थलों पर लगे विद्युत मीटरों की होगी चेकिंग, मंडलायुक्त ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** विद्युत विभाग के अधिकारी मंडल में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे में लगाए गए विद्युत मीटर चेकिंग अभियान चलाएंगे। इन धार्मिक स्थलों पर लगे मीटरों से अन्य कितने कार्य संचालित हो रहे ।

अन्य कार्यों की खपत कितनी है यह भी देखेंगे क्ल मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने आयुक्त सभागार में विकास कार्यों, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि काफी संख्या में लोगों ने पुराने जर्जर पोल मौजूद होने की शिकायत की हैं। जर्जर खंभों को शीघ्र विद्युत अधिकारियों को बदलवाना होगा। समीक्षा बैठक में सीडीओ रामपुर पूर्व अनुमति के बगेर गैर हाजिर रहे।मंडलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में सीडीओ की देखरेख में ब्लॉक बार विकास, सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर वास्तविक आंकड़े तैयार कराए जाएंगे। आंकड़ें तैयार करने के लिए एक माह का समय निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित करने और रैन बसेरों की स्थिति सही रखने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में सभी डीएम कंबलों की गुणवत्ता पर विशेष सतर्कता बरतें। प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर रैन बसेरों का औचक रूप से निरीक्षण करते रहें। बैठक में डीआईजी मुनिराज जी, सभी जिलों के डीएम, एसएसपी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 331 स्कूलों में निपुण आकलन करेंगी 94 टीमें, 80 फीसदी विद्यालय निपुण होने पर ब्लॉक को निपुण ब्लॉक घोषित किया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय स्कूलों के नौनिहालों को निपुण बनाने के लिए जिले में आकलन शुरू हो गया है। इसके लिए डीएलएड प्रशिक्षुओं की ड्यूटी लगाई गई है। एडी बेसिक का कहना है कि टीमें बना दी गई हैं और शनिवार तक आकलन पूरा हो जाएगा।

जिले के 1408 परिषदीय विद्यालयों में से निपुण आकलन के लिए 331 स्कूलों का चयन किया गया है। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के निर्देश पर जिले में डीएलएड प्रशिक्षुओं की 94 टीमें बनाई गई हैं। इन्हें एक दिन में दो विद्यालयों का आकलन करना है' जनपद के सभी ब्लॉक में 331 स्कूलों का निपुण आकलन शनिवार तक चलेगा। इसके लिए डायट प्रशिक्षुओं की 94 टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में दो-दो सदस्य रखे गए हैं। एक दिन में अधिकतम दो स्कूलों का आकलन कर टीम रिपोर्ट प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके लिए सभी को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैंक्ल यदि विद्यालय में 80 फीसदी छात्र-छात्राएं निपुण होते हैं, तो उस विद्यालय को निपुण घोषित किया जाएगा। इसी प्रकार, विकासखंड में 80 फीसदी विद्यालय निपुण का लक्ष्य प्राप्त करेंगे तो उसे निपुण ब्लॉक घोषित किया जाएगा। इसका डाटा प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। निपुण आकलन के लिए स्कूलों की सूची भी महानिदेशक कार्यालय से भेजी गई है तथा इसका रोस्टर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से तैयार किया गया है।फोटो भी एप पर अपलोड किए जाएंगे। दोनों विषयों में 75 फीसदी सवालों का सही उत्तर देने पर बच्चा निपुण माना जाएगा।

## फिट इंडिया अभियान के तहत एएमयू में खेल गतिविधियां संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** फिट इंडिया अभियान के तहत अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में आयोजित सप्ताह भर की खेल गतिविधियां संपन्न हो गईं। प्रो. रफीउद्दीन ने शारीरिक फिटनेस के महत्व पर जोर दिया और कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने से मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने शेड्यूल में रोजाना फिटनेस रूटीन शामिल करें और अपने फायदे के लिए शारीरिक फिटनेस को प्राथमिकता दें।सतत एवं प्रौढ़ शिक्षा एवं विस्तार केंद्र में, अवलोकन में शारीरिक स्वास्थ्य शिक्षा विभाग के डॉ. सैयद खुर्रम निसार द्वारा ह्यफिट इंडिया अभियानह्ल पर एक व्याख्यान भी शामिल था।केंद्र के निदेशक, प्रो शमीम अख्तर ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें खो-खो और बैडमिंटन शामिल हैं, जिसमें 75 से अधिक शिक्षार्थियों ने भाग लिया। खो-खो में शाजिया के नेतृत्व वाली टीम ए विजेता बनी, जबकि बैडमिंटन में माविया के नेतृत्व वाली टीम बी विजेता घोषित की गई।

मुख्य अतिथि, प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रो इमरान अहमद और विशिष्ट अतिथि, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रो सलमान खलील और अर्थशास्त्र विभाग के प्रो मोहम्मद तारिक ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए।

**समापन समारोह में यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन प्रो. निशात फातिमा और भूमि एवं उद्यान के प्रभारी सदस्य प्रो. जकी अनवर सिद्दीकी के साथ अन्य शिक्षकों ने भाग लिया**

बाद में, निदेशक, प्रो शमीम अख्तर द्वारा एक फिटनेस शपथ भी दिलाई गई, जिन्होंने धन्यवाद प्रस्ताव भी दिया।बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में मुख्य अतिथि डीन छात्र कल्याण प्रो. रफीउद्दीन ने फिटनेस शपथ दिलाई और फिटनेस वॉक को हरी झंडी दिखाई, जो बाब-ए-सैयद से शुरू होकर शताब्दी द्वार पर समाप्त हुई। विभाग की अध्यक्ष प्रो. सलमा अहमद ने डॉ. आसिफ अली सैयद, डॉ. मोहम्मद आफाक खान और डॉ. लामय बिन साबिर की स्पोर्ट्स एंड वेलनेस कमेटी के सहयोग से कार्यक्रम का समन्वय किया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को अपने व्यस्त समय से व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए समय निकालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतिदिन कम से कम एक घंटा आत्म-देखभाल और फिटनेस के लिए समर्पित करने के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. तारिक मुर्तजा के नेतृत्व में एक घंटे का योग सत्र और विमेंस कॉलेज की पूर्व शारीरिक निदेशक अजीजा रिजवी द्वारा आयोजित म्यूजिकल चेयर और थ्रो द बॉल इन द बकेट जैसे खेल भी शामिल थे।समापन समारोह में यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन प्रो. निशात फातिमा और भूमि एवं उद्यान के प्रभारी सदस्य प्रो. जकी अनवर सिद्दीकी के साथ अन्य शिक्षकों ने भाग लिया।

## सक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद मंडल की 117 ग्राम पंचायत में जमीन न मिलने से कूड़ा निस्तारण केंद्र अधर में लटके

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत मुरादाबाद मंडल की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कराया जाना है। लेकिन, 117 गांव ऐसे हैं जिनमें अभी तक जमीन ही नहीं मिल सकी है। इसके कारण आरआरसी केंद्र का निर्माण नहीं हो पा रहा है। उप निदेशक पंचायत ने जमीन तलाशने के लिए प्रशासन से मदद मांगी है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) को कूड़ा निस्तारण केंद्र कहा जाता है। मंडल की 3,692 ग्राम पंचायतों में से 3,561 में आरआरसी केंद्र बनाए जाने के लिए जमीन तलाश ली गई है। इनमें से 2,729 ग्राम पंचायतों में आरआरसी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है। अभी तक सभी आरआरसी केंद्र संचालित नहीं हो रहे हैं। कुछ जगहों पर आरआरसी केंद्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 117 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां अभी तक आरआरसी केंद्र के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई है।स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने और कूड़े-कचरे के सही प्रबंधन के लिए हर ग्राम पंचायत में आरआरसी केंद्र स्थापित किए जाने हैं। इन केंद्रों के माध्यम से कूड़ा निस्तारण, पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) और अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को प्रभावी तरीके से अंजाम दिया जा रहा है।

### 23 से 5 फरवरी तक चलेगा पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम 23 दिसंबर से जनपद के समस्त गोवंशीय एवं महेश्वंशीय पशुओं में खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का पांचवां चरण प्रारंभ किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कंसल ने बताया कि इसमें 23 दिसंबर से 5 फरवरी के बीच 45 दिन अभियान चलाया जाएगा। टीकाकरण के दौरान पशुओं में टैगिंग तथा उसका विवरण भारत पशुधन ऐप पर अंकित किया जाएगा। इसके अलावा जनपद में सीमावर्ती विकास खण्डों एवं ग्रामों में टीकाकरण का कार्य प्रारंभ करते हुए अन्य विकास खण्डों व गांवों में टीकाकरण किया जाएगा। जिन पशुओं को प्रथम बार टीकाकरण किया जा रहा है उनको एक माह बाद बूस्टर खुराक भी लगाई जाएगी। चार माह से कम उम्र के पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जाएगा। आठ माह से ऊपर गर्भस्थ पशुओं का भी टीकाकरण नहीं किया जाएगा। इन छूटे हुए पशुओं का समय के अनुसार बाद में टीकाकरण किया जाएगा।

### प्रदर्शनकारी शिक्षक अरविंद चौधरी को बीएसए ने किया निलंबित, खंड शिक्षा अधिकारी छजलैट विकास कुमार को सौंपी जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (मुरादाबाद)।** मुरादाबाद में किला तिराहे पर अहमद जान थिरकवा की प्रतिमा की स्थापना के विरोध में प्रदर्शन करने वाले कंपोजिट विद्यालय मुस्तफापुर डिलारी के सहायक अध्यापक अरविंद चौधरी को बीएसए विमलेश कुमार ने निलंबित कर दिया है। शिक्षक के खिलाफ बुधवार को सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी छजलैट को जांच सौंपी है। निलंबन आदेश जारी करते हुए बीएसए विमलेश कुमार ने कहा कि अरविंद चौधरी पर सरकारी कर्मचारी होते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के लिए सुनियोजित तरीके से भीड़ एकत्र कर साजिश करने, कार्यस्थल पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को जातिसूचक शब्द कहने, धमकाने, नगर आयुक्त को गालियां देने जैसे गंभीर आरोप हैं।निलंबन की अवधि में उन्हें उच्च प्राथमिक विद्यालय चटकाली ब्लॉक डिलारी से संबद्ध किया गया है।

### एएमयू में पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन आज 21 दिसम्बर को होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के भूमि एवं उद्यान विभाग की वार्षिक ह्यगुलदाउदी, कोलियस एवं गुलाब प्रदर्शनी-2024 21-22 दिसंबर को गुलिस्तान-ए-सैयद में आयोजित की जा रही है।

भूमि एवं उद्यान विभाग के प्रभारी सदस्य प्रोफेसर जकी अनवर सिद्दीकी ने बताया कि मुख्य अतिथि एएमयू कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी, रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान व वित्त अधिकारी प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान उद्घाटन कार्यक्रम के मानद् अतिथि होंगे। जबकि पूर्व कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज 22 दिसंबर को दोपहर 3 बजे विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे। परीक्षा कंट्रोलर डा. मुजीबउल्ला जुबैरी व क्षेत्रीय वन्य अधिकारी अलीगढ़ धनराज मीणा कार्यक्रम के मानद् अतिथि होंगे। प्रोफेसर सिद्दीकी ने कहा कि यह प्रदर्शनी सभी स्थानीय संस्थाओं, स्कूलों और कॉलेजों, क्लबों, सोसायटियों और व्यक्तियों के लिए 22 दिसम्बर रविवार तक खुली रहेगी।

## गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के लिए संचालन समिति गठित, मंडल के 358 कॉलेज होंगे संबद्ध, नए सत्र से विश्वविद्यालय में शुरू होंगे दाखिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद से मंडल के 358 कॉलेज संबद्ध होंगे। कुलपति का कहना है कि नए सत्र से मुरादाबाद विश्वविद्यालय में ही दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसकी तैयारियों व योजना के लिए शुक्रवार को लखनऊ में बैठक होगी। वहीं पांच सदस्यीय विश्वविद्यालय संचालन समिति का गठन भी कर दिया गया है।

कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी और रजिस्ट्रार शशि भूषण ने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह और रजिस्ट्रार संजीव सिंह के साथ बरेली में बैठक की थी। कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने बताया कि बरेली विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उन्हें मुरादाबाद विश्वविद्यालय से संबद्धता के लिए मंडल के 358 कॉलेजों की सूची दी है। संबद्धता का कार्य तेजी से किया जा सके, इसके लिए बरेली विश्वविद्यालय से 30 शिक्षकों और कर्मचारियों का स्टाफ आ रहा है। इसके साथ ही एक समन्वय समिति का गठन किया जाएगा, जो संबद्धता का काम देखेगी।उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने सकारात्मक रुख अपनाया है। विवि संचालन में आने वाली चुनौतियों और उसके समाधान पर चर्चा हुई। अगले सत्र से मुरादाबाद विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के दाखिले लिए जाएंगे। इन विद्यार्थियों की परीक्षा भी गुरु जंभेश्वर विवि के माध्यम से आयोजित की जाएंगी। इससे विद्यार्थियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

वहीं विश्वविद्यालय के संचालन के लिए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. डॉ. संध्या रानी शाक्य ने संचालन समिति का गठन किया है। इस समिति में उन्होंने जेएस हिंदू कॉलेज अमरोहा के प्राचार्य प्रो. डॉ. वीर वीरेंद्र सिंह, आरएसएम कॉलेज धामपुर बिजनौर के एसो. प्रो. कृषि अर्थशास्त्र डॉ. ओम प्रकाश मौर्य, राजकीय रजा कॉलेज रामपुर से असि. प्रो. बीएड डॉ. अरविंद कुमार, रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय से असि. प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा डॉ. अजय कुमार, केजीके कॉलेज के असि. प्रोफेसर समाजशास्त्र डॉ. ऋतुराज यादव को शामिल किया है।

## एएमयू टीपीओ ने एएमयूओबीए, रियाद के कार्यक्रमों में भाग लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन (एएमयूओबीए), रियाद, सऊदी अरब द्वारा दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें ह्यब्रिजिंग एक्सीलेंसः कॉरपोरेट कनेक्ट विद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटीह्ल और एक विशेष कार्यक्रम, ह्यपाथवे टू एक्सीलेंसः एएमयू इनसाइट सेशनह्ल शामिल है, जिसका उद्देश्य एएमयू के पूर्व छात्र समुदाय, सऊदी अरब में कॉरपोरेट पेशेवरों और एएमयू छात्रों के बीच संबंध को मजबूत करना है। एएमयू के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी (जनरल) साद हमीद ने विशेष अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने एएमयू के प्लेसमेंट इकोसिस्टम का अवलोकन प्रस्तुत किया और एएमयू के पूर्व छात्रों की वैश्विक उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। उन्होंने एएमयू छात्रों की असाधारण क्षमता पर भी चर्चा की और उन विविध क्षेत्रों को रेखांकित किया, जिनमें वे योगदान दे सकते हैं।

उन्होंने भर्ती और सहयोग के अवसरों के बारे में कॉरपोरेट उपस्थित लोगों के प्रश्नों का भी समाधान किया।एएमयूओबीए रियाद के अध्यक्ष डॉ. इनामुल्लाह बेग, उपाध्यक्ष अब्दुल खल्लाक, महासचिव डॉ. सैयद अहद मुर्तजा अल्वी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने में एएमयू के पूर्व छात्रों की भूमिका और मध्य पूर्व में एएमयू के छात्रों और पूर्व छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की।

## उत्तर प्रदेश राज्य बीज उप समिति (औद्यानिक फसले) की 14वीं बैठक सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं अध्यक्ष राज्य बीज उप समिति (औद्यानिक फसलें) बी. एल. मीणा की अध्यक्षता में केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, तेलीबाग, लखनऊ में औद्यानिक फसलों की नवीन विकसित प्रजातियों को विमोचित करने हेतु गठित उ0प्र0 राज्य बीज उप समिति (औद्यानिक फसलें) की 14वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ की आम की 3, अमरूद की 1, बेल की 2, जामुन की 1 व परवल की 2, कुल 9 प्रजातियों का प्रस्तुतीकरण सम्बन्धित वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। इसी प्रकार आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या की बेल, बेर व हल्दी की 1-1 प्रजातियों को विमोचन हेतु सम्बन्धित वैज्ञानिकों द्वारा समिति के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। समिति के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा प्रस्तुतीकरण में उल्लिखित प्रजातियों की विशेषताओं के सम्बन्ध में प्रश्न किये गये, जिनका समाधान सम्बन्धित वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। अन्त में विचार-विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा उक्त सभी प्रजातियों को केन्द्रीय बीज समिति, भारत सरकार को विमोचित करने हेतु संस्तुति सहित प्रस्ताव प्रेषित करने पर सहमति व्यक्त की गयी।

बैठक में समिति के सदस्यों के साथ भारत सरकार के संस्थानों एवं कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

- **केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ ने आम, अमरूद, बेल, जामुन और परवल की नौ नई प्रजातियों का प्रस्तुतीकरण किया**
- **आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या ने बेल, बेर और हल्दी की एक-एक प्रजाति प्रस्तुत की**

**आयोजन** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा "स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना" के तहत...

# जीबीयू के 400 छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन का हुआ वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, में "स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना" के तहत जीबीयू के 400 चयनित छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रविन्द्र कुमार सिंहा और विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विश्वास त्रिपाठी एवं अन्य शिक्षकों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो रविन्द्र कुमार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, कि यह योजना उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी दक्षता के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह कदम छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साधनों से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जब यह योजना घोषित हुई थी उस वर्ष इस योजना में जीबीयू को शामिल नहीं किया गया था। स्वयं कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ जी के संज्ञान में लाया गया तत्पश्चात विश्वविद्यालय को इस योजना में शामिल किया गया और आज उसी प्रयास की वजह से आप सभी छात्र-छात्राओं को टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम हो रहा है। आप सभी को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बहुत बहुत बधाई। कार्यक्रम के दौरान गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विश्वास त्रिपाठी ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया और कहा कि डिजिटल युग में तकनीकी सशक्तिकरण शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। यह योजना छात्रों को आत्मनिर्भर और कौशलयुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।




इस योजना का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराकर उनकी डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देती है। यह योजना छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और डिजिटल संसाधनों तक सरलता से पहुंच प्रदान करती है। इस योजना की जब शुरूआत हुई थी तो उस समय मुख्यमंत्री एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा था कि युवाओं के सशक्तिकरण से ही राज्य और देश का भविष्य उज्जवल हो सकता है। यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश का हर युवा डिजिटल क्रांति का हिस्सा बने और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे।कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने उत्तर प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस पहल को अपने शिक्षा और कौशल विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

कार्यक्रम का समन्वयन प्रभारी छात्र कल्याण डॉ मनमोहन सिंह ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षकगण एवं क्रमचारी मौजूद रहे।

## महिला का अपहरण कर शादी का मामला: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ( सुदेश बिश्नोई ) ।** मामला थाना क्षेत्र के मधपुरी गांव का है वहां के धर्मबीर का कहना था कि उसकी पुत्री को उसके तहेरे भाई सोनाथ व प्रपौत्र आकाश पुत्र ओमराज 10 अक्टूबर को अपहरण करके ले गए थे। अपहरण में रोहित पुत्र चन्द्रपाल, गजराज पुत्र सोनाथ, सतपाल पुत्र मवासी, राजवीर पुत्र हेमराज, बन्टी पुत्र महिपाल, बबली पत्नी ओमराज निवासीगण ग्राम मधुपुरी उर्फ इनायतपुर, शीशपाल पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम दरियापुर थाना कांठ एवं अर्जुन पुत्र महेन्द्र निवासी रजपुरा बगिया सागर थाना छजलैट का पूरा हाथ है। सभी मुल्जिमान ने एक राय होकर उसकी पुत्री कविता व आकाश का विवाह आर्य समाज मन्दिर अकबरपुर बहरामपुर गाजियाबाद में होने का फर्जी प्रमाण पत्र बनाया और इस दस्तावेज के आधार पर मैरिज रजिस्ट्रार ऑफिसर गाजियाबाद के द्वारा जारी मैरिज रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी ले लिया।

इस प्रमाण पत्र के आधार पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद में कविता आदि बनाम सरकार रिट पर सुनवाई करने के बाद अदालत ने थाना अध्यक्ष थाना कांठ को उक्त प्रपत्रो की सत्य निष्ठा के सम्बन्ध में गहराई से जाँच करने। और प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करके जांच आख्या उच्च न्यायालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए इस पर एसपी के आदेश से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# अनुष्का सेन ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर ढाया कहर, एक्ट्रेस की खूबसूरती देखकर फैंस हुए फिदा

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर की ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। खुले बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। अनुष्का सेन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर दिलखोलकर अपना प्यार लूटाते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट जबरदस्त है। वो जब भी इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज शेयर करता है तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं।

# शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान, कब शुरू होगी शूटिंग ?



अभिनेता शाहिद कपूर को पिछली बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब प्रशंसा हुई। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। आने वाले दिनों में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे, जिनमें एक जाने-माने निमार्ता साजिद नाडियाडवाला की फिल्म नाम भी शामिल है।अब इस फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। आइए बताते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी। शाहिद और नाडियाडवाला की फिल्म 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल इस फिल्म के शीर्षक से पर्दा नहीं उठा है।इस फिल्म की शूटिंग 6 जनवरी, 2025 से शुरू हो जाएगी। विशाल भारद्वाज ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।एक्शन से भरपूर इस फिल्म में शाहिद की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है।इसके अलावा नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा जैसे सितारे भी फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे।

# ऑस्कर 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट हुई हिंदी फिल्म संतोष, लापता लेडीज को दी मात

ऑस्कर 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों का नाम जानने के लिए दुनियाभर के दर्शक बेहद उत्साहित थे। अब आखिरकार शॉर्टलिस्ट हुई फिल्मों की सूची जारी हो गई है।भले ही फिल्मी दुनिया के इस सबसे बड़े पुरस्कार समारोह में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजी गई आमिर खान और किरण राव की फिल्म लापता लेडीज नामांकन पाने से पहले ही रेस से बाहर हो गई हो, लेकिन हिंदी फिल्म संतोष ने जरूर बाजी मार ली है।

ऑस्कर 2025 में 15 फिल्में इंटरनेशनल फीचर फिल्म की श्रेणी में शॉर्टलिस्ट हुई हैं।इस सूची में आई एम स्टिल हीयर से लेकर, फ्लो और एमिलिया पेरेज जैसी फिल्में शामिल हैं।ऑस्कर में सुनीता रजवार और शहाणा गोस्वामी की फिल्म संतोष भी शॉर्टलिस्ट हुई है, लेकिन इस फिल्म को ब्रिटेन ने आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना था।भारत की ओर से इंटरनेशनल फीचर फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर भेजी गई लापता लेडीज रेस से बाहर हो गई है। संतोष ब्रिटेन की तरफ से ऑस्कर 2025 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म की दौड़ में शामिल है।इस फिल्म को बाफ्टा की तरफ से चुना गया था।संतोष का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी हो चुका है, जहां इसने जमकर वाहवाही लूटी थी।इसे ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म का निर्देशन संध्या सूरी ने किया है। इसे बनाने में ब्रिटिश निमार्ताओं का भी काफी सहयोग रहा है।



इस फिल्म में सुनीता और शहाणा मुख्य भूमिका में हैं। यह एक इंवेस्टिगेटिव थ्रिलर फिल्म है।कहानी की बात करें तो इसमें एक महिला (संतोष) है, जिसकी नई शादी हुई है, लेकिन पति के गुजर जाने के बाद उसकी पुलिस कांस्टेबल वाली नौकरी पत्नी को मिली है, जिसके बाद वह एक लड़की की हत्या की गुत्थी सुलझाती दिखती है।संतोष के किरदार में जहां शहाणा खूब जमीं, वहीं सुनीता ने भी अपने दमदार किरदार से फिल्म में जान डाल दी।

# कृति सेनन ने बताया शादियों में किस गाने पर झूमना उन्हें है पसंद

एक्ट्रेस कृति सेनन अपने खास दोस्त कबीर बहिया के साथ उनके रिश्तेदार की शादी में नजर आईं। अभिनेत्री ने बताया कि भारतीय शादियों में बजने वाला उनका सबसे पसंदीदा गाना कौन सा है? कृति ने इंस्टाग्राम पर सेरेमनी की कई तस्वीरें साझा कीं। जिसमें वह अलग-अलग आउटफिट में नजर आ रही हैं। इसमें से एक तस्वीर में वह अपने हाथों पर मेहंदी लगवाती हुई दिखाई दी। कृति ने कैप्शन में लिखा, भारतीय शादियों और सुखबीर के ओह हो हो हो पर डांस करने का कुछ अलग ही मजा है!

सोशल मीडिया पर अपने खास दोस्त के साथ तस्वीर सामने आने के बाद



यह चर्चा तेज हो गई थी कि क्या दोनों रिश्ते में हैं।

बता दें कि कृति और कबीर की डेटिंग की अफवाहें तब शुरू हुईं, जब उनकी एक साथ ट्रिप की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। दोनों ने अपने रिश्ते की अफवाहों को न तो स्वीकार किया है और न ही नकारा है। हाल ही में अभिनेत्री ने यूके स्थित व्यवसायी कबीर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए एक तस्वीर साझा की थी। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो कबीर! आपकी मासूम मुस्कान हमेशा बनी रहे!वर्क फ्रंट की बात करें, तो कृति तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, क्रू और दो पत्ती जैसी फिल्मों में अपनी अदायगी से सबका दिल जीत चुकी हैं। हाल ही में आई दो पत्ती एक मिस्ट्री थ्रिलर थी। जिसका निर्देशन शशांक चतुर्वेदी ने किया तो स्टोरी कनिका ढिल्लों ने लिखी। फिल्म में कृति डबल रोल में थीं। इसे अक्टूबर 2024 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। कृति अपनी बेबाकी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। इसी महीने कृति ने आईएफएफआई में यह कहकर चौंका दिया कि नेपोटिज्म के लिए सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री ही जिम्मेदार नहीं है।कृति ने कहा, बेशक इंडस्ट्री ने मुझे गले लगाया। इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि जब आप फिल्म बैकग्राउंड से नहीं होते हैं, तो आपको यहां तक पहुंचने के लिए बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जिन अवसरों की आप चाह रखते हैं, उन्हें पाने में भी वक्त लगता है। आपको मैगजीन के कवर पर आने में भी समय लगता है। इसलिए हर चीज में थोड़ा संघर्ष होता है। लेकिन अगर आप 2-3 फिल्मों के बाद भी कड़ी मेहनत करते रहें और उसी में लगे रहें, तो कोई भी चीज आपको रोक नहीं सकती।

# हिचकी से राहत पाने के लिए इन 5 तरीकों से इस्तेमाल करें डिल सीड ऑयल

हिचकी आना एक आम समस्या है, जो कभी भी और कहीं भी हो सकती है। इससे निपटने के कई तरीके हैं, लेकिन क्या आपने कभी डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करने के बारे में सोचा है? यह एसेंशियल ऑयल प्राकृतिक रूप से हिचकी को रोकने में मदद कर सकता है। डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करके आप हिचकी से राहत पा सकते हैं।आइए इसके कुछ खास इस्तेमाल और तरीके जानते हैं, जिनसे आप



इसे आजमा सकते हैं।

**डिल सीड ऑयल की मालिश करें**

हिचकी आने पर पेट पर हल्की मालिश करना बहुत फायदेमंद हो सकता है।इसके लिए आप डिल सीड तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तेल को हल्का गर्म करके पेट पर गोलाकार गति में मालिश करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और हिचकी कम होगी।यह उपाय न केवल हिचकी को रोकने में मदद करता है, बल्कि पेट की अन्य समस्याओं से भी राहत दिला सकता है।

**पानी में मिलाकर पिएं**

डिल सीड ऑयल को पानी में मिलाकर पीना भी एक अच्छा उपाय है।इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में 2-3 बूंदें डिल सीड ऑयल की डालें और धीरे-धीरे पिएं।यह उपाय आपके पाचन तंत्र को शांत करेगा और हिचकी से राहत दिलाएगा। इससे आपके पेट की मांसपेशियों को भी आराम मिलेगा, जिससे हिचकी जल्दी ठीक हो सकती है। इस विधि का उपयोग करने से आपको तुरंत राहत मिल सकती है और यह पूरी तरह से प्राकृतिक तरीका है।

**भाप लें**

भाप लेना भी हिचकी रोकने का एक असरदार तरीका हो सकता है।इसके लिए एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें 2-3 बूंदें डिल सीड तेल डालें। अब इस पानी से निकलने वाली भाप को अपने मुंह और नाक से अंदर लें।इससे आपकी सांस लेने की प्रक्रिया सुधरेगी और हिचकी कम होगी। यह उपाय आपके श्वसन तंत्र को भी आराम देगा और आपको तुरंत राहत मिलेगी।

**चाय बनाएं**

आप चाहें तो डिल सीड तेल की चाय भी बना सकते हैं।लाभ के लिए एक कप गर्म पानी में 2-3 बूंदें तेल की डालकर इसे अच्छे से मिलाएं और धीरे-धीरे पिएं।यह चाय आपके शरीर को आराम देगी और हिचकी दूर करेगी। इस चाय का सेवन करने से न केवल हिचकी में राहत मिलेगी, बल्कि यह आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाएगी और आपको ताजगी का अनुभव होगा।

# कैसे की जाती है बियर प्लैंक एक्सरसाइज? जानिए एक्सरसाइज का अभ्यास और फायदे



बियर प्लैंक एक प्रभावी एक्सरसाइज है, जो शरीर को कई लाभ प्रदान करने में मदद कर सकती है।यह एक्सरसाइज न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, बल्कि पूरे शरीर की ताकत और संतुलन में भी सुधार करता है।इसे करने के लिए किसी विशेष उपकरण की आवश्यकता नहीं होती, जिससे इसे कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है।यह सरल एक्सरसाइज आपकी फिटनेस दिनचर्या में आसानी से शामिल की जा सकती है।

**बियर प्लैंक कैसे करें?**

बियर प्लैंक करने के लिए सबसे पहले अपने हाथों और घुटनों पर आ जाएं, फिर घुटनों को जमीन से थोड़ा ऊपर उठाएं ताकि आपका शरीर एक सीधी रेखा में हो।ध्यान रखें कि पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हुआ हो। इस स्थिति में 30 सेकंड से 1 मिनट तक रहें। अगर आप इसे पहली बार कर रहे हैं तो शुरूआत में कम समय तक करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। इससे आपकी कोर मांसपेशियां मजबूत होंगी।

**बियर प्लैंक करने से मिलने वाले फायदे**

बियर प्लैंक करने से आपके पेट, कंधे, पीठ और पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।यह एक्सरसाइज आपके संतुलन और स्थिरता को बेहतर बना सकती है, जिससे रोजमर्रा के कामों में आसानी होती है।इसके अलावा यह आपकी मुद्रा सुधारने में भी मदद करता है। बियर प्लैंक करने से शरीर की स्थिरता बढ़ती है और चोट लगने का खतरा कम होता है।यह एक्सरसाइज आपकी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने में सहायक होता है।

**बियर प्लैंक करते समय सावधानियां**

बियर प्लैंक करते समय ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और कूल्हे नीचे न झुकें। अगर आपको पीठ या कंधे में दर्द महसूस हो तो तुरंत रुक जाएं और आराम करें।शुरूआत में इसे कम समय तक करें, जैसे 20-30 सेकंड, और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। इस एक्सरसाइज को करते समय सांसों पर ध्यान दें और पेट की मांसपेशियों को कसकर रखें।इससे आपकी कोर मांसपेशियां मजबूत होंगी और चोट लगने का खतरा कम होगा।

**बियर प्लैंक के साथ की जा सकती हैं ये अन्य एक्सरसाइज**

बियर प्लैंक के साथ आप साइड प्लैंक, माउंटेन क्लाइंबर्स या लेग रेज जैसी एक्सरसाइज कर सकते हैं। ये सभी एक्सरसाइज मिलकर आपके कोर को मजबूत बनाने का काम करेंगे।इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप बेहतर परिणाम पा सकते हैं।इस प्रकार बियर प्लैंक एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है अपनी फिटनेस बढ़ाने का। इसे नियमित रूप से करें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# धार्मिक फिल्मों के निर्माण से बदलेगी हिंदी सिनेमा की तस्वीर-कन्हैया लाल राठौर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (राजू बोहरा)।** जहां एक तरफ पूरे देश भर में "पुष्पा 2" फिल्म के रिलीज होने के बाद हिंदी सिनेमा के वर्तमान एवं भविष्य को लेकर एक नई बहस चल रही है। देश के बॉक्स ऑफिस पर हिंदी सिनेमा के गिरते स्तर और साउथ के सिनेमा के बढ़ते वर्चस्व के बीच दिल्ली के जाने-माने लेखक एवं निर्देशक कन्हैया लाल राठौर "मेरा एक ही सहारा" हिंदी धार्मिक फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं। राठौर का कहना है कि पिछले लगभग तीन दशक से हिंदी सिनेमा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। फिल्मों का कथानक भारतीय साहित्य एवं संस्कृति से लगातार दूर होने के कारण दर्शकों से अपना सीधा संबंध नहीं बना पा रहा। इसी कारण से हिंदी सिनेमा लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा। एक समय था जब भारतीय सिनेमा भारतीय कथानकों से भरा हुआ था और साथ ही साथ सनातन परंपराओं पर आधारित फिल्मों का निर्माण भी लगातार किया जा रहा था। निर्देशक राठौर का कहना है कि धार्मिक फिल्मों के निर्माण से बदलेगी हिंदी सिनेमा की तस्वीर।

राठौर अपनी फिल्म "मेरा एक ही सहारा"के माध्यम से देश में एक बार फिर से धार्मिक एवं आध्यात्मिक फिल्मों का दौर लाना चाहते हैं। "मेरा एक ही सहारा" खाटू श्याम पर आधारित होगी जिन पर लाखों करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था है। फिल्म भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं को दशार्ते हुए वर्तमान में युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ने का काम करेगी। निर्देशक के एल राठौर के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं देश के अलग-अलग राज्यों में की जाएगी। वर्ष 2025 में देश के अलग-अलग राज्यों के सिनेमाघर में फिल्म को रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म युवाओं को अपनी संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से जोड़ते हुए उन्हें सकारात्मक मार्ग पर चलने का संदेश देने का काम करते हुए युवाओं में सकारात्मक भावों को पैदा करने में एक अहम भूमिका निभाएगी।



**यह कहना है खाटू श्याम पर आधारित बनने जा रही फिल्म के लेखक एवं निर्देशक के एल राठौर का**


# 2 सितंबर को ब्लैकमेल करके वसूले गए थे 99800, स्क्रीनशॉट पर पुलिस ने नहीं दिया ध्यान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी ।** हाइप्रोफाइल मामले में पुलिस गांधी जी के आगे नतमस्तक है। गांधी जी के दवाब में पुलिस दीदी यह भी भूल गईं कि मामले में पीड़ित एक परिवार नहीं बल्कि दोनों परिवार हैं। वीडियो दोनों की वायरल हुई हैं। जिससे दोनों ही परिवारों

## आखिर किस बात के थे वसूले गए रुपए


को बदनामी का दंश झेलना पड़ा। बल्कि पुलिस ने जिस पक्ष की तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष पर तीन तीन मुकदमें लाद दिए उस पक्ष की वीडियो पहले वायरल हुई थी। वो वीडियो आखिर किसने वायरल की और किस मोबाइल से वायरल की गई । उस मोबाइल की जांच करना भी पुलिस ने उचित नहीं समझा। न ही यह पता लगाने का प्रयास किया कि आखिर वह मोबाइल किसका था अगर पुलिस उस मोबाइल के स्वामी का नाम पता निकालकर उस पर कार्यवाही करती थी तो शायद इस मामले में पुलिस की इतनी फजीहत नहीं होती। हालांकि इस मामले में जिले के एक पुलिस अधिकारी की बहुत अच्छी भूमिका है वरना तिल का ताड़ बनाने वाली पुलिस गांधी जी की जय बोल कर आरोपित पक्ष को कब का जेल भेज चुकी होती। मामला बड़ा है तो जाहिर सी बात है मामले में कई बड़े सवाल भी होंगे। अब शुरू करते हैं अनसुलझे सवाल जिसका जवाब हर कोई जानना चाहता है। जब पहली वीडियो आरोपित पक्ष की ही वायरल हुई तो उस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर पर मुकदमा क्यों दर्ज नहीं किया ?




आरोपित पक्ष के मुख्य आरोपित अंकुश के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर उसके साथ लूट की जिसकी तहरीर उसने उसी दिन ब्रह्म बाजार चौकी पर दी तो वहां पुलिस ने ढिलाई क्यों बरती और मुकदमा पंजीकृत क्यों नहीं किया ? आखिर वह कौन पुलिसकर्मी था जिसने पीड़ित पक्ष को यह कहकर चलता कर दिया कि दूसरी पार्टी पैसे वाली है और कुछ नहीं होगा ? आखिर वह तहरीर कहां गई जिसका जिक्र अंकुश और राधिका दोनों ने अपने बयानों में किया है? आखिर 30 सितंबर को रात की ब्रह्म बाजार पुलिस चौकी पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कहां है ? राधिका ने भी दूसरे पक्ष पर गैंग रेप सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं उन आरोपों की जांच क्यों नहीं की गई ? 2 सितंबर को राधिका ने अपने पेटीएम से जिस मोबाइल नंबर पर 99800 रुपए डाले वह नंबर किसका था और वह पैसे किस बात के डाले गए इस बात को पुलिस ने आखिर जानने की कोशिश क्यों नहीं की? क्या यह रकम ब्लैकमेलिंग की थी जैसा राधिका ने आरोप लगाया? क्या कभी पहले भी राधिका और दूसरे पक्ष में इस तरह का कोई लेन देन हुआ है अगर नहीं तो फिर 99800 रुपए आखिर किस बात के थे? अभी ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब मिलना बाकी है और हम लगातार सच्चाई को उठाते रहेंगे। जो दोषी होगा उसे सजा मिलनी चाहिए लेकिन प्रत्येक दोषी को, गांधी जी भी उसे न बचा पाएं और निर्दोष जेल नहीं जाना चाहिए जोकि सरकार की पहली प्राथमिकता है। फिलहाल सूत्रों के हवाले से खबर है कि मामले में दो चार दिन में कुछ बड़ा होने वाला है।

# एसडीएम की मां के निधन पर शोक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**जेवर ।** जेवर तहसील मे तैनात एसडीएम अभय सिंह की माता का गुरुवार को उनके घर पर हृदय गति रूकने से निधन हो गया। जिसपर अधिकारियों, तहसील कर्मचारियों व वकीलों ने शुक्रवार को दो मिनट का धारण कर उनको श्रद्धांजलि दी। एसडीएम अभय सिंह की माता उर्मिला देवी (79) का गाजीपुर स्थित उनके घर पर निधन हो गया। जिसपर एसडीएम अभय कुमार सिंह छुट्टी लेकर अपने घर चले गए। इससे तहसील मे शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को अधिकारियों, तहसील कर्मचारियों व वकीलों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धरण कर उनको श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक विवेक सिंह भदौरिया, एसीपी सार्थक सेंगर, कोतवाली प्रभारी संजय सिंह, अधिवक्ता नरेन्द्र पाल सिंह, चौधरी विजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र छौंकर, यादवेन्द्र जैन, जैद फारूखी, दीपक छौंकर, संजीव चौधरी, बहादुर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जया बच्चन का भाजपा सांसदों पर तंज, बोलीं- सारंगी जी नाटक कर रहे, ऑस्कर मिलना चाहिए



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद परिसर में गुरुवार को भाजपा और विपक्षी सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की में घायल भाजपा सांसदों को लेकर समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने तंज कसा और इसे नाटक बताया। उन्होंने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, सारंगी जी नाटक कर रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन में ओडिशा में क्या-क्या किया था। ये सब बेकार है। हम लोग संसद के अंदर जा रहे थे, ये लोग (भाजपा) हम लोगों को अंदर नहीं जाने दे रहे थे।

राज्यसभा सांसद ने आगे कहा, अगर आपको सीढ़ियों से ऊपर चढ़ना है, तो सारी सीढ़ियों पर मोटे-मोटे लोग खड़े थे। अगर वो गिरेंगे तो दूसरे को तो लगेगा ही। मैं आपको बताऊं, मुकेश राजपूत जी, प्रताप सारंगी जी और नागालैंड की महिला सांसद हैं, इससे बढ़िया अभिनय तो मैंने अपनी जीवन में नहीं देखी। इनको ऑस्कर तो मिलना ही चाहिए, साथ ही जितने भी अवार्ड हैं एक्टिंग के, ये सब इनको मिलने चाहिए। अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। तभी भाजपा सांसद भी प्रदर्शन करने पहुंच गए।इस दौरान संसद में प्रवेश करते समय भाजपा सांसदों और विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की हुई। इसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हुए हैं।उन्होंने राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप लगाया, जिस पर राहुल ने सफाई दी है। नागालैंड की महिला सांसद ने राहुल पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।

# योजना के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा की गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर!** जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आहूत समीक्षा बैठक में डूडा द्वारा जनपद की 17 नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, दीनदयाल अंत्योदय योजना के विभिन्न घटक एवं प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि, अमृत योजना, शक्ति रसोई एवं मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना की प्रगति समीक्षा तथा योजना के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा की गई तथा परियोजना अधिकारी डूडा एवं जनपद में योजना का कार्य कर रही कंसलटेंट पीएमसी संस्था के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जिलाधिकारी द्वारा परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया गया कि कि भविष्य में डूडा द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक रखा जाए। समस्त योजनाओं के लक्ष्य को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ परियोजना निदेशक डूडा डॉ.प्रशांत कुमार, परियोजना अधिकारी डूडा रजनी सिंह, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का कार्य कर रही कंसलटेंट पीएमसी संस्था के क्लस्टर हेड सुनील ढल जिला समन्वयक उज्जवल गिरी तथा शहर मिशन प्रबंधक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# उपभोक्ताओं के आने तक बिलिंग काउन्टर खोले जाएं : ऊर्जा मंत्री एके शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा शुक्रवार को अपराह्न 02:00 बजे चिनहट के शिवपुरी स्थित 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र पहुंचकर एकमुश्त समाधान योजना अन्तर्गत लगे शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओटीएस

## ओटीएस का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता बिचौलियों से रहें सावधान

रजिस्टर और बिलिंग काउन्टर का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर मौजूद उपभोक्ताओं से उनकी समस्याओं और ओटीएस योजना का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की परेशानी पर जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एकमुश्त समाधान योजना से बकायेदार उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न आए और योजना के बारे में अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार-प्रसार भी किया जाए, उपभोक्ताओं के आने तक बिलिंग काउन्टर खोले जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की ओटीएस का लाभ लेने के लिए जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करायें और ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें।






ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत उपकेन्द्र में मौजूद उपभोक्ताओं से ओटीएस योजना के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार उनके बकाये विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट के लिए एक बार फिर से एकमुश्त समाधान योजना को 15 दिसम्बर से लागू किया जिसका प्रथम चरण अभी चल रहा है। योजना के प्रथम चरण में सभी प्रकार के विद्युत उपभोक्ताओं को सर्वाधिक छूट मिल रही है। शुक्रवार तक इसके तहत 3.72 लाख उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और योजना के तहत दी जा रही छूट का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रथम चरण में 01 किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को उनके पांच हजार रुपये के मूल बकाये के एकमुश्त भुगतान पर अधिभार में शतप्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट मिल रही है। 01 किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को उनके पांच हजार रुपये से अधिक के मूल बकाये के एकमुश्त भुगतान पर अधिभार में 70 शतप्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत की छूट मिल रही है। 01 किलोवाट भार से अधिक के घरेलू उपभोक्ताओं तथा वाणिज्यिक, निजी संस्थानों, लघु एवं मध्यम उद्योग के सभी भार वाले उपभोक्ताओं को उनके मूल बकाये के एकमुश्त भुगतान पर अधिभार में 60 प्रतिशत तथा किस्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत 30 सितम्बर 2024 तक बकाये बिलों के अधिभार में छूट की योजना प्रदान की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं को अगाह करते हुए कहा कि किसी को भी बिचौलियों के झांसे में नही आना है। सभी लोग अपने बकाये बिलों के भुगतान के लिए योजना के तहत दी गई व्यवस्था का पालन करें। योजना के पहले चरण का 10 दिन और बाकी है। पहले चरण में सभी श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं को उनके बकाये बिलों के सरचार्ज में सबसे ज्यादा छूट मिल रही है।

# पत्रकारों का शोषण नहीं होने देगी ऐप्जा : अनुराग सारथी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (सददाम खान)।** ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट ऐसोसिएशन ऐप्जा संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने बरेली में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में आज बरेली व आँवाला तहसील के पत्रकारों से मुलाकात कर उनको ऐप्जा का सदस्य बनाया सदस्यता लेने वालों में दुष्यंत सिंह सद्दाम खान सूरज सागर आमिर खान रोहित वर्मा सहित अन्य पत्रकार साथी भी शमिल रहे इस मौके पर संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा की ऐप्जा प्रदेश में एकमात्र ऐसा संगठन है जिसमें 5000 से अधिक पत्रकार जुड़े हुए हैं ऐप्जा संगठन पत्रकारों के लिए जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ रहा है बहुत जल्द ही संगठन पत्रकारो के लिए कोट कहचरी की लडाई लडने का काम करेगा।



# रिश्वत लेते हुए बिजली विभाग का अवर अभियंता गिरफ्तार, नया मीटर लगाने के नाम पर मांगे थे पैंतीस हजार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रामपुर ।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन लगातार रिश्वतखोरों पर लगाम कसने की कार्यवाही कर रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर रिश्वत मांगने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। शुक्रवार को भी भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई द्वारा गठित टीम ने बिजली विभाग के अवर अभियंता को 35 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इससे विभाग के अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। टीम आरोपित को अपने साथ ले गई। नासिर पुत्र भूरे निवासी ग्राम भजनपुर तहसील शाहबाद थाना सेफनी जनपद रामपुर द्वारा भ्रष्टाचार निवारण संगठन को शिकायत की गई कि उनके क्षेत्र का जेई पुराना मीटर हटाने और उसके स्थान पर नया मीटर लगाने के नाम पर 35 हजार रुपए की मांग कर रहा है। जिसके बाद संगठन द्वारा एक टीम का गठन किया गया और पीड़ित को 35 हजार रुपए रिश्वत देने के लिए दे दिए गए। जिसके बाद टीम ने शुरवार को भूड़ा गेट मोड के पास लतीफी चाय एंड कोल्ड ड्रिंक स्टोर की दुकान के सामने आरोपित की निजी स्विफ्ट डिजायर के अंदर लगभग 1:30 बजे आरोपित को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विकास संतोषी संप्रति अवर अभियंता बताया। आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है।

# 20 दिन बाद कैमरे में कैद हुआ बाघ, पर अभी भी वन विभाग की पकड़ से कोसों दूर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** राजधानी के रहमान खेड़ा क्षेत्र में करीब 20 दिन पहले दूसरे जनपदों से भटक कर आया बाघ धीरे-धीरे वन विभाग के लिए सिर दर्द बनता जा रहा है क्योंकि आसपास के गांवों में उसके पद चिन्ह देखे जाने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बढ़ता जा रहा है बावजूद इसके जाड़े की वजह से बचने के लिए गांव के किसान जंगल में महिलाओं और बच्चों के साथ लकड़िया तोड़ने जाते हैं इसके अलावा बकरियों और भैंसो को चराने के लिए भी जंगल में जाते हैं। वन विभाग द्वारा आसपास के ग्राम मीठे नगर, दुगौली, सहिलामऊ, उलरापुर, खालिसपुर ,नई बस्ती ,रहमतनगर, रहमान खेड़ा, हाफिस खेड़ा, टिकैत गंज, हलवापुर आदि गांवों में लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है बावजूद इसके जंगल में जाना लोगों की मजबूरियां हैं।

प्रभागीय वनाधिकारी लखनऊ सितांशु पांडे ने बताया कि वन विभाग की टीम में अभी तक 30 लोग लगे हुए हैं जो बाघ की निगरानी करने के अलावा सुरक्षित पकड़ने के लिए भी प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक लखनऊ जनपद के अधिकारियों के अलावा डब्लू टी आई की टीम के साथ ही सीतापुर और लखीमपुर खीरी के एक्सपर्ट भी बुलाए गए हैं जो इस टीम का हिस्सा है अभी तक इतने लोगों को ही पकड़ने के लिए पर्याप्त समझा जा रहा है यदि आवश्यकता पड़ी तो यह संख्या कई गुना तक बढ़ाई भी जा सकती है। इसके अलावा आज वन विभाग के कमरे में पहली बार बाघ कैद हुआ है।डी एफ ओ के अनुसार बाघ हमेशा पानीपुरी के नजदीक ही अपना ठिकाना बनाता है और शिकार करने के लिए इधर-उधर जाता है लेकिन आसपास बहुत शांति से शिकार करता है जिससे दूसरों को पता नहीं चलता है कि आसपास कहीं बाघ है भी।

**जंगल में सड़े मांस की गंध से पता चलता है कि बाघ कहीं नजदीक है**

दूसरी ओर मीठे नगर निवासी चंद्र मोहन ने जंगल में लकड़ी तोड़ते हुए कहा कि बाघ हमेशा पानी के आसपास ही रहता है और यदि वह जंगल में दूसरी जगह जाएगा तो आसपास मांस की गंध आने लगती है और उसके आसपास जंगल में आने से चिड़ियों का चहचहाना, अन्य जानवरों का इधर-उधर तेजी से भागना यह बताता है कि कोई उनके लिए खतरा उत्पन्न हो गया है । ऐसी स्थिति देखकर उनके जानवर और वह लोग भी जंगल से बाहर शोर गुल करते हुए भाग जाते हैं।

**अपनी कमियां छुपाने के लिए संस्थान पत्रकारों को अंदर जाने की अनुमति नहीं दे रहा**

अपनी कमियां और चोरियां छिपाने के लिए केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा के अधिकारी सभी पत्रकारों को अंदर नहीं जाने देते हैं काफी बहस के बाद आज कुछ लोगों को अंदर जाने दिया था जबकि वन विभाग ने कभी मना नहीं किया इससे साफ पता चलता है कि संस्थान अपनी कमियों को छुपाने के लिए ही पत्रकारों को अंदर नहीं आने दे रहा है। संस्थान के चारों ओर जो तार की बाउंड्री है वह कई जगह से टूटी हुई है जिसकी मरम्मत लंबे समय से नहीं कराई गई है जिससे संस्थान के अंदर बाहरी व्यक्तियों एवं जानवरों का प्रवेश हर समय होता रहता है अंदर नीलगाय काफी मात्रा में देखी जा रही हैं इसके अलावा सूअर भी काफी मात्रा में अंदर और बाहरी जंगल में रहते हैं जो कभी-कभी किसानों के खेतों में भी नुकसान पहुंचाते हैं। संस्थान के पूर्वी हिस्से में मीठे नगर में बेहता नाले के किनारे भैंस चरा रहे थे उन लोगों ने बताया कि इन टूटी हुई जालियों से ही बाघ भी अंदर और बाहर आता जाता रहता है इन्हीं रास्तों से अंदर जाकर कई लोग फल, चारा और लकड़ियां तोड़ने के लिए लोग संस्थान के अंदर चले जाते हैं और उन्हीं रास्तों से बाहर भी आ जाते हैं। अगर ऐसी स्थिति है तो संस्थान में इतने गार्ड लगाने की क्या जरूरत है जिससे हर साल लाखों रुपए का नुकसान हो रहा हो यदि सुरक्षा गाड्र्स की संख्या काम कर दी जाए तो भी यही हाल रहेगा।

**आक्रोश**

## अधिवक्ताओं ने पैदल मार्च कर किया प्रदर्शन, आज तहसील गेट पर गरजेंगे अधिवक्ता

# दिनदहाड़े अधिवक्ता की हत्या को लेकर अधिवक्ता आक्रोशित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**चंदौसी।** शुक्रवार को तहसील वार एसोससियेशन के अधिवक्ताओं द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें कहा गया कि उनके साथी अधिवक्ता सत्यपाल सिंह राणा बहजोई के निकटवर्ती गांव कनेटा के रहने वाले जिनको अज्ञात बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जिस पर तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। साथ ही तहसील बार का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला तो परिवार के सदस्यों ने बताया कि अभियुक्तगणों की ओर से उन्हें लगातार धमकी मिल रही है जिससे पीड़ित परिवार भयभीत है इस सम्बन्ध में प्रतिनिधि मंडल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें अवगत कराया गया था। उसके बाद भी अभी तक कोई सुरक्षा पीड़ित परिवार को प्रदान नहीं की गई है। जिसको लेकर सभी अधिवक्ताओं में भारी रोष है। जिस पर तहसील बार के सभी अधिवक्ता एकत्रित हुए और अधिवक्ता सतपाल सिंह राणा की हत्या को लेकर पैदल जोरदार प्रदर्शन करते हुए तहसील से बदायूं चुंगी पहुंचे और वापस तहसील पहुंचे और तहसील बार का एक प्रतिनिधि मंडल उप जिलाधिकारी नीतू रानी से मिला और घटना को अवगत कराते हुए।कहा कि शनिवार को तहसील कार्यालय के मुख्य द्वार पर शांतिपूर्ण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं रजिस्ट्री कार्यालय भी पूर्ण रूप से बंद किया जाएगा।



# लोक सेवा आयोग द्वारा प्रशिक्षण एस.एम. कॉलेज में हुआ संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश प्रवर अधीनस्थ प्रा0 परीक्षा 2024 जो 22 दिसंबर को प्रस्तावित है के संबंध में एस एम इंटर कॉलेज में कक्षा अंतरिक्षको का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। उक्त परीक्षा दो पालियो में संपन्न होगी। प्रथम पाली 9:30 से 11:30 व दूसरी पाली 2:30 बजे से 4:30 तक होगी प्रशिक्षण के दौरान छात्रों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस व आई स्कैनिंग के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण मनोज कुमार प्रवक्ता, राजेश गुप्ता, केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट धीरेंद्र सिंह तहसीलदार द्वारा दिया गया। इस अवसर पर गोपाल बाबू वार्ष्णेय व योगेश बाबू अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक नेमचंद गणेश सिंह एक सिंह रूपेश कुमार राम प्रकाश तथा विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267